फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 162 प्रभात जयपुर, मंगलवार 13 जनवरी, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**Killed in Action Pakistani Ki Zubani**

As a gunner Second Lieutenant, I was attending Basic Course at School of Artillery Nowshera, when out of nowhere, near Badrashi, I bumped into Mukhtiar. He was now a Naib Subedar posted to the Engineers Center at Risalpur

**Shaurya Sandhya, With The Setting Sun**

# ममता बनर्जी गिरफ्तार हो सकती हैं, ईडी की कार्रवाई में बाधा डालने के आरोप में

## ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी व प.बंगाल की पुलिस के खिलाफ अन्ततोगत्वा मुकदमा दर्ज किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। एन्फोर्समेंट डायरैक्टोरेट (ईडी) ने अन्ततोगत्वा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उन राज्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करवा दिए हैं, जो कोलकाता में प्रतीक जैन के आवास और आई-पैक के कार्यालयों पर हुई ईडी की छापेमारी के दौरान वहां पहुंचे थे।

ईडी ने ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यदि ये मामले अदालत में कायम रहते हैं, तो इससे उनकी तत्काल गिरफ्तारी संभव हो सकती है। पूरे देश में यह एक अभूतपूर्व घटना मानी जा रही है कि किसी सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री ने छापेमारी और जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया हो।

ईडी ने राज्य की मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें महत्वपूर्ण सबूतों को नुकसान पहुंचाने

- अगर, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की शिकायत को स्वीकार करते हुए निर्णय सुनाया तो ममता बनर्जी को सीधे जेल जाना पड़ेगा।
- ईडी ने सीबीआई से पूरे प्रकरण की जाँच कराने की भी मांग की है।
- दूसरी और पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ''केविएट'' फाइल की, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले राज्य सरकार का पक्ष भी सुने।
- जैसा कि विदित ही है, कंसलटैंसी कंपनी आई-पैक, जिसके ऑफिस पर ईडी ने रेड की, ने 2021 के प.बंगाल विधानसभा चुनाव और उसके बाद भी तृणमूल कांग्रेस की चुनाव की रणनीति फाइनल करने में अहम् भूमिका निभाई थी। प.बंगाल की मु.मंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक मंच से, आई-पैक के दफ्तर पर रेड के दौरान वहाँ पहुँचने और फाइलें ले जाने को सही बताते हुए कहा कि ईडी की रेड राजनीति से प्रेरित है।

और जांच में बाधा डालने के आरोप शामिल हैं।

गत सप्ताह ईडी ने आई-पैक के कार्यालयों और उसके स्थानीय प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर रेड की थी। रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और कथित तौर पर वहां से महत्वपूर्ण सबूत अपने साथ ले गईं।

ईडी एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के लीज क्षेत्र से कोयले की चोरी और उसे चुनिंदा खरीदारों को बेचने से जुड़ी शिकायतों की जांच कर रही है। इस अवैध आय को हवाला चैनलों के जरिए बाहर भेजा गया और बाद में वापस लाया गया। ईडी पहले ही हवाला लेनदेन को लेकर गंभीर आरोप लगा चुकी है और उसके पास इससे जुड़े अहम सबूत और जानकारी मौजूद हैं।

कानून के तहत किसी जांच एजेंसी की रेड में हस्तक्षेप करना एक संज्ञेय अपराध है। किसी लोक सेवक के कार्य में बाधा डालना कानून का उल्लंघन माना जाता है और इसमें हस्तक्षेप करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप बने वेनेज़ुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति!

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। सोशल मीडिया पर डाली गई एक तस्वीर, जो एडिट किए गए विकिपीडिया पेज जैसी दिखती है, में ट्रंप की आधिकारिक फोटो लगाकर उन्हें ''वेनेज़ुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति'' बताया गया है।

असल विकिपीडिया पेज पर ट्रंप को वेनेज़ुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति नहीं बताया गया है और न ही किसी

- ट्रंप ने सोशल मीडिया पर जारी एक फोटो में खुद को वेनेज़ुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है।

अंतरराष्ट्रीय संस्था ने इस दावे को मान्यता दी है।

यह पोस्ट अमेरिका द्वारा मौजूदा वेनेज़ुएला राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर हटाने के बाद सामने आई। मादुरो को उनकी पत्नी के साथ न्यूयॉर्क ले जाया गया है, जहां उन्हें संघीय ड्रग तस्करी के आरोपों का सामना करना होगा। यह कार्रवाई कई महीनों से चल रहे अमेरिकी दबाव, प्रतिबंधों और तेल-समृद्ध देश के खिलाफ सैन्य गतिविधियों के बाद की गई।

मादुरो ने कहा है कि उनका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'प्र.मंत्री मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की दोस्ती ''सच्ची'' है'

## अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत सर्जियो गोर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि सच्चे दोस्त आपस में बैठकर मतभेद सुलझा लेते हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अगले साल तक भारत का दौरा कर सकते हैं। यह बात अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि वॉशिंगटन और नई दिल्ली मंगलवार से व्यापार समझौते के अगले दौर की बातचीत फिर से शुरू करने जा रहे हैं।

गोर, जो दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विशेष दूत भी हैं, यहां अमेरिकी दूतावास में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ट्रंप की दोस्ती सच्ची है और सच्चे दोस्त अपने मतभेद सुलझा सकते हैं।

अपने आगमन भाषण में उन्होंने कहा, ''अमेरिका और भारत केवल साझा हितों से ही नहीं, बल्कि सबसे ऊंचे स्तर पर मजबूत रिश्तों से जुड़े हैं। सच्चे दोस्त असहमति रख सकते हैं, लेकिन आखिर में अपने मतभेद सुलझा हा लेते हैं।''

- गोर ने यह भी कहा कि वॉशिंगटन व नई दिल्ली मंगलवार से ''ट्रेड डील'' पर वार्ता का अगला ''राउण्ड'' शुरु करेंगे।
- गोर ने पत्रकारों को यह भी बताया कि उनका राजदूत के रूप में नियुक्ति का मकसद दोनों देशों की ''पार्टनरशिप'' को और अगले स्तर पर ले जाना है तथा भारत-अमेरिका ''ट्रेड डील'' एक चुनौतीपूर्ण काम है, पर, वे कटिबद्ध हैं कि इस ''ट्रेड डील'' को पूरा करवाएंगे।

गोर ने आगे कहा, ''भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है, इसलिए इस समझौते को अंतिम रूप देना आसान काम नहीं है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।''

उन्होंने कहा कि हालांकि, व्यापार नई दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्तों के लिए बहुत अहम है, लेकिन इसके अलावा सुरक्षा, आतंकवाद विरोध, ऊर्जा, तकनीक, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं।

गोर ने जोर देते हुए कहा, ''मैं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ दुनिया भर में घूम चुका हूं और मैं यह कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी दोस्ती ''सच्ची'' है।''

नामित अमेरिकी राजदूत ने कहा कि उनकी नियुक्ति का उद्देश्य दोनों देशों की साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाना है।

उन्होंने आगे कहा, यह दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र और दुनिया के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अस्पताल में भर्ती

## धनखड़ शनिवार 10 जनवरी को बाथरूम में लगातार दो बार बेहोश हो गए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (ऑल इण्डिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज़-एम्स) में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के अनुसार, वे सप्ताहांत में दो बार बेहोश हो गए थे।

74 वर्षीय धनखड़ को 10 जनवरी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हुई थीं, जिसके बाद उन्हें एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आगे की जांच के लिए उन्हें भर्ती करने का फैसला किया।

धनखड़ ने पिछले वर्ष 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा अचानक आया था और इसके बाद कई अटकलें लगाई गईं। इस्तीफे के बाद, वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में बहुत ही कम दिखाई दिये।

- सोमवार सुबह उन्हें जाँच के लिए एम्स ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर्स ने उन्हें भर्ती कर लिया। यहाँ एमआरआई सहित उनकी सभी जाँचें की जाएंगी।
- धनखड़ पिछले दिनों कई बार बेहोश हो चुके हैं। कच्छ के उत्तराखंड, केरल और नई दिल्ली में हुए कार्यक्रमों में भी उन्हें बेहोशी का दौरा पड़ा था।
- धनखड़ ने गत वर्ष खराब स्वास्थ्य के कारण अचानक उपराष्ट्रपति के पद से त्याग पत्र दे दिया था, उसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई गईं और उनकी सार्वजनिक मौजूदगी भी कम हो गई थी।

स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को जब वे वॉशरूम गए थे, तब उन्हें ''दो बार बेहोशी'' के दौरे पड़े। इसके बाद उन्हें चिकित्सकीय जांच की सलाह दी गई।

एक अधिकारी ने कहा, ''आज वे जांच के लिए एम्स गए थे, लेकिन डॉक्टरों ने जाँचों के लिए उन्हें भर्ती करने पर जोर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि मेडिकल टैस्टों के तहत, डॉक्टरों द्वारा एमआरआई किए जाने की संभावना है।

एक अधिकारी के अनुसार, हाल के दिनों में विभिन्न सार्वजनिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री ने लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 12 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि बंसत ऋतु के आगमन और नई फसल के उल्लास में मनाया जाने वाला पर्व लोहड़ी प्रकृति

- उन्होंने प्रदेशवासियों को जरुरतमंदों की मदद का संकल्प लेने के लिए कहा।

के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि लोहड़ी की पावन अग्नि प्रदेशवासियों के जीवन से नकारात्मकता को दूर कर स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रकाश फैलाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान सूर्य देव के उत्तरायण होने के अवसर पर मनाया जाने वाला पर्व मकर संक्रांति हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जोर पकड़ने लगा है मनरेगा समर्थक आंदोलन

## देश के विभिन्न भागों में विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरु किए गए हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रविवार को ''मनरेगा बचाओ संग्राम'' रैली पर हुए लाठीचार्ज के बाद, वीबी-जी-राम-जी कानून को पूरी तरह वापस लेने और मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन और तेज हो गए हैं।

मोदी सरकार द्वारा मनरेगा, जो अधिकार-आधारित व्यवस्था है, को समाप्त कर उसकी जगह केन्द्र द्वारा संचालित एक कल्याणकारी योजना लाने के फैसले का नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज और असमानता पर काम करने वाले अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी सहित, कई अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने विरोध किया है। मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर जमीनी स्तर पर विभिन्न स्थानों पर आंदोलन शुरू हो चुके हैं। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने यूपीए कालीन इस ग्रामीण रोजगार कानून को निरस्त किए जाने के

- रविवार को वाराणसी में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठी चार्ज की सभी तरफ से कड़ी निंदा की गई।
- मनरेगा योजना के सृजनकर्ता जीन ड्रेज़ ने कहा कि नई वीबी जी राम जी योजना केन्द्रीकृत है, इसमें सारी जिम्मेदारी राज्यों की है, यही नहीं, इसे जब चाहे बंद किया जा सकता है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नाम चीन अर्थशास्त्री जैसे थॉमस पिकेटी, नोबल सम्मान विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज़ आदि ने भी मनरेगा को खत्म किए जाने पर विरोध जताया है।

खिलाफ 45 दिनों का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है।

शनिवार को उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गईं, इसके बाद जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। 12 से 29 जनवरी के बीच सभी ग्राम पंचायतों में चौपालों और जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जबकि 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर सभाएं होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 7 से 15 फरवरी के बीच विधानसभाओं का राज्य स्तरीय ''घेराव'' किया जाएगा और 16 से 25 फरवरी के बीच चार बड़ी रैलियां आयोजित की जाएंगी।

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी डबल इंजन सरकार ने वाराणसी में शांतिपूर्ण मार्च निकाल रहे एनएसयूआई के प्रदर्शनकारियों पर बर्बर लाठीचार्ज करने का आदेश दिया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, ''मनरेगा को खत्म किए जाने और लाखों लोगों को रोजगार के अधिकार से वंचित किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई छात्रों पर ताकत का बर्बर इस्तेमाल और गिरफ्तारियां बेहद निंदनीय हैं।

वीबी-जी-राम-जी विधेयक 18 दिसंबर को, लोकसभा में पारित होने के कुछ ही घंटों बाद, राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित किया गया था तथा तीन दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे अपनी मंजूरी दे दी थी।

आलोचकों का कहना है कि नए कानून की असली समस्या उसकी बारीकियों में छिपी है। मनरेगा के प्रमुख शिल्पकार जीन ड्रेज़ का कहना है कि नई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'परीक्षा रद्द करने के टास्क के आधार पर एसआईटी ने पहली रिपोर्ट दी थी'

जयपुर, 12 जनवरी। एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एकलपीठ की ओर से भर्ती रद्द करने के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में चयनित अभ्यर्थियों की दलीलें सुनकर मामले

- एसआई भर्ती मामले में चयनित अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा ने दलीलें रखीं।

की सुनवाई 15 जनवरी को तय की है। एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने चयनित अभ्यर्थियों व अन्य की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए।

चयनित अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जीवनपर्यंत मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई दीवानी या फौज़दारी कार्यवाही नहीं की जा सकेगी'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के बिल के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (चीफ इलैक्शन कमिश्नर-सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (इलैक्शन कमिश्नर-ईसी) को दी गई जीवनभर की सुरक्षा (इन्यूनिटी) को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि ऐसी सुरक्षा संविधान निर्माताओं की सोच से भी परे जाती है।

याचिका में कहा गया है कि नया कानून सीईसी और ईसी को उनकी ऑफिशियल ड्यूटी के दौरान किए गए कार्यों के लिए किसी भी दीवानी या आपराधिक (सिविल और क्रिमिनल) कार्रवाई से अभूतपूर्व एवं जीवनभर की छूट देता है।

याचिकाकर्ता के अनुसार, बिल में दी गई यह छूट संविधान की सीमाओं से

## सरकार द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों को प्रदत्त इस ''सुविधा'' को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई

- सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को गंभीर मानते हुए, सरकार व मुख्य चुनाव आयुक्त को नोटिस जारी किए, इस मसले पर उनका पक्ष रखने के लिए।
- याचिका में यह कहा गया है कि प्रदत्त सुविधा ''जिम्मेवारी'' (एकाउन्टिबिलिटी) के सिद्धांत को कमज़ोर करती है तथा और ऐसी ''सुविधा'' तो संविधान के निर्माताओं ने किसी वर्ग को नहीं दी है, यहाँ तक कि जजों तक को भी।
- सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए भी एक अंतरिम व्यवस्था स्थापित की थी, कि तीन सदस्यीय चयन समिति, जिसके प्र.मंत्री, नेता प्रतिपक्ष व भारत के मुख्य न्यायाधीश सदस्य होंगे, अपने चयन की जानकारी राष्ट्रपति को देंगे तथा राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे। यह अंतरिम व्यवस्था तब तक चलनी थी, जब तक सरकार कोई नया कानून नहीं लाती।
- सरकार 21 दिसंबर 2023 को नया कानून लाई, चयन समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर किसी एक कैबिनेट मंत्री को सदस्य बनाया गया। पर, यह नई व्यवस्था कानून संगत तो थी, क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने जो प्रक्रिया बनाई थी, वह सुप्रीम कोर्ट के खुद के शब्दों में अंतरिम व्यवस्था थी, न कि कोई स्थाई व्यवस्था और नया कानून बनाकर सरकार को अंतरिम व्यवस्था को बदलने का अधिकार था।

बाहर है और जवाबदेही के सिद्धांत को कमज़ोर करती है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा, ''यह बिल सीईसी और ईसी को ऐसी अभूतपूर्व जीवनभर की छूट नहीं दे सकता, जो संविधान निर्माताओं ने जजों को भी नहीं दी थी। संसद ऐसी छूट नहीं दे सकती, जो संविधान के निर्माताओं ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों को नहीं दी।''

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बैंच ने याचिका में उठाई गई चिंताओं पर ध्यान दिया और कहा कि इस मुद्दे की गहराई से न्यायिक जांच जरूरी है। सीजेआई ने कहा, ''हम इस पर विचार करना चाहते हैं। हम नोटिस जारी कर रहे हैं।'' बैंच ने केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग, दोनों से जवाब मांगा है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एसआई भर्ती पेपर लीक के चार आरोपियों को जमानत मिली

जयपुर, 12 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में चार आरोपियों, कैलाश कुमार, मंगलाराम, परमेश चौधरी और विनोद कुमार जाट को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस विनोद

- हाई कोर्ट ने जेल में बिताई अवधि व केस की सुनवाई में लगने वाले समय को देखते हुए जमानत मंजूर की।

कुमार भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश चारों आरोपियों की ओर से पेश जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण की तथ्यात्मक स्थिति, आरोपियों की ओर से जेल में बिताई अवधि और केस की सुनवाई में लगने वाले समय को देखते हुए उन्हें जमानत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK CMYK

## विचार बिन्दु

**चापलूसी का ज़हरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न जाएँ। –प्रेमचंद**

# एस आई आर पर घमासान

किसी भी लोकतंत्र की पहचान यही है कि वहां पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नियमित रूप से हों एवं बहुमत प्राप्त दल सरकार बनाकर शासन प्रदान करे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के वैसे तो बहुत सारे आयाम हैं किंतु मूल आधार सही मतदाता सूची का होना है । इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक उस व्यक्ति का नाम इसमें दर्ज होना चाहिए जो मतदान करने का अधिकारी है एवं ऐसे किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं होना चाहिए जो मतदान का आधिकारी नहीं है ।

चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत भारत के निर्वाचन आयोग को दी गई है। मतदाता सूचियां को अद्यतन (अपडेट)करने हेतु समय-समय पर निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण करता रहा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य उन सभी व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाना होता है जिनकी मृत्यु हो जाती हैअथवा जो स्थाई रूप से कहीं और निवास करने लग गए हों।

इन स्थापित प्रक्रियाओं को छोड़कर निर्वाचन आयोग ने अचानक जून 2025 में बिहार के चुनाव से लगभग तीन माह पूर्व मतदाता सूचियों के सघन गहन परीक्षण अर्थात एस आई आर की प्रक्रिया के बारे में आदेश जारी कर दिए। यह उल्लेखनीय है कि गत 23 वर्षों में यह प्रक्रिया कहीं नहीं की गई थी। इसका कारण मतदाता सूचियों का डिजिटाइजेशन होना था। इसका उद्देश्य घुसपैठियों के नामों को मतदाता सूचियों से हटाना था । विपक्षी दलों द्वारा इसका भरपूर विरोध करने एवं 'वोट चोरी' यात्रा निकालने के बावजूद निर्वाचन आयोग ने इसे नहीं रोका और एस आई आर के बाद की मतदाता सूची के आधार पर बिहार के चुनाव संपादित करवा लिए। कुछ दल एवं सामाजिक कार्यकर्ता सर्वोच्च न्यायालय में गए किंतु उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली । न्यायालय द्वारा इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई। नवंबर में इस मतदाता सूची के आधार पर हुए चुनावों में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बन गई और नीतीश कुमार पुनः मुख्यमंत्री बन गए। बिहार में शांतिपूर्वक हुए चुनाव को निर्वाचन आयोग इस बात की पुष्टि मान रहा है कि उनके द्वारा की गई प्रक्रिया सही थी और उसने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एस आई आर प्रारंभ करने की घोषणा कर दी। इसका भारी विरोध हुआ, विशेषकर पश्चिम बंगाल सरकार और तृणमूल कांग्रेस द्वारा। इस प्रक्रिया के बारे में सर्वोच्च न्यायालय में भी कई बार सुनवाई हुई लेकिन अभी तक इस बारे में कोई प्रभावी कार्रवाई न्यायालय द्वारा नहीं की गई है। निर्वाचन आयोग ने तो आधार को 11 दस्तावेजों के साथ 12 मवें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने की न्यायालय की सलाह को भी नहीं माना और अभी भी उसे मान्य दस्तावेज के रूप में सम्मिलित नहीं किया है।

इस बार की एस आई आर में अन्य राज्यों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश भी सम्मिलित है। यहां एस आई आर के पहले की मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची जारी करने के लिए कई बार समय बढ़ाने के बाद जब अंतिम ड्राफ्ट सूची जारी की गई तो इसमें यह संख्या घटकर 12.55 करोड़ रह गई।

यह उल्लेखनीय है कि जिन व्यक्तियों के नाम पूर्व की मतदाता सूची में थे उन्हें गणना प्रपत्र बांटे गए और उनसे भरवा कर पुनः लिए गए। प्रत्येक मतदाता को उनका या रिश्तेदार का नाम 2003की मतदाता सूची में सम्मिलित होने का प्रमाण भी देना था। यह प्रपत्र कुल 12.55 करोड़ लोगों से प्राप्त हुए, अर्थात 2.89 करोड़ के नाम कट गए। इन 12.55 करोड़ में भी 1.04 करोड़ ऐसे हैं जिन्होंने फार्म तो भरकर निर्वाचन आयोग में जमा कर दिए, किंतु उनकी मैपिंग अभी तक नहीं हुई है। अर्थात उनका स्वयं का या रिश्तेदार का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिल पाया है । यदि इनकी मैपिंग ना हो पाए तो मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं की संख्या 12.55 करोड़ से घटकर 11.51 करोड़ रह जाएगी।

मैंने इसी स्तंभ में चार बार एस आई आर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से लिखा था, किंतु जिस प्रकार के चौंकाने वाले आंकड़े उत्तर प्रदेश से प्राप्त हुए हैं और जो समाचार वहां से मिले हैं उसके आधार पर पाठकों को आंकड़ों को विश्लेषण के साथ प्रस्तुत करना उचित लगा ताकि वे स्वयं यह निर्णय कर सकें कि एस आई आर का उद्देश्य क्या था और उससे क्या हासिल हो पाया है? जहां तक निर्वाचन आयोग एवं सर्वोच्च न्यायालय का प्रश्न है वे तो, सभी प्रकार की विसंगतिया सामने आने के बाद भी धृतराष्ट्र की तरह आँखें मूंद कर बैठे हैं ।

यह बात कई बार कही जा चुकी है कि किसी का नाम एक से अधिक जगह दर्ज होने, उसके मृत होने या अन्य कहीं चले जाने के बाद उसका नाम हटाने का कार्य तो सामान्य पुनरीक्षण प्रक्रिया में हमेशा संभव था। उसके लिए एस आई आर पर करोड़ों रुपए खर्च करने और सबको परेशान करने की आवश्यकता नहीं थी। 2003 की मतदाता सूची में नाम ढूंढने का काम लोगों के लिए बहुत परेशानी का कारण बना है और बी एल ओ तक भी ऐसा नहीं कर पाए हैं । इसी लिए उत्तर प्रदेश में 1.04 करोड़ मतदाता अभी भी unmapped हैं।

**एस आई आर की प्रक्रिया उन्हीं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है जो इस प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के अधीन काम करते हैं। पहले भी लगभग उन्हीं कर्मचारियों ने निर्वाचन आयोग के देखरेख में काम किया । जिस प्रकार से बहुत बड़ी संख्या में मतदाता सूची में नाम कटने की बात सामने आ रही है, उससे तो ऐसा लगता है कि पहले कर्मचारियों ने अपना काम किया ही नहीं। यदि इसे सही मान भी लें तो इस बात की क्या गारंटी है अभी जो कर्मचारी काम कर रहे हैं वे बिल्कुल सही कर रहे होंगे, क्योंकि कर्मचारी तो वही हैं । निर्वाचन आयोग ने अपने पूर्ववर्ती निर्वाचन आयोगों के काम पर प्रश्न चिन्ह लगाकर अपनी विश्वसनीयता को कम ही किया है।**

पाठकों को शायद यह विदित हो कि पंचायती राज और स्थानीय निकाय के चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार जैसे भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा और लोकसभा के कराए जाते हैं । उत्तर प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, जिसे अंतिम रूप हाल ही में दिया गया है, उसमें केवल ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं की संख्या 12.69 करोड़ है ,जबकि एस आई आर की ड्राफ्ट मतदाता सूची में पूरे राज्य में 12.55 करोड़ लोगों का नाम हैं । राज्य निर्वाचन आयोग के ठाामीण मतदाता सूची में यदि शहरी मतदाताओं की संख्या जोड़ दी जाए तो राज्य के कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 17 करोड़ होती है। इसका अर्थ यह हुआ कि एक ही राज्य में विधानसभा/लोकसभा के लिए 12.55 करोड़ मतदाताओं की तुलना में पंचायती राज और नगर निकायों के चुनाव में 17 करोड लोग मतदान करेंगे । यह 4.50 करोड़ का अंतर समझ से परे है। जहां तक विदेशी अवैध लोगों को मतदाता सूची से बाहर निकालने का प्रश्न है, बिहार में पूरी प्रक्रिया के बावजूद अभी तक निर्वाचन आयोग ने यह सार्वजनिक नहीं किया है कि कितने ऐसे लोग हैं जिन्हें विदेशी होने के कारण मतदाता सूची से हटाया गया।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में कहा कि चार करोड लोगों के नाम कटे हैं जिनमें से अधिकांश भाजपा के हैं। उन्होंने आव्हान किया कि प्रत्येक बूथ पर 150-200 लोगों के नाम जुड़वाने हैं। योगी आदित्यनाथ के इस कथन के बाद समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया को सही बताया, शायद इसलिए कि बीजेपी के मतदाताओं के नाम कटे हैं ।

प्रश्न यह नहीं है कि एस आई आर के कारण किस दल को लाभ होगा अथवा हानि होगी, बल्कि यह है कि जो कार्य किया जा रहा है वह कितना न्यायोचित एवं मतदाताओं के लिए सुविधाजनक है? किसी भी ग्रामीण गरीब मतदाता से अपेक्षा करना कि वह अपने दस्तावेज प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाएगा, सही नहीं है।

एस आई आर के निर्देशों के अनुसार जिन व्यक्तियों के नाम इन 12.55 करोड़ की ड्राफ्ट सूची में सम्मिलित नहीं है उन्हें नए वोटर बनने के लिए फॉर्म 6 भरना पड़ेगा। यह कितनी विचित्र बात है कि जो व्यक्ति लगातार कई चुनाव में वोट दे रहे थे उन्हें पुनः नए वोटर की तरह दस्तावेज चुनाव आयोग में जमा कराने होंगे। 2003 में हुए एस आई आर के बाद मतदाता सूचियों का कंप्यूटरीकरण कर दिया गया था। उसके बाद इस प्रकार की कार्रवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि केवल एक बटन दबाकर एक से अधिक स्थान पर दर्ज मतदाताओं के नामों को आसानी से काटा जा सकता था ।

मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया स्पष्ट और पारदर्शी होनी चाहिए ।उत्तर प्रदेश में और अन्य राज्यों में जिस प्रकार से एस आई आर किया जा रहा है वह न केवल अस्पष्ट अपितु अपारदर्शी भी है । इसके कारण कई प्रकार की आशंकाओं को बल मिलना स्वाभाविक है। चुनाव न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष हों अपितु जनता में यह विश्वास होना भी आवश्यक है। यही सबसे बड़ी कमी इस एस आई आर की प्रक्रिया में दिखाई दे रही है।

यदि 1.04 करोड लोगों का मैपिंग नहीं हो पता है तो मतदाता सूची में कुल संख्या लगभग 11.51 करोड़ रह जाएगी जो राज्य निर्वाचन सूची में दर्ज मतदाताओं के मुकाबले में 5.5 करोड़ कम होगी । इस प्रकार लगभग 30 प्रतिशत मतदाताओं की संख्या में कमी आना आश्चर्य जनक है। सामान्यतः आजकल चुनाव में हार जीत का अंतर एक या दो प्रतिशत होता है। यदि मतदाताओं की संख्या में 20-30 प्रतिशत मतदाताओं का अंतर आ जाए तो इसका कितना प्रभाव चुनावी परिणाम पड़ सकता है, उसका अनुमान ही लगाया जा सकता है।

जनसंख्या में 18 वर्ष की आयु के ऊपर के लोगों का प्रतिशत सामान्यतया 70 प्रतिशत होता है। उसके अनुसार उत्तर प्रदेश की 2025 की जनसंख्या लगभग 24 करोड़ में से लगभग 16.80 करोड़ मतदाता होने चाहिएं। निर्वाचन आयोग कोई भी प्रक्रिया अपना ले यह संख्या इसके लगभग होनी चाहिए। यदि इससे चार या पांच करोड़ कम होगी तो विवाद पैदा होगा ही।

पाठकों को ज्ञात है कि एस आई आर की प्रक्रिया उन्हीं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है जो इस प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के अधीन काम करते हैं। पहले भी लगभग उन्हीं कर्मचारियों ने निर्वाचन आयोग के देखरेख में काम किया । जिस प्रकार से बहुत बड़ी संख्या में मतदाता सूची में नाम कटने की बात सामने आ रही है, उससे तो ऐसा लगता है कि पहले कर्मचारियों ने अपना काम किया ही नहीं। यदि इसे सही मान भी लें तो इस बात की क्या गारंटी है अभी जो कर्मचारी काम कर रहे हैं वे बिल्कुल सही कर रहे होंगे, क्योंकि कर्मचारी तो वही हैं । निर्वाचन आयोग ने अपने पूर्ववर्ती निर्वाचन आयोगों के काम पर प्रश्न चिन्ह लगाकर अपनी विश्वसनीयता को कम ही किया है।

इससे पहले कि एस आई आर का मुद्दा विपक्षी दलों और सत्ताधारी दलों के बीच बहुत बड़े घमासान का रूप ले ले, उचित होगा कि सर्वोच्च न्यायालय इसमें हस्तक्षेप करे और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने का काम करे,ताकि योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो जाएं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान बना एआई नवाचार का उभरता केंद्र

## राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस भारत के समावेशी और सतत एआई विकास की मजबूत नींव



धर्मेन्द्र कुमार मीना

राजस्थान ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में राष्ट्रीय विजन को साकार करने की दिशा में एक और ठोस कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान एआई नवाचार के उभरते केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है।

राजस्थान क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि तकनीक-आधारित विकास, समावेशी प्रगति और जनकल्याण के लिए एआई का उपयोग सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। यह सम्मेलन भारत एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 की तैयारी के क्रम में एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय पड़ाव सिद्ध हुआ।

सम्मेलन में संस्थागत सहयोग को नई ऊंचाई देते हुए गूगल, आईआईटी दिल्ली, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर तथा स्किल डेवलपमेंट नेटवर्क (वाधवानी फाउंडेशन) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस बहुपक्षीय साझेदारी का उद्देश्य एआई अनुसंधान, बड़े पैमाने पर कौशल विकास, नैतिक एवं कानूनी ढांचे तथा नवाचार-आधारित इकोसिस्टम को मजबूत करना है, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और राज्य की डिजिटल क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उच्चस्तरीय रणनीतिक सत्र में श्री अभिषेक सिंह, अतिरिक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमइआईटीवाय), सीईओ-इंडियाएआई मिशन एवं महानिदेशक-एनआईसी, ने श्री विशाल धूपर, मैनेजिंग डायरेक्टर-साउथ एशिया, एनवीडिया के साथ संवाद किया। सत्र का संचालन श्री समीर जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्राइमस पार्टनर्स ने किया। चर्चा में एआई अवसंरचना के लोकतंत्रीकरण, सार्वजनिकद-निजी भागीदारी को सुदृढ़ करने, नवाचार को व्यापक स्तर पर सक्षम बनाने तथा सुरक्षित और भरोसेमंद एआई के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

इंडियाएआई मिशन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कविता भाटिया, वैज्ञानिक 'जी', समूह समन्वयक, एमइआईटीवाय एवं सीओओ-इंडिया एआई मिशन ने भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की दृष्टि और प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि नीति, अवसंरचना और मानव संसाधन विकास के समन्वित प्रयासों से एआई को जनकल्याण से जोड़ा जा रहा है।

वैश्विक एआई, राष्ट्रीय एआई और क्षेत्रीय एआई विषय पर अविनाश शर्मा, प्रोफेसर, आईआईटी जोधपुर ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थानीय संदर्भों को समझने वाले समाधान ही वैश्विक स्तर पर प्रभावी सिद्ध होते हैं। सम्मेलन के दौरान शासन, अवसंरचना, नवाचार, नैतिकता और रोजगार जैसे विषयों पर समानांतर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों और जनसेवा में इसके उपयोग पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की यह पहल राज्य को एआई आधारित नवाचार, कौशल विकास और सतत विकास का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राजस्थान क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस ने यह सिद्ध किया कि राज्य तकनीक को जनहित से जोड़ते हुए भारत के एआई भविष्य में सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

**–धर्मेन्द्र कुमार मीना,**
**सहायक निदेशक, करौली**

# बांग्लादेश – एक ओर कटु अनुभव



प्रो. कैलाश सोडाणी

1947 में भारत के साथ-साथ धर्म के आधार पर पाकिस्तान का भी एक राष्ट्र के रूप में उदय हुआ। पाकिस्तान को मुस्लिम जनसंख्या के आधार पर दो भूखंड प्राप्त हुए, जिन्हें पश्चिमी एवं पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना गया। राजनैतिक एवं सैन्य नैतृत्व हमेशा पश्चिमी पाकिस्तान के पास रहा, परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान हमेशा शोषित एवं पीड़ित ही रहा। पश्चिमी पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान के साथ भाषाई, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक आधार पर बहुत अत्याचार किए। उर्दू को राष्ट्र भाषा बनाने और बांग्ला को उपेक्षित करने से बंगालियों में भारी असंतोष रहा।

बजट का अधिकतम हिस्सा केवल पश्चिमी पाकिस्तान के विकास पर खर्च किया एवं पूर्वी पाक को नजरअंदाज किया गया। जनसंख्या में अधिक होने के बावजूद पूर्वी पाक को राजनीतिक प्रतिनिधित्व बहुत कम दिया गया। पश्चिमी पाकिस्तान के जुल्मों के खिलाफ मुजीबुर्रहमान के नैतृत्व में जन आंदोलन 'मुक्ति संग्राम' प्रारम्भ हुआ। मार्च 1971 में शेख मुजीबुर्रहमान को गिरफ्तार करके पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया, जिसके दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा व्यापक अत्याचार, नरसंहार और बलात्कार हुए।

1970 के आम चुनावों में अवामी लीग की जीत के बावजूद पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं एवं सेना ने सत्ता सौंपने से इंकार कर दिया। यही से बांग्लादेश के जन्म की कहानी शुरू हुई। इन अत्याचारों के कारण लाखों लोगों ने भारत में शरण ली, जिससे एक बड़ा शरणार्थी संकट पैदा हुआ और यही से भारत का हस्तक्षेप प्रारम्भ हुआ। यह हस्तक्षेप अन्ततः भारत-पाक युद्ध (बांग्लादेश मुक्ति संग्राम) में परिवर्तित हुआ। 13 दिनों का युद्ध 16 दिसंबर, 1971 को समाप्त हुआ।

जनरल मानेकशा के मजबूत एवं कुशल नैतृत्व में भारतीय सेना और बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी के सामने पाकिस्तानी सेना के 93000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। 1971 के भारत-पाक युद्ध की एक मात्र वजह पूर्वी पाकिस्तान के नागरिकों को पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों से मुक्ति दिलाना था। इस युद्ध में अमेरिका ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। अन्तर्राष्ट्रीय खतरों से खेलते हुए भारत ने पाक को धराशायी किया एवं पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश में बदल दिया। पूरी दुनिया ने बांग्लादेश के रूप में एक नये राष्ट्र के निर्माण में भारत के प्रत्यक्ष योगदान को स्वीकार किया। विश्व में बांग्लादेश को एक राष्ट्र के रूप में भारत ने ही सबसे पहले मान्यता प्रदान की। तब अन्य देशों ने बांग्लादेश को स्वीकार किया।

| वर्ष | भारत में मुसलमान | बांग्लादेश में हिन्दू |
|---|---|---|
| 1941 | 9.8 प्रति. | 28.4 प्रति. |
| 1971 | 11.2 प्रति. | 13.6 प्रति. |
| 2011 | 13.4 प्रति. | 8.5 प्रति. |

भारत सरकार ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश के शरणार्थियों की सहायता के लिए भारतीय जनता से दान एवं विशेष डाक टिकटों से धन एकत्रित किया। बांग्लादेश निर्माण में आम भारतीय नागरिकों का भी प्रत्यक्ष योगदान रहा है। भारत ने बांग्लादेश को हमेशा अपना छोटा भाई समझकर हर संभव मदद की। परन्तु दुर्भाग्य है कि यह भाई दुर्योधन-दुशासन ही सिद्ध होता जा रहा है। बांग्लादेश को गेंहूँ एवं चावल जैसी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भारत करता है। बांग्लादेश मुख्यरूप से दुनिया को रेडीमेड कपड़ो का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित करता है जिसका आधार भारतीय कपास एवं धागे ही हैं।

अघोषित हिन्दू राष्ट्र भारत बांग्लादेश को उसके जन्म से लेकर आज तक पल्लवित कर रहा है फिर भी वहाँ हिंदुओं की लगातार घटती आबादी उनके दुःख-दर्द की ही अभिव्यक्ति है। भारत में मुसलमानों की आबादी का लगातार बढ़ना यह सिद्ध करता है कि वे यहाँ पूर्ण शान्ति एवं प्रतिष्ठा से जीवन जी रहे हैं।

उक्त आकड़े एवं तथ्य बहुत कुछ कह रहे हैं। इन आंकड़ो की पीछे छिपी हुई सच्चाई को समझना होगा। देश और दुनिया के धार्मिक संतुलन में होने वाला यह परिवर्तन हमें किस दिशा में ले जाएगा इस पर चिन्तन होना चाहिये। धर्म निरपेक्षता तथा गंगा-जमुना तहजीब के नारों की आवाज में हमें हमारे इतिहास और आज की वास्तविकता को नजरंदाज नहीं करना चाहिये।

भारत हर बार एक ही गलती को दोहराता आ रहा है और उसके दुष्परिणाम भी भुगत रहा है, फिर भी सुधर नहीं रहा है। लोगों को पहचानने में हर बार की इस भूल से ही भारत टूटता गया, बिखरता गया और अपमानित होता गया। दुश्मन को बार-बार माफ करने की तथा कथित बड़प्पन वाली मानसिकता को भी छोड़ना होगा। आज बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं, यह वर्ग विशेष की अहसान फरामोश सोच एवं कार्यप्रणाली का द्योतक है। सुधरना तो हमें ही पड़ेगा।ऐसी अहसान फरामोश कोम पर किसी भी स्थिति में सहानुभूति एवं सहिष्णुता की आवश्यकता नहीं है। लगभग 2 करोड़ रोहिंग्या मुसलमान (बांग्लादेशवासी) रोजी-रोटी के लिये भारतीय अर्थव्यवस्था एवं प्रजातंत्र पर स्थायी भार बन चुके हैं। हमे उन्हें कठोरता से यह समझाना होगा कि भारत एक राष्ट्र है, धर्मशाला नहीं। सौभाग्य से आज देश का महावत अर्थात राजनैतिक नैतृत्व ऐसे कृतघ्न लोगों को माफ करने की मानसिकता नहीं रखता है। उम्मीद है इतिहास को दोहराएंगे नहीं, उसे बदलने के साथ आगे बढ़ेग।

दोस्तों, यह नया भारत है जो समस्याओं को टालता नहीं, टकराना जानता है और उन्हें मिटाना जानता है। इसी सोच और विश्वास के साथ बांग्लादेश को यथाशीघ्र कठोरता से सबक सिखाना होगा। हिंदुओं के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार की सजा मिलने पर ही इतिहास पलटने की गूँज सुनाई देगी।

**–प्रो. कैलाश सोडाणी,**
**पूर्व कुलगुरु, वर्धमान**
**महावीर खुला विश्वविद्यालय,**
**कोटा**

# छबड़ा में संचालित अन्नपूर्णा योजना की रसोई में अनियमितताओं का आरोप

## बताया जा रहा है कि रसोई पर काम करने वाले कर्मचारी मनमानी करते हैं

**छबड़ा,** (निसं)। राजस्थान सरकार की 'कोई भूखा ना सोए' योजना के तहत बस स्टैंड पर संचालित अन्नपूर्णा रसोई की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शहर में संचालित उक्त रसोई में न केवल लाभार्थियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, बल्कि उन्हें एक-एक घंटे इंतजार कराने के बाद भी खाना नहीं दिया जा रहा है।

- **शहर में संचालित अन्नपूर्णा योजना रसोई में न केवल लाभार्थियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, बल्कि उन्हें एक-एक घंटे इंतजार कराने के बाद भी खाना नहीं दिया जा रहा**
- **आरोप है कि इस रसोई पर काम करने वाले कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और खाना खाने आए लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं**

पिंकू, ओमप्रकाश, सत्यनारायण, राधेश्याम, फूलचंद, रामनिवास, नेमीचंद आदि ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस रसोई पर काम करने वाले कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और खाना खाने आए लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। उन्हें घंटों इंतजार कराने के बाद भी भूखे पेट वापस लौटना पड़ रहा है। कर्मचारी लाभार्थियों के साथ दादागिरी कर रहे हैं और उन्हें भोजन देने से इनकार कर रहे हैं। समीप में संचालित हो रहे रेन बसेरे में ठहरने वाले लोग जब रसोई पर खाना खाने पहुंचते हैं तो उनके साथ अशोभनीय व्यवहार किया जाता है।

**रसोइयों में पूरा भोजन नहीं दिया जा रहा :-** सरकार का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को भरपेट भोजन मिले। इसी वजह से दो साल पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर खाने की मात्रा बढ़ाई गई थी। पूर्ववर्ती सरकार के समय 450 ग्राम भोजन मिलता था, जिसे बढ़ाकर भजनलाल सरकार ने 600 ग्राम कर दिया। अन्नपूर्णा रसोइयों में 8 रुपए में एक थाली भोजन दिया जाता है। प्रत्येक थाली पर सरकार की ओर से 22 रुपए का अनुदान दिया जाता है। भोजन की निर्धारित मात्रा प्रति थाली 600 ग्राम है, लेकिन कई रसोइयों में पूरा भोजन नहीं दिया जा रहा है। नियमानुसार अन्नपूर्णा रसोइयों में पूरी साफ-सफाई होनी चाहिए और सम्मानजनक तरीके से खाना दिया जाना चाहिए। भोजन करने वाले हर व्यक्ति का फोटो खींचना होता है, ताकि उसी हिसाब से संचालक सरकार को रिपोर्ट भेजें और फिर अनुदान की राशि स्वीकृत हो। हर रसोई में भोजन का मेन्यू चार्ट लगाया होना चाहिए।

## राशिफल मंगलवार 13 जनवरी, 2026



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, विशाखा नक्षत्र रात्रि 12:07 तक, शूल योग सायं 7:05 तक, विष्टि करण दिन 3:18 तक, चन्द्रमा सायं 5:21 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-तुला, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरू-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज कुमार योग रात्रि 12:07 तक है। भद्रा दिन 3:18 तक रहेगी। आज लोहड़ी उत्सव, भोगी (उ.भारत में) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:58 से 11:17 तक, लाभ-अमृत 11:17 से 1:54 तक, शुभ 3:12 से 4:31 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:49

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**वृष**
परिजिनों/मित्रों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उंचित सोच-विचार हो सकता है।

**कर्क**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजिनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# राजस्थान में

# 1 लाख सरकारी पदों की भर्ती परीक्षा का कैलेण्डर - 2026



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | पदों की संख्या | परीक्षा माह |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक भर्ती - 2025 | 09 | जनवरी |
| 2 | राजस्थान प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल-I) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 5449 | जनवरी |
| 3 | राजस्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल-II) (विज्ञान गणित) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 1043 | जनवरी |
| 4 | राजस्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल- II) (सामाजिक अध्ययन) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 296 | जनवरी |
| 5 | राजस्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल- II) (अंग्रेजी) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 221 | जनवरी |
| 6 | राजस्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल- II) (हिन्दी) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 174 | जनवरी |
| 7 | राजस्थान प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल-I) (संस्कृत) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 187 | जनवरी |
| 8 | राजस्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (लेवल-II) (संस्कृत) सीधी भर्ती परीक्षा - 2025 | 389 | जनवरी |
| 9 | शिक्षा विभाग (विभिन्न पद) | 10000 | जनवरी - मार्च |
| 10 | सहायक विद्युत निरीक्षक भर्ती - 2025 | 09 | फ़रवरी |
| 11 | कनिष्ठ रसायनज्ञ भर्ती - 2025 | 13 | फ़रवरी |
| 12 | आयुष मिशन के विभिन्न पद | 1548 | फ़रवरी |
| 13 | सहायक अभियंता संयुक्त भर्ती - 2024 (मुख्य परीक्षा) | 1014 | मार्च |
| 14 | उप निरीक्षक पुलिस परीक्षा - 2025 | 1015 | अप्रैल |
| 15 | कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा | 1100 | अप्रैल |
| 16 | पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती - 2025 | 1100 | अप्रैल |
| 17 | सहायक कृषि अभियंता भर्ती - 2025 | 281 | अप्रैल |
| 18 | प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा (भूगोल) | 136 | मई |
| 19 | प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा (विज्ञान) | 668 | मई |
| 20 | व्याख्याता, व्याख्याता कृषि एवं कोच संयुक्त भर्ती - 2025 (माध्यमिक शिक्षा) | 3725 | मई - जून |
| 21 | राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त) परीक्षा | 500 | मई |
| 22 | महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा | 72 | जून |
| 23 | वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा | 259 | जून |
| 24 | कानिस्टेबल परीक्षा | 4000 | जून-जुलाई |
| 25 | लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती परीक्षा | 10644 | जुलाई |
| 26 | वरिष्ठ अध्यापक संयुक्त भर्ती - 2025(माध्यमिक शिक्षा) | 6500 | जुलाई |
| 27 | कनिष्ठ विधि अधिकारी भर्ती - 2025 | 12 | जुलाई |
| 28 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (विभिन्न पद) | 3000 | जुलाई-अगस्त |
| 29 | वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा | 322 | अगस्त |
| 30 | बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा | 2214 | अगस्त |
| 31 | सांख्यिकी अधिकारी भर्ती - 2025 | 113 | अगस्त |
| 32 | शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा | 1079 | सितम्बर |
| 33 | निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स भर्ती - 2025 | 12 | सितम्बर |
| 34 | निरीक्षक कारखाना (रसायन) भर्ती - 2025 | 01 | सितम्बर |
| 35 | सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी भर्ती - 2025 | 09 | अक्टूबर |
| 36 | सफाई कर्मचारी भर्ती | 24793 | अक्टूबर |
| 37 | ऊर्जा विभाग (विभिन्न पद) | 2000 | अक्टूबर |
| 38 | विविध पद | 6000 | अक्टूबर - दिसम्बर |
| 39 | संरक्षण अधिकारी भर्ती - 2025 | 12 | नवम्बर |
| 40 | कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती | 774 | नवम्बर |
| 41 | संविदा टीचिंग एसोसिएट सीधी भर्ती परीक्षा | 3500 | दिसम्बर |
| 42 | ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा | 3430 | दिसम्बर |
| 43 | चिकित्सा अधिकारी भर्ती | 600 | दिसम्बर |
| 44 | नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल भर्ती | 2000 | दिसम्बर |

राजस्थान संवाद

**"प्रदेश के युवाओं को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सरकार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता के आधार पर भर्तियों के लिए कृतसंकल्प है। आपकी मेहनत एवं लगन, आपके और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगी।"**

\- भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी, चूरू और श्रीगंगानगर में पारा करीब 1.3 डिग्री रहा

## चूरू और बीकानेर में खेतों और गाड़ियों पर जमी बर्फ की चादर

चूरू, (निसं)। प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। सोमवार को कई जिलों के ग्रामीण इलाकों में खेतों में उगी घास, फसलों के पत्तों और गाड़ियों की छतों पर बर्फ जम गई। चूरू शहर में भी कई स्थानों पर ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। वहीं चूरू जिले में न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया। बीकानेर में सर्दी ने सोमवार को अपना तीखा रूप दिखाया। सीकर, जयपुर, कोटा, अलवर सहित कई जिलों में सर्दी का दौर जारी है। बीकानेर जिले में अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं श्रीगंगानगर में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। श्रीगंगानगर में मौसम रडार स्टेशन पर सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



चूरू जिले के कई ग्रामीण ईलाकों में सोमवार सुबह खेतों में बर्फ जमीं नजर आई।

**चूरू संवाददाता के अनुसार** :-जिले में सोमवार सुबह गांव ढाणी लाल सिंहपुरा में टेम्पो की छत पर बर्फ की परत जमी मिली। वहीं गांव के खेतों में फसलों के पत्तों और पानी की बाल्टियों में भी पानी बर्फ बन गया। पारे में गिरावट के साथ बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरन का अहसास करवाया। हालांकि सोमवार सुबह घना कोहरा नहीं था, लेकिन हवाओं में गलन के कारण सर्दी का प्रकोप बना रहा।

**बीकानेर संवाददाता के अनुसार** :-बीकानेर जिले में सर्दी ने सोमवार को अपना तीखा रूप दिखाया। जिले में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात और सुबह की ठंड इतनी तेज रही कि कई इलाकों में जमीन पर जमी हुई बर्फ नजर आई।

शहर और ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय घरों में लगी दूब और घास पर बर्फ जमने की रिपोर्ट सामने आई है। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने गंगाशहर में बर्फ जमने का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें खुले मैदान और घरों के आसपास सफेद परत साफ दिखाई दे रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के तीखे असर की पुष्टि हो रही है।

तेज सर्दी के चलते बीते दिनों जिला कलैक्टर द्वारा घोषित अवकाश के बाद सोमवार से बीकानेर के स्कूल दोबारा खुल गए हैं। छात्रों को सुबह की ठंड से राहत देने के लिए स्कूलों का समय बदलकर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कर दिया गया है। कई दिनों के बाद सोमवार सुबह धूप खिली। सुबह नौ बजे तक लोगों ने अपने घरों की छतों पर धूप का आनंद लिया, जिससे दिन में ठंड का असर कुछ कम महसूस हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दिन के समय धूप खिलने की संभावना बनी हुई है, जिससे सर्दी से कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि रात और सुबह के समय ठंड अभी भी बनी रहेगी और लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

**श्रीगंगानगर संवाददाता के अनुसार** :- श्रीगंगानगर जिले में हाथ-पैर सुन्न करने वाली तेज ठंड का दौर जारी है। इसी बीच मौसम विभाग ने जिले में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गई है और लोगों को घर से निकलने में दिक्कत हो रही है। दिन में हल्की धूप निकली, जिससे कुछ देर राहत मिली लेकिन प्रदेश में श्रीगंगानगर सबसे ठंडा शहर रहा। मौसम रडार स्टेशन पर सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रविवार को न्यूनतम 3.6 डिग्री और अधिकतम 12.4 डिग्री रहा, जबकि शनिवार को न्यूनतम 3.9 डिग्री और अधिकतम 8.6 डिग्री दर्ज हुआ। शीतलहर के कारण न्यूनतम तापमान में 2.2 डिग्री की गिरावट आई है।

- सीकर, जयपुर, कोटा, अलवर सहित कई जिलों में ठण्डी हवाओं से कड़ाके की सर्दी जारी

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हिमालय क्षेत्र में इन दिनों हो रही बर्फबारी से ठंडी हवाएं सीधे राजस्थान पहुंच रही हैं। श्रीगंगानगर सिंचित क्षेत्र होने के कारण पहले से ही नमी ज्यादा है, जिससे ठंड का असर और तेज हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी 2-3 दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। सुबह-शाम घने कोहरे का प्रभाव जारी रहेगा।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अभी कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहेगा। उन्होंने कई क्षेत्रों में शीतलहर और अति शीतलहर की प्रबल संभावना जताई है। कड़ाके की सर्दी के चलते लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लोग ठंड से राहत पाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। सुबह अखबार बांटने वाले हॉकर और दूध बेचने वाले दूध विक्रेता सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि पारे में गिरावट और बर्फ जमने के बावजूद छोटे स्कूली बच्चों की छुट्टियां घोषित नहीं की गई हैं। कृषि विभाग के अनुसार सुबह के समय पड़ने वाला कोहरा चने की फसल के लिए काफी लाभदायक माना जाता है।

## बयाना में खेतों के पास दिखा लैपर्ड

बयाना/भरतपुर, (निसं)। बयाना क्षेत्र में स्थित बंध बारैठा वन्यजीव अभयारण्य से सटे इलाकों में एक बार फिर लेपर्ड की मूवमेंट सामने आई है। सोमवार सुबह कोट गांव निवासी श्यामवीर गुर्जर जब ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे, तब परौआ और कोडपुरा गांव के बीच सरसों के खेत की पाल के पास लेपर्ड बैठा दिखाई दिया। श्यामवीर ने लेपर्ड का वीडियो भी बनाया। कुछ देर तक ट्रैक्टर की ओर देखने के बाद लेपर्ड मौके से भाग गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि डांग क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पैंथर की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे किसान और राहगीर भयभीत हैं। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, रात में बाहर न निकलने और मवेशियों को सुरक्षित रखने की अपील की है। रेंजर जितेंद्र सिंह के अनुसार क्षेत्र में तीन-चार लेपर्ड का मूवमेंट रहता है और निगरानी बढ़ाई जा रही है।

## हादसे में महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सवीना थाना क्षेत्र में कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई तथा पति घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सविना थाना क्षैत्र में एकलिंगपुरा पेट्रोल पंप के समीप रविवार रात में कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में खटूकड़ा रेलमगरा राजसमन्द्र हॉल फतहनगर निवासी हेमलता पत्नी मदनलाल की मौत हो गई तथा पति मदन गंभीर घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। एएसआई प्रीतमसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मदन अपनी पत्नी हेमलता एवं पुत्र दक्ष के साथ पायड़ा में स्थित मंदिर से दर्शन कर वापस घर की तरफ लौट रहे थे, जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया।

# अलवर में मिली बमनुमा वस्तु को नष्ट किया तो धमाका हुआ

- जयपुर से पहुंची एंटी बम स्क्वॉड ने संदिग्ध वस्तु को नष्ट किया तो पटाखे जैसा धमाका हुआ
- अलवर में एक मकान के पास मिली थी बमनुमा वस्तु, पुलिस के साथ ही बम स्क्वॉड मौके पर पहुंची थी

अलवर, (निसं)। अलवर शहर में सोमवार सुबह एक मकान के पास बम जैसी वस्तु मिली। इस पर टाइमर लगा था। यह वस्तु अरावली विहार थाना इलाके के विवेकानंद नगर सेक्टर-4 में मिली। पुलिस इसे शहर से करीब साढ़े छह किलोमीटर दूर जयसमंद बांध पर लेकर गई। वहां उसे खाली जगह रखा गया। बांध के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया। लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। जयपुर से पहुंची एंटी बम स्क्वॉड ने संदिग्ध वस्तु को नष्ट किया तो पटाखे जैसा धमाका हुआ।

बम निरोधक स्क्वॉड के एएसआई रमेश चंद ने बताया कि इसमें कोई एक्सप्लोसिव नहीं था। अपने उपकरणों से हर तरीके से जांच की। जांच के बाद कुछ संदिग्ध नहीं मिला। संदिग्ध वस्तु में पेस्ट और टाइमर लगाया गया था, जिससे ऐसा लगे कि बम हो। लेकिन ऐसा नहीं था। टीम ने छोटा सा धमाका कर इसे न्यूट्रलाइज (बेअसर) कर दिया। अब इसके पार्ट की भी जांच करवाई जाएगी।

यह वस्तु बाबूसिंह के मकान के पास मिली थी। बाबूसिंह ने बताया कि सुबह संदिग्ध व्यक्ति मेरे घर में घुसा था। उसके साथ मेरा झगड़ा हुआ। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। उस व्यक्ति के पास से संदिग्ध वस्तु गिरी थी। इसके बाद वह भाग गया। उसमें केवल एक पेस्ट और टाइमर लगाया गया था, जिससे पहली नजर में यह बम जैसा प्रतीत हो रहा था। सभी एंगल से जांच के बाद भी कोई संदिग्ध या विस्फोटक तत्व नहीं पाया गया। हालांकि सुरक्षा प्रक्रिया के तहत टीम ने नियंत्रित तरीके से एक छोटा सा धमाका कर उस वस्तु को न्यूट्रलाइज किया, जिसमें पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी।

# पाली में कोहरे के कारण ट्रेलर से टकराई बस, एक की मौत

- चार यात्री घायल, सांडेराव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले के सांडेराव थाना क्षेत्र में सोमवार अलसुबह करीब 5 बजे फोरलेन हाईवे 162 पर अम्बिका पेट्रोल पंप के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरी एक निजी बस आगे चल रहे ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में बस में सवार एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य यात्री घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस ड्राइवर जगदीश बेनीवाल एवं नर्सिंग स्टाफ देवाराम ने तत्परता दिखाते हुए बस का गेट तोड़कर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल यात्रियों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सांडेराव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

पुलिस के अनुसार हादसे में भेरसी राम पुत्र गोपाराम देवासी (29 वर्ष) निवासी पाडपुरा, जिला जालोर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के शव को सांडेराव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि निजी बस दिल्ली से जालोर जा रही थी, इसी दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**युवक ने आत्महत्या की** : उदयपुर शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में युवक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरड़ा फला टवेड़ा निवासी नारायणलाल (40) पुत्र मनजी ने रविवार रात में बबूल के पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इस पर एएसआई अरविन्द सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। नारायणलाल रात में घर आया तथा कुछ देर बाद वापस चला गया। देर रात तक नहीं आने पर उसका पुत्र नूतन व बड़ा भाई नाना दोनों तलाश करने निकले तो यह गांव में खेत में बबूल के पेड़ पर लटका नजर आया। जिसे नीचे उतारकर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# सहकारी समिति व्यवस्थापक रिश्वत लेते गिरफ्तार

- क्रय-विक्रय सहकारी समिति ढंढार के व्यवस्थापक महिपाल सिंह ने मूंग की तुलवाई की प्रति क्विंटल 300 रुपये की रिश्वत मांगी

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की झुंझुनूं टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सेवा सहकारी समिति ढंढार में कार्यरत व्यवस्थापक महिपाल सिंह को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी झुंझुनूं को एक परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसने अपने पिता और ताऊ सहित अन्य परिजनों की मूंग एमएसपी के तहत क्रय-विक्रय सहकारी समिति ढंढार में विक्रय के लिए तुलवाई करवाई थी। इस दौरान व्यवस्थापक महिपाल सिंह ने प्रति क्विंटल 300 रुपये की रिश्वत की मांग की। परिवादी और उसके परिचितों की करीब 100 क्विंटल मूंग की तुलवाई कराई गई थी। इसके अतिरिक्त, व्यवस्थापक द्वारा प्रति किसान शपथ-पत्र के नाम पर 5 हजार रुपये अलग से रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया, जिसमें व्यवस्थापक द्वारा परिवादी से कुल 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगना प्रमाणित पाया गया। इसके बाद सोमवार को एसीबी झुंझुनूं टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के अनुसार आरोपी महिपाल सिंह ने पास से 30 हजार रुपये की रिश्वत राशि उसकी पहनी हुई जैकेट से बरामद कर ली गई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# नशीली कफ सिरप का सप्लायर गिरफ्तार

अलवर, (निसं)। भिवाड़ी पुलिस ने नशीले कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ओनिरेक्स कफ सीरप की 73 शीशियां जब्त की हैं। यह कार्रवाई रविवार दोपहर टपूकड़ा थाना क्षेत्र में की गई।

टपूकड़ा थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि थाना टपूकड़ा की टीम गश्त पर थी। टेरा केसटल सोसाइटी के पास एक कच्चे रास्ते पर एक युवक सफेद कट्टा लिए संदिग्ध अवस्था में दिखा। वह खुद को छिपाते हुए सोसाइटी की ओर जा रहा था। पुलिस टीम ने संदिग्ध युवक को रोका और पूछताछ की। उसने अपना नाम अनीस उर्फ टीमानी पुत्र नासून निवासी मुसारी, टपूकड़ा बताया। कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें ओनिरेक्स कफ सीरप की 73 शीशियां मिलीं। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इन शीशियों को नशे के लिए ग्राहकों को बेचने जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए औषधि नियंत्रण अधिकारी, अलवर को मौके पर बुलाया गया। जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि प्रत्येक शीशी में कोडीन फॉस्फेट मौजूद है, जो नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत एक नारकोटिक घटक है।

पुलिस के अनुसार, कोडीन युक्त कफ सिरप का उपयोग चिकित्सकीय देखरेख में ही किया जा सकता है। हालांकि, बिना लाइसेंस के इसकी अवैध बिक्री युवाओं में नशे की लत फैलाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। भिवाड़ी पुलिस की यह कार्रवाई ऐसे अवैध नेटवर्क पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# 40 लाख रुपये की सायबर ठगी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस को सायबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ऐसे संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है जो नामी हस्तियों की फोटो और ट्रूकॉलर आईडी का इस्तेमाल कर लाखों की ठगी करता था। पुलिस ने इस मामले में जालौर के एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- सायबर ठगों ने एक व्यापारी से 40 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था



पुलिस ने जालौर के एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

भीलवाड़ा के प्रतापनगर थाना इलाके में सायबर ठगों ने एक व्यापारी से 40 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। ठगों ने मशहूर व्यवसायी पृथ्वीराज कोठारी की फोटो व्हाट्सएप डीपी पर लगाई और ट्रूकॉलर पर भी उन्हीं के नाम की आईडी बना ली। इसके बाद उन्होंने भीलवाड़ा निवासी मीठा लाल सिंघवी को कॉल कर खुद को पृथ्वीराज कोठारी बताया और विश्वास में लेकर हवाला के जरिए 40 लाख रुपये ऐंठ लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश और सीओ राजपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने जालौर और बालोतरा के आसपास दबिश दी। पुलिस ने जालौर के हिस्ट्रीशीटर मोडसिंह उर्फ विक्रम सिंह और उसके साथी कैलाश सिंह को गिरफ्तार किया है।

मुख्य आरोपी मोडसिंह बेहद शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में करीब 9 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह संगठित तरीके से अलग-अलग राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# गैंगरेप के एक आरोपी को उम्रकैद, दूसरा फरार

अलवर, (निस)। अलवर के रामगढ़ थाना क्षेत्र में गैंगरेप करने वाले एक आरोपी को अलवर कोर्ट ने आजीवन जेल की सजा सुनाई है। वहीं मुल्जिम पर साढ़े पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं गैंगरेप का दूसरा आरोपी अब तक फरार है, जिसे पकड़ा नहीं जा सका।

विशिष्ठ लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज यादव ने बताया कि 9 मार्च 2023 को रामगढ़ थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज कराया कि नाबालिग से दो जनों ने गैंगरेप किया। उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उसके बाद उसको ब्लैकमेल भी किया। परिवार के लोगों को तब पता चला जब नाबालिग पांच महीने की गर्भवती हो गई। उसके बाद मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

मुकदमे के बाद दोनों मुल्जिमों पर आरोप साबित हो गए। इस पर कोर्ट ने एक आरोपी को आजीवन जेल की सजा सुनाई है। उस पर साढ़े पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया, लेकिन दूसरा आरोपी फरार है। अदालत ने पीड़िता को 2 लाख रुपए प्रतिकर दिलाने के आदेश दिए हैं। इस मामले में कोर्ट ने कहा कि कम उम्र की बालिका से गैंग रेप करना जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है।


**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
कार्यालय मुख्य अभियंता (थर्मल डिजाईन), 604, इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर
**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना : TN-61(RVU2526GLOB01998)**
रा.वि.उ.नि. के विभिन्न विद्युत गृहों के लिए एच.टी. केबल्स की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in (ई–निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/17462 RVUN/PR-4324 अधीक्षण अभियन्ता (टी.डी.-III)

**कार्यालय नगर पालिका वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर (राज.)**
क्रमांकः न.पाव./2025–26/2099 दिनांकः – 07.01.2026
**निविदा सूचना**
नगरपालिका वजीरपुर में खुली बोली/कार्य की निविदा NIB CODE DLB2526B0008 की आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा सूचना एवं शर्तें राजस्थान लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in देखी तथा डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका वजीरपुर
राज.संवाद/सी/25/17447

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालय, 04, मीरा मार्ग, उदयपुर- 313001(राज.) फोन नम्बर : (0294)2428768 / 2428763-67, फैक्स: (0294)2428768, 2428739
**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 12/01/2026

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
| --- | --- |
| ई–निविदा संख्या 11/2025–26 UBN No. MML2526GLOB00138 | कम्पनी की लाईम स्टोन मांइस, जैसलमेर पर विभिन्न प्रकार की साइज एवं विवरण अनुसार कन्वेयर बेल्ट्स की आपूर्ति हेतु निविदा। अनुमानित मात्रा – निविदानुसार, धरोहर राशि (रु. में) 42,000/–, निविदा प्रपत्र मूल्य (रु. में) 1180/– |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com / www.sppp.rajasthan.gov.in or www.eproc.gov.in अथवा प्रबंधक (एमएम) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/17468 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय नगर परिषद, चित्तौड़गढ़**
क्रमांक :– उत्सव/2025–26/9729 दिनांक :– 08.01.2026
**ई–निविदा सूचना**
नगर परिषद द्वारा इच्छुक एवं अनुभवी निविदादाताओं से गणतंत्र दिवस 2026 पर मिठाई एवं अल्पाहार संबंधी व्यवस्था के कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित राशि, निविदा विक्रय, प्राप्ति, अन्य विवरण/शर्ते एवं जानकारी वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। कार्य में कुल अनुमानित व्यय 15,00,000/– रूपयें है।
UBN No. DLB2526SLOB29773
आयुक्त नगर परिषद चित्तौडगढ़
राज.संवाद/सी/25/17517

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता ईसरदा परियोजना वृत्त टोंक**
क्रमांक-1200 दिनांक-31.12.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**
राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के अधीन, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता पुनर्वास खण्ड ईसरदा परियोजना जल संसाधन टोंक के 01 कार्य जिसकी अनुमानित लागत रू. 145.92 लाख है, के लिए उपर्युक्त श्रेणी में योग्य पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.01.2026 प्रात 9.30 बजे से दिनांक 15.01.2026 सायं 06.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 16.01.2026 को प्रात 11.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है या सम्पूर्ण निविदा नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय निविदा खोली जावेगी। निविदा से संबंधित कार्यो का विवरण वेबसाईट www.diproline.org, https://eproc.rajasthan.gov.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in & http://sppp.raj.nic.in व कार्यालय हाजा के निोटिस बोर्ड पर कार्यालय समय में देखी जा सकती है।
NIB NO.. WRD2526A0598, UBN NO. WRD2526WSRC02068
(जितेन्द्र लुहाडिया) अधीक्षण अभियन्ता ईसरदा परियोजना वृत्त जल संसाधन विभाग टोंक
DIPR/C/206/2026

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत बुन्दी**
ई-मेल-seclrcle.bun.phed@rajasthan.gov.in and sephedbundi@gmail.com
क्रमांक-अअ/जनस्वा/स्था/वृ.बूंदी/2025-26/ दिनांक-
**निविदाा सूचना संख्या 07/2025-26**
(NIB NO. PHE2526A5042)
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वृत बून्दी के अधीन पेयजल जल योजनाओं पर निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाईट www.phedwater.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदायें दिनांक 05.01.2026 से 20.01.2026 तक वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकेगी तथा तकनीकी बिड दिनांक 21.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी।
UBN CODE: 1. PHE2526WSRC10343, 2. PHE2526WSRC10344, 3. PHE2526WSRC10345, 4. PHE2526WSRC10346
(सुनील कुमार शर्मा) अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत बून्दी
DIPR/C/229/2026

**Office Of The District Education Officer (HQ) Secondary Jalore (Raj.)**
No. deo/hq/sec/jalore/Accounts/2025-26/01 Date: 05.01.2026
**NOTICE INVITING TENDER NO. 2**
Bid of procurement of supply of complete Ladies & Gents Bicycles procurement is inviting form interest bidders up to 16.01.2026 time 12.30 P.M. Other particulars of the bid may be visiting on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in of the site.

| S. No. | Item/Description of work | Estimated cost (In Rupees) | UBN |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | Supply of Complete Ladies & Gents Bicycles 20" (Colour-Orange) | 1,04,53,914/- | EDU2526 GLOB00117 |

(Bhanwar Lal Parmar) Dist. Education Officer, (HW.) Secondary, Jalore
DIPR/C/367/2026

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2026/10325 दिनांक :– 06.01.2026
**:–ई–निविदा सूचना–2025–26:–**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 22.01.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2526WSOB29732), (DLB2526WSOB29733), (DLB2526WSOB29734), (DLB2526WSOB29735), (DLB2526WSOB29737), (DLB2526WSOB29739), (DLB2526WSOB29740), (DLB2526WSOB29742), (DLB2526WSOB29744), (DLB2526WSOB29745), (DLB2526WSOB29746), (DLB2526WSOB29747), (DLB2526WSOB29748), (DLB2526WSOB29753), (DLB2526WSOB29759), (DLB2526WSOB29761), (DLB2526WSOB29763), (DLB2526WSOB29765), (DLB2526WSOB29766) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/17500

Visit us : www.mpuat.ac.in Mail ID : zdr_arsb@yahoo.com Mo. No. : 8112207969 / 9414389929
**कृषि अनुसंधान केन्द्र, दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327 001**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
क्रमांक : एफ( )/कृअके/2025–26/243–46 दिनांक : 12/01/2026
**निविदा सूचना (2025–26)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य/कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 19.01.2026 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्याह्न 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
| --- | --- | --- | --- |
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर कृषि कार्य | 4,49,900/– | 9,000/– | 500/– |

संभागीय निदेशक अनुसंधान

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**
क्रमांक-अअ/सा/2025-26/4022 दिनांक-31.12.2025
**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 13 वर्ष 2025-26**
NIB NO. PWD2526A4944
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से Mantenance of Various B I roads under Risk & Cost के अन्तर्गत सडक कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में कुल 17 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 159.71 लाख है अत उक्त कार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
| --- | --- |
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 02 जनवरी 2026 9.30 बजे से 12 जनवरी 2026 सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
PWD2526WSOB19769, PWD2526WSOB19770, PWD2526WSOB19771, PWD2526WSOB19772
(प्रदीप पंवार) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड सांचौर
DIPR/C/193/2026

# 'पुरानी पैशन से छेड़ छाड़ की गई तो करेंगे आम हड़ताल'

**जयपुर।** सरकार की संवाद हीनता एवं संवेदनहीनता के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आ ान पर आज प्रदेश भर से हजारों कर्मचारियो ने जयपुर को जाम कर दिया।

कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों की चेतावनी महारैली रामनिवास बाग से रवाना हुई जो तीन घंटे में बाइस गोदाम पुलिया के पास पहुंचकर सभा में तब्दील हुई इस दौरान जयपुर का ट्रैफिक पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया और पूरे शहर में जाम के हालात बन गए। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने बताया कि सरकार अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों के साथ लगातार वादा खिलाफी कर रही है।

बजट घोषणा के बावजूद न ही तो कैडर पुनर्गठन किया गया है न ही वेतन विसंगति दूर की गई है, सरकार ने निगम बोर्ड एवं यूनिवर्सिटीज में ओ पी एस के स्थान पर एन पी एस लागू कर महासंघ को खुली चुनौती है, इसी प्रकार स्पष्ट पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी नहीं कर रही और हजारों तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण भी नहीं किए जा रहे है, लाखों संविदा कार्मिकों को नियमित नहीं किया जा कर उनका शोषण किया जा रहा है।

# वकील का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर थाना पुलिस ने वकील का अपहरण कर मारपीट कर फिरौती मांगने वाले सात बदमाशों को गिरफ्तार कर पीड़ित वकील को आरोपियों के चुगंल से मुक्त करवाते हुए वारदात का पर्दाफाश किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों ने अन्य लूटपाट की वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ली गई कार, व मोबाइल फोन जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वकील का अपहरण करने के आरोप में शिवराज सैनी (25), फूल सिंह सैनी (26), रवि सैनी (20), पिंटू सैनी (25), बंटी राम सैनी (24), आशीष मीणा (25) और मलकेश सैनी (24) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फूल सिंह सैनी जयपुर के महिंद्रा सेज में रहकर डीवी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की जॉब करता है।

बताया जा रहा है कि 10 जनवरी की रात वकील मानवेंद्र सिंह अपनी



सांगानेर थाना पुलिस ने वकील का अपहरण कर मारपीट कर फिरौती मांगने वाले सात बदमाशों को गिरफ्तार किया।

कार से मानसरोवर जा रहा था। इसी दौरान सांगानेर इलाके में कार टच होने पर आरोपियों ने पीड़िता का पीछा किया। इस पर मानवेंद्र घबरा गया और उसने अपनी कार सीताबाड़ी स्थित रॉयल एवेन्यू के पास ओर घुमा दी। लेकिन आगे गली बंद होने के कारण मानवेंद्र फंस गया। तभी पीछा कर रहे बदमाशों ने मानवेंद्र को गली में दबोच लिया ओर अपनी कार में डालकर अपहरण ले गए। बदमाशों ने चलती कार में पीड़ित मानवेंद्र के साथ जमकर मारपीट की और धमकी देकर परिजनों और रिश्तेदारों से रुपए मंगवाने का दबाव बनाया। आरोपियों ने क्यूआर कोड भेजकर दोस्त ओर पत्नी से 16 हजार रुपए ऑन लाइन ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी शातिर बदमाश पीड़ित से रुपए मंगवाने का जोर डालते रहे। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर सांगानेर थानाधिकारी लिखमाराम अपनी टीम के साथ वकील की क्षितग्रस्त मिली कार के पास पहुंच गए।

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ली गई कार, व मोबाइल फोन जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है,
- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ली गई कार, व मोबाइल फोन जब्त किया है

परिजनों से सम्पर्क होने पर क्यूआर कोड़ में आए नंबरों के आधार पर लोकेशन ट्रेस की गई। पीछा करते हुए पहुंची पुलिस टीम को जयपुर के वाटिका के पास रिंग रोड की स्लिप लेन में अंधेरे में एक कार खड़ी मिली। घेराबंदी कर कार को चैक किया गया तो उसमें किडनैप एडवोकेट बदहवास हालत में पड़े मिले। पुलिस ने मानवेंद्र को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## सार-समाचार

### चार बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-17 में निजी खातेदारी करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-17 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिषनगढ़, जिला जयपुर के खसरा नं. 436 में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन ढ़ांचे, पिल्लर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-17 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन षिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-17 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

### विवेकानंद के विचारों से अनुप्राणित हुआ युवा दिवस समारोह



**जयपुर।** जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर हुई संगोष्ठी में स्वामी विवेकानंद के जीवन, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण संबंधी विचारों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। संगोष्ठी संयोजक शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मदनमोहन झा ने की। प्रो. झा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और आत्मगौरव का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज के युवाओं के लिए न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि जीवन निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए मार्गदर्शक भी हैं। मुख्य वक्ता प्रो. राजधर मिश्र ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने वेदांत के संदेश को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया और युवाओं को उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको का अमर संदेश दिया। विवेकानंद का दर्शन आज भी युवाओं को नैतिकता, अनुशासन और कर्मयोग की प्रेरणा देता है।
कार्यक्रम के आरंभ में राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा ने यजुर्वेद के मंत्रों से मंगलाचरण किया। वित्त नियंत्रक रामचंद्र मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हेल्थ कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित




**जयपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के जयपुर शहर अध्यक्ष सुधीर जी नाटाणी द्वारा फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुर में स्वास्थ चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयपुर शहर महामंत्री विष्णु बियानी ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ राहुल सिंघल, डॉ अंकित बंसल, डॉ जितेंद्र शर्मा ने आए हुए लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए बहुत बातों पर अपनी चर्चा कर उन्हें स्वस्थ रहने की बातें बताई। कार्यक्रम के उपरांत जयपुर शहर अध्यक्ष महोदय द्वारा मनीष केडिया, अतुल अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, सुभाष खंडेवाल, राम कुमार गोयल, शालिनी अग्रवाल को पदाधिकारी बनाया गया। कार्यक्रम में समिति के जिला अध्यक्ष राजीव बियानी, जिला महामंत्री अनिल लोहिया, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश मेहता, शहर कोषाध्यक्ष अभिषेक मोदी, शहर महिला अध्यक्ष विजेता गर्ग, प्रदेश महामंत्री केशव गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, शकुन्तला विजयवर्गीय अन्य कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### एस बी आई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग अवार्ड सेरेमनी सम्पन्न




**जयपुर।** डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का सातवाँ संस्करण स्पोफिट अकादमी में हुआ। इस टूर्नामेंट में 46 टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में 300 खिलाड़ीयों ने भाग लिया। विभिन्न कैटेगरी में ओपन मुकाबले भी हुए। लीग संयोजक डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया किएस बी आई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का अवार्ड समारोह जयपुर क्लब में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के यू डी एच मंत्री झाबर सिंह खर्रा थे। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ़ ऑनर एस एम एस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ जी एल शर्मा (डायरेक्टर प्रियंका हार्ट हॉस्पिटल), डॉ राजवेंद्र चौधरी (डायरेक्टर पिंक स्टार हॉस्पिटल) डॉ.राकेश शर्मा (डायरेक्टर एस आर के हॉस्पिटल व डॉ नरेश सोमानी (डायरेक्टर सोमानी हॉस्पिटल) थे। लीग चेयरमैन डॉ अनिल यादव ने बताया कि सभी गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा ने जीवन में खेलों की आवश्यकता पर सकारात्मक संदेश दिया। पुरस्कार वितरण समारोह के बाद शानदार संगीत संध्या का आयोजन हुआ। बॉयज वर्ग में लिपि क्लीनिक विजेता रही। लीग आयोजन अध्यक्ष डॉ अनिल यादव ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में जयपुर न्यूक्लियर इमेजिंग सेंटर विजेता रही।

### मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान जारी

**जयपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी बाड़मेर ने कल से ग्रामीण पंचायतों की तरफ रुख कर दिया। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गोदारा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बाड़मेर ग्रामीण में मनरेगा से लाभान्वित महिलाओं से संवाद किया। जिसमें उनको केंद्र सरकार की मंशा बताई तथा महिला लाभार्थियों ने मनरेगा से मिली आय के बारे में और गांव में हुए विकास के बारे में भी बताया। जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी ने लाभार्थियों से रूबरू होते हुए कहा कि नया कानून मजदूरों के पेट पर लात मारने वाला कानून है और उसका जोरदार तरीके से विरोध करना पड़ेगा जिससे आम गरीब मजदूर को अपनी आय से वंचित न होना पड़े।

# 'नव साक्षरों को उनकी आवश्यकतानुसार कौशल प्रशिक्षण प्रदान करे'

- निष्पादक समिति की बैठक का आयोजन, बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की विस्तृत वार्षिक कार्य योजना एवं मदवार बजट योजना पर चर्चा की

**जयपुर।** शिक्षा संकुल के माधव सभागार में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गठित निष्पादक समिति की बैठक शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की विस्तृत वार्षिक कार्य योजना एवं मदवार बजट योजना पर चर्चा की गयी। बैठक में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंकेक्षित लेखों एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र का अनुमोदन किया गया।

कृणाल ने वार्षिक कार्य योजना एवं बजट अनुसार विभिन्न मदों की विस्तृत कार्य योजना एवं बजट अनुसार राशि के व्यय करने, लर्नर द्वारा बुनियादी सारक्षता एवं संख्या ज्ञान का एससमेंट टेस्ट उत्तीर्ण करने के उपरान्त स्टेट ओपन स्कूल के माध्यम से बुनियादी शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाने, एसेसमेंट टेस्ट के सर्टिफिकेशन का कार्य स्टेट ओपन स्कूल से करवाने और प्रत्येक माह (रविवार) को ग्राम पंचायत / ग्राम स्तर पर बुनियादी सारक्षता एवं संख्या ज्ञान के संबंध में एफएलएन दिवस आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नवसाक्षरों को उनकी आवश्यकतानुार कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, संयुक्त सचिव महेंद्र खींची सहित मेडिकल, राजीविका, साक्षरता सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहन चोर ने मास्टर चाबी से चुराई बाइक

**जयपुर।** सोडाला थाना इलाके में अज्ञात वाहन चोर अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी बाइक महज 35 सेकेंड में रैकी करने के बाद चोरी कर फरार हो गए। जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने थाने पहुंच वाहन चोरी की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर वाहन चोरों की तलाश शुरु कर दी है। हेड कांस्टेबल राजाराम ने बताया कि पीड़ित राकेश पारीक (28) थाना इलाके में स्थित 22 गोदाम नंदपुरी गली नंबर -2 में एक अपार्टमेंट में रहता है। पीडित 8 जनवरी को अपनी बाइक अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ा अलवर चला गया। वापस लौटा तो पार्किंग से बाइक गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज देखने पर तीन अज्ञात वाहन चोरी महज 35 सेकेंड में बाइक चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिए। तीनों अज्ञात वाहन चोरों ने पहले तो 35 सेकेंड तक रेकी की और मौका मिलते ही मास्टर चाबी से बाइक चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

# 'विकसित राजस्थान के लक्ष्य में युवाओं की भागीदारी अहम'

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, युवा राष्ट्र के कर्णधार, विकास में निभाएं सक्रिय भूमिका

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है तथा हमारे युवा, देश और प्रदेश के कर्णधार हैं। युवाओं की ऊर्जा एवं शक्ति से ही विकसित भारत व विकसित राजस्थान के सपने को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने तथा उनके सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। हमारी प्राथमिकता है कि बजट युवा केन्द्रित बने, जिससे राज्य के विकास को गति मिले और मजबूत राजस्थान का निर्माण हो सके। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर सार्वजनिक क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्रों से बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने सभी युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। विवेकानन्द जी ने युवाओं को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अडिग रहकर काम करने का संदेश दिया।

युवा तरुणाई आगे बढ़ेंगे तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 3 लाख से अधिक युवाओं को आर्थिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा करीब 2 लाख युवाओं को इंटर्नशिप, 65 आई स्टार्टअप लॉन्चपैड नेस्ट की स्थापना तथा 658 स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की गई है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने आते ही राज्य के विकास का रोडमैप बनाते हुए पानी-बिजली की प्राथमिकता पर कार्य किया गया। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, नर्मदा सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य में 82 प्रकार के खनिज संसाधन हैं तथा प्रदेश के पर्यटन स्थल की विश्व में अपनी पहचान है। यहां की झीलें, किले, हवेलियां, मरुस्थल तथा धार्मिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के लिए प्रमुख केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद की धारणा को अपनाते हुए कार्य कर रही है, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक सुनिश्चित हो।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने मुख्यमंत्री का गत 2 वर्षों में युवाओं के हित में किए गए अनेक निर्णयों के लिए आभार जताया। साथ ही, युवाओं ने शिक्षा उन्नयन, रोजगार, कौशल एवं उद्यिमता, स्टार्टअप सहित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने युवाओं द्वारा दिए गए सभी सुझावों को गंभीरता से सुना एवं कहा कि इन सुझावों को आगामी बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी मेले के अंतिम दिन खरीदारों की लगी भीड़

**जयपुर।** बजाज नगर खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी व मेले में अंतिम दिन से पूर्व सर्दी बढ़ने के साथ ही खरीदारों की लगी भीड़। हर वर्ष लगने वाली खादी की ये प्रदर्शनी मकर सक्रांति के एक दिन पूर्व तक लगती है।

गांधी नगर रेलवे स्टेसन के सामने लगने वाली प्रदर्शनी राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था, संघ बजाज नगर की तरफ से आयोजित की जाती है। इस प्रदर्शनी में खादी से निर्मित गर्म कपड़े, खादी से जुड़ी कई संस्थाओं द्वारा निर्मित सामान यहाँ मिलते हैं। जम्मू कश्मीर के ड्राईफ्रूट, अचार पापड़, चमड़े से निर्मित सामान, सर्दी में गर्मी देने वाले तिल कुट्टा, तिल्ली का तेल व नारियल के तैल की यहाँ स्टॉल्स लगी होती है। राजस्थान के भरतपुर जिले के भुसावर के अचार भी यहाँ विशेष पसंद किये जाते हैं। खादी के कपड़ो पर विशेष छूट मिलने से लोग इस प्रदर्शनी का इंतजार करते हैं। चित्तौड़गढ़ के कपासन के शाहू के



बजाज नगर खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी व मेले में अंतिम दिन से पूर्व सर्दी बढ़ने के साथ ही खरीदारों की भीड़ लगी।

निर्मित सामान भी खाने पीने के शौकीन यहाँ खरीदी के लिए पहुंचे है। कच्ची घणी के तिल्ली के तैल व लोगों के सामने निकालने से नारियल का तैल भी भारी मात्रा में खरीदारी की जाती है। स्वाद व सर्दी में काम के लिया जाने वाला तिल कुट्टा व तिल्ली का तैल भी यहाँ कपासन के शाहू परिवार के लोग घणी लगाकर निकालकर देने से बहुत पसंद किया जाता है। बीकानेर के भुजिया नमकीन व पापड़ भी लोग खूब खरीदने आते हैं।

# शातिर चोर बापर्दा गिरफ़्तार

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने शातिर चोर को बापर्दा गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि शातिर चोर विजेंद्र के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में सूने मकानों में चोरी करने के कई मामले दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित से चोरी का माल खरीदने व वारदात में शामिल अन्य सहयोगियों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर चोर विजेंद्र सिंह मीणा वाला करणी विहार को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित नशा करने का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए मकानों की रैकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने घर के अंदर बच्चों को अकेला खेल देता, बातचीत शुरु की और उनकी मम्मी के बारे में पूछा। जिसके बाद शातिर बदमाश ने बच्चों को कहा की मम्मी सिलाई के कपड़े लेने गई है और चाय पीने के लिए कहा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम लूटने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी के खोरा बीसल थाना इलाके में सोमवार अल सुबह बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को लूटने का प्रयास करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गश्ती टीम को देखकर बदमाशों के मंसूबों पर पानी फिर गया और वे मौके से भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) हनुमान प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र के नांगल जैसा बोहरा में दादी का फाटक के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम बूथ स्थित है। सोमवार अल सुबह बदमाश लूट की नीयत से एटीएम बूथ में घुसे और मशीन से नकदी निकालने का प्रयास किया। जब सेफ नहीं खुला तो आरोपियों ने दो बड़े पत्थरों और पेचकस की मदद से एटीएम मशीन को तोड़ने-फोड़ने का प्रयास किया, जिससे मशीन बुरी तरह क्षितग्रस्त हो गई।

इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे गश्त कर रही चेतक मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आता देख बदमाश भागने लगे। गश्ती दल में शामिल कॉन्स्टेबल विष्णु कुमार और अभिषेक ने एटीएम बूथ से युवकों को भागते देखा और करीब 200 मीटर तक पीछा कर एक बदमाश को सड़क पर गिराकर पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी आशीष राजपूत (21) निवासी बिहार हाल नांगल जैसा बोहरा बताया गया है। आरोपी ने कार में बैठने के बाद भी कांस्टेबल विष्णु कुमार को धक्का देकर दोबारा भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने करीब 700 मीटर तक दौड़ कर उसे फिर से दबोच लिया।

इस दौरान कांस्टेबल विष्णु कुमार के पैर में मामूली चोट आई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद उसके अन्य साथियों के नामों का खुलासा होने की संभावना है।

# ई-जनसुनवाई में 48 प्रकरणों पर हुई सुनवाई, 19 का मौके पर ही किया निस्तारण

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए शुरू की गई ई-जनसुनवाई व्यवस्था सोमवार को भी प्रभावी रूप से जारी रही। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के नेतृत्व में किए गए इस नवाचार के तहत सोमवार को विभिन्न जोन्स और शाखाओं में कुल 48 प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

ई-जनसुनवाई के दौरान सोमवार को कुल 9 शाखाओं और जोन्स, जिनमें पीआरएन-उत्तर, पीआरएन-दक्षिण, जोन 1 से 6 एवं प्रवर्तन शाखा शामिल हैं, के प्रकरणों को सुना गया। सोमवार को कुल 48 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 19 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर प्रार्थियों को राहत प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 11 प्रकरण अभी लंबित हैं जिनका शीघ्र निस्तारण किया जाएगा, जबकि 6 प्रकरणों को आगामी जनसुनवाई के लिए अग्रेषित किया गया है। तकनीकी कारणों या डेटा प्रविष्टि के लिए 11 प्रकरण अभी जोन स्तर पर लंबित हैं और 1 प्रकरण निस्तारण के लिए अयोग्य पाया गया।




जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए शुरू की।

जेडीए की इस डिजिटल पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की मजबूरी से मुक्ति मिली है। प्रार्थी अब वेबएक्स ऐप के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर अपनी बात सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख रहे हैं। इस प्रक्रिया में, यदि प्रकरण नियमानुसार है तो उसका तुरंत समाधान किया जा रहा है और यदि समय लगना है तो एक निश्चित समय-सीमा दी जा रही है। पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही है जिससे पारदर्शिता और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। नागरिकों ने घर बैठे समस्याओं के समाधान की इस व्यवस्था को समय की बचत करने वाला बताते हुए जेडीए प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

- 11 प्रकरण अभी लंबित हैं जिनका शीघ्र निस्तारण किया जाएगा, जबकि 6 प्रकरणों को आगामी जनसुनवाई के लिए अग्रेषित किया गया है
- पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही है जिससे पारदर्शिता और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित हुई है

# युवा शक्ति और खाकी का संगम

**जयपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर आज राजस्थान पुलिस के एक अनूठे रूप ने प्रदेश के युवाओं का दिल जीत लिया। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के निर्देशन में पूरे प्रदेश के थानों में जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में जयपुर के पुलिस थाना माणक चौक में एक भव्य और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं, कॉलेज विद्यार्थियों और 18 से 25 वर्ष के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान युवाओं के लिए थाने के दरवाजे पूरी तरह खुले नजर आए। प्रतिभागियों को थाना भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने पहली बार यह देखा कि पुलिस कैसे काम करती है, कानून व्यवस्था का संधारण कैसे होता है।

एडीजीपी कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीना के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में तकनीक पर विशेष जोर दिया गया।

# ARBiT
it happens here...

राष्ट्रदूत
TUESDAY
13 January 2026
A-B




## Public Radio Broadcasting Day: Celebrating the Power of Radio

Public Radio Broadcasting Day, observed on January 13 every year, honours the role of radio as a vital medium of mass communication. It commemorates the launch of the first official public radio broadcast and highlights radio's contribution to education, information, and entertainment. Across the country, radio stations and media organizations celebrate with special programs, interviews, and interactive sessions for listeners. The day underscores radio's unique ability to reach remote areas, connect communities, and promote cultural exchange. Public Radio Broadcasting Day reminds us of the enduring relevance of radio in an increasingly digital world and its power to inform, inspire, and unite.

#ARMY DAY

## Shaurya Sandhya, With The Setting Sun

Who we are and who we will always be was picturised before us. From Maharana Pratap to Operation Sindoor












The Shaurya Sandya, was what it said it was, an evening of memories of past valour and present execution. The setting sun was the backdrop against which a reminder of who we are and who we will always be was picturised before us. From Maharana Pratap to Operation Sindoor, there was not a moment of ennui, as they say in French, for want of a better expression. Here are some pictures to recall the event.







# Killed in Action Pakistani Ki Zubani




A broader orientation and placement of Salahuddin Force.

After the exchange of pleasantries, he extended an invitation to visit him. There were other invitations too. Shafqat and Imran Shafi, old friends from Karachi college days, who were studying Aeronautical Engineering at Risalpur, had come to pay me a visit at Nagi Block of School of Artillery and invite me over. The life of an Artillery YO (Young Officer), dear reader, has other torments; solving a met (meteorological) message, CP (Command Post) Exercise, Gun Drill and more. I couldn't spare time and missed a second chance to visit Risalpur. I had skipped both the chances of knowing Captain Nisar Ahmed Shaheed, Sitara e Jurrat.




The area of Operation of Salahuddin Force in and around.

## #OPERATION GIBRALTAR 1965


● Kshema Jatuhkarna


I came across this marvelous account from an account written by unknown (to me) army personnel from Pakistan. It was interesting enough to bring to Arbit readers.

Mukhtiar was Company Havildar Major (CHM) of Ubaida Company in Pakistan Military Academy Kakul. Tall height, smart bearing, pointed fauji moustache curved upwards on the ends, wearing a blood red diagonal sash over khaki uniform starched to a razor sharp crease, royal blue beret, trademark color of army's corps of engineers, shining spotless drill FTs with hammered heels, the sole of which never missed a stud. He was like any other drill staff in the academy, the epitome of dress, discipline and drill.

For the initial three terms, Ubaida was my company and Mukhtiar my CHM. Now, all drill instructors by design are meant to be demanding, monotone harsh and unforgiving, but then, they also get to pick their favourites. The 'good books' of PMA drill staff is that dreaded anti shin-bone Rafiullah Drill Square and to qualify one ought to develop a 180 degrees arm swing, knee raised to chest height and brought down in a swift nano-seconds movement, and to top it all, foot stomped on the ground generating a pressure of few hundred decibels. One of our Drill Subedar Majors from the Corps of Signals summarized it in these immortalized words, 'Sahibano! Paoñ uthay lagay dabay, pata na chalay!' (The said SM got immortalized in the course chronicles with the title SM Shurlee but that's a tale for another day.) A select few achieve this legendary standard and make it to the good books of PMA drill staff. I, dear reader, was from the other kind and with it came the consequences. Returning from the Physical Training or Halls of Study when the pack of drill instructors was let loose on the herd of cadets



Advanced Drill Competition. From the days of Babar Company.

marching on PMA Road to pick their kill, with their trademark caution "Ruk Saahb! Shout Number Saahb!" CHM Mukhtiar to me would simply say, "Imran Saahb Ruk! (CHECK ONE TWO). Poor marching! Aap Saahb aaj after the last period ke baad 'performa' dekh lena!" The conversation with Imran saahb would plainly translate to "being a regular customer, I have memorized your Gentleman Cadet Number, so you just need to check the entry on the list."

My intelligent readers must have realized that "performa" was in fact the daily pro forma for the punishment parade roll call through which Extra Roll Call(s) (ERCs), or sometimes, Extra Drill (ED) were awarded commensurate with the degree of offence that varied from as grave as smiling, or marching improperly or loose belt to as trivial as a twisted shoe lace.

Sailing through this love-hate relationship with the Drill Staff with an undertone of respect (carried and treasured for life), we passed out to become officers. That was the first time I missed joining Military College of Engineering, and with it, a chance of visiting Risalpur.



Lieutenant General Harbaksh Singh, GOC in C Western Command at Sarla Picquet.

### A Skipped Visit

As a gunner Second Lieutenant, I was attending Basic Course at School of Artillery Nowshera, when out of nowhere, near Badrashi, I bumped into Mukhtiar. He was now a Naib Subedar posted to the Engineers Center at Risalpur as Drill Instructor. After the exchange of pleasantries, he extended an invitation to visit him. There were other invitations too. Shafqat and Imran Shafi, old friends from Karachi college days, who were studying Aeronautical Engineering at Risalpur, had come to pay me a visit at Nagi Block of School of Artillery and invite me over. The life of an Artillery YO (Young Officer), dear reader, has other torments; solving a met (meteorological) message, CP (Command Post) Exercise, Gun Drill and more. I couldn't spare time and missed a second chance to visit Risalpur. I had skipped both the chances of knowing Captain Nisar Ahmed Shaheed, Sitara-e-Jurrat.

A present day visitor to Risalpur, other than Nisar Shaheed Road and Nisar Shaheed Park, would also come across Nisar Shaheed Degree College. The legacy of a Pakistan Army Commando from Engineers Corps who fought beyond the ceasefire line as part of Gibraltar Force. If one happens to visit Cherat where Pakistan's Special Services Group is headquartered, Nisar's name is second from top after that of Maj Muhammad Sarwar of Armoured Corps on the honour roll. The entry on the board reads, "Capt Nisar Ahmed, SJ, Engrs: 1965."


Gibraltar was the botched venture aimed at infiltrations into Indian Held Kashmir by a composite force of Pakistan Army regulars and mujahids that eventually led to September War. Captain Nisar was part of Operation Gibraltar as he led a platoon for actions deep into Indian territory aiming at the very heart of Kashmir, the town of Srinagar. The detail on actions both in Operation Gibraltar and about Nisar's force are scanty, not readily available, and for the most part, have stayed shrouded into mystery. It was fairly recently that an account came to us through an emotional article by Shemeem Burney Abbas.

### A Widow Writes

Shemeem Burney Abbas, an associate professor at the State University of New York, comes to our rescue through an article, first appeared in Friday Times during September of 2016. Shemeem, the widow of Captain Nisar Ahmed Shaheed, reflects on her marriage with the officer, a short lived affair of a few months and brings to us in some detail the role and nature of the operation her husband was assigned. It mentions that Captain Nisar, while leading an infiltrating force, had crossed the Line of Control into Indian Held Kashmir in July of 1965. The letter, a last one from Captain Nisar, begins with the emotional disclosure that the mere fact that Shemeem was reading it meant that her husband was no more. Our captain goes on to write about the operational aspects of his assignments.

"My love, on the 3rd of June, 1965, I was assigned to HQ 12 Div on a special duty i.e. to organize and conduct the training of certain Azad Kashmir soldiers and DAFA-MUJAHIDS. Later, I came to know that I am under a new HQ set up for this purpose i.e. HQ Line of Control Sub Area Murree and that I will be required to go into Indian Held Kashmir on a mission to conduct commando actions and organise Guerilla Warfare with the help of the local there. ... Our action commenced on the night 29/30 July, 1965. However, the night for the Raid on targets was appointed on the 7/8 August night. The area I was assigned was GULMARG and PATTAN where Brigade Headquarters were located."

*The Last Letter by Shemeem Burney Abbas, The Friday Times, September 2, 2016*



Inayatullah's *Dou Pulon ki Kahani* published by Maktaba e Dastaan.

### The Salahuddin Force

Lieutenant General (Retired) Mahmud Ahmed's magnum opus on *the history of 1965 Indo-Pak war* has a chapter dedicated to Operation Gibraltar. Combing through the highlights included by General Mahmud, we indirectly get some details on the force Captain Nisar Ahmed was part of.

One of the six and 'strongest of all Gibralatar echelons' was Salahuddin Force. Divided into six companies led by Major Mansha, this force infiltrated from the 'launch pad' of Bedori Bulge over formidable and tricky slopes of Pir Panjal Range. They had initially assembled near Gulmarg in a forest that went by the name Khag.

Major Mansha left one company in the area of Gulmarg and directed the remaining five companies towards their objectives in the vicinity of Srinagar. Captain Zia's company was to raid the Srinagar airfield, the radio station was given to Captain Farooq's company, petrol dumps to Captain Shaffi's company and the Punjab Reserve Police Headquarters was the target of Captain Hashim's company.

We later discover that the company, left to secure the base at Gulmarg, was under Captain Nisar. Later, when the Indian forces based on an early trigger located and came to raid, the base camp near Khag, Major Mansha had tasked Captain Nisar with his company to strike the targets in the Gulmarg area. It was during one such raid that our valiant captain sacrificed his life. General Mahmud's book is quiet on the type of the targets and the details of these raids. It was later when Major Mansha's force, having been unsuccessful in carrying out their mission, disengaged and exfiltrated in packets. We are told that they had lost three soldiers and that included Captain Nisar. They had another fourteen wounded and four were captured by Indians as prisoners.



ROLL OF HONOUR

| | |
|---|---|
| MAJ MUHAMMAD SARWAR, AC | 1965 |
| CAPT NISAR AHMED, SJ, ENGRS | 1965 |
| CAPT MUHAMMAD SADIQ, SJ, ARTY | 1965 |
| LT COL MUHAMMAD SULEMAN KHAN, FF | 1971 |
| MAJ BILAL AHMED, SJ, FF | 1971 |
| MAJ ASAD ALI KHAN, PUNJAB | 1971 |
| CAPT MUHAMMAD SIKANDAR KHAN, FF | 1971 |
| CAPT MUHAMMAD SAEED, ARTY | 1971 |
| CAPT AHMED ZIA KHAN, BALUCH | 1971 |
| CAPT MUHAMMAD SALEEM, ARTY | 1973 (IS OPS) |
| CAPT MUHAMMAD ALAM KHAN, S.Bt, PUNJAB | 1974 (IS OPS) |
| CAPT MUHAMMAD AKMAL KHAN, T.Bt, ASC | 1986 (SIACHEN) |
| CAPT MUHAMMAD IQBAL KHAN, HJ, ASC | 1987 (SIACHEN) |
| CAPT SALIK NAWAZ CHEEMA, SJ, ARTY | 1987 (SIACHEN) |
| MAJ MUHAMMAD SOHAIL ARIF, S.Bt, PUNJAB | 1999 (KARGIL) |
| CAPT MUHAMMAD AMMAR HUSSAIN, SJ, FF | 1999 (KARGIL) |
| LT COL AAMIR HAMEED AWAN, SIND | 2006 (IS OPS) |
| MAJ KHALID AZIZ, AK | 2006 (IS OPS) |
| CAPT ZAMEER ABBAS, FF | 2006 (IS OPS) |
| LT COL HAROON ISLAM, H.St, SIND | 2007 (IS OPS) |
| CAPT SALMAN FAROOQ, S.Bt, T.Bt, FF | 2007 (IS OPS) |
| CAPT JONAID KHAN, BR | 2009 (IS OPS) |
| CAPT NAJAM RIAZ RAJA BR | 2009 (IS OPS) |
| CAPT BILAL ZAFAR, BR | 2009 (IS OPS) |

Roll of Honour of Special Services Group at Cherat. Captain Nisar's name is second from top I Image from Facebook.

### Do Puloñ Ki Kahani

It's unlikely for the name Inayatullah 'Altamash' to ring a bell when it comes to writings on military history in the Indo-Pak context. With active service in British Army on Burma front in 1944, a prison break from the meticulous Japanese and then a desertion to join independence struggle while in Malaya, the gentleman himself is quite a character. One of Inayatullah's significant contribution was meeting with soldiers and documenting their stories from the active front immediately after 1965 Indo-Pak war. One of Inayatullah's publications of the 1965 war stories was titled 'Do Puloñ Ki Kahani.' Quite interestingly, the story carrying the title of the book is the story of Captain Nisar Ahmed from the Gibraltar Force.

Now, Inayatullah remained an editor of monthly *Sayyara Digest* and later started another monthly *Hikayat*. It is very likely that while writing *Dou Pulon Ki Kahani*, he might have consulted the memoirs published in 'Urdu Digest' or Commando Alamgir's book 'Operation Gibraltar: Mahaz e Kashmir.' What we gather from it are a few names from Captain Nisar's platoon, Subedar Sher Alam, Neik Muhammad Din and two civilian mujahids, Abdul Rehman and Hafiz Ataullah. The platoon was tasked to demolish two bridges in a radius of 3-8 miles from their base. We don't get the names or locations of these bridges, what we get from the story is that the first bridge was a concrete structure in the vicinity of a supply dump and was guarded by soldiers from a Sikh regiment. The other bridge was a smaller wooden structure. The mission to destroy the former through explosives was successful and a huge explosion also took care of the supply dump close to the bridge. The tactic adopted to destroy the wooden bridge, a few days later, was simply setting the bridge on fire. This was the mission where we lost both Captain Nisar and Subedar Sher Alam. The body of Captain Nisar was carried back from the site of the bridge and was later buried somewhere enroute to the base camp.

Inayatullah, in his story, accurately tells us of Mrs. Shameem, who was widowed after six months of her marriage to Captain Nisar and their daughter, who was born after her father's shahadat.

### Commando Alamgir's Book

Our man, who uses the pseudonym Alamgir, was a Special Services Group Captain (later retired as Brigadier) who led a company as part of Salahuddin Force in Operation Gibraltar. The narrative focuses on the task assigned to Alamgir in organizing raids on Srinagar, the book also gives us a scanty account of Captain Nisar to whom Alamgir refers to as Barey Bhai (elder brother). The main task assigned to Nisar Force was securing the base camp.


While at the base camp, Nisar got the wind of a Battalion Order Group of Indian outfit assembling in the jungle near village Khag to attack the base camp of Salahudding Force. In a pre-emptive move, Nisar with a raiding party moved out and led the assault on the assembled group. Nisar valiantly led the attack and was killed by machine gunfire from Indian Battalion Commander. The entire raiding party was wiped out less one individual who later narrated the story to Alamgir and mentioned that those killed in action, including Nisar, were buried in the graveyard of village Khag by the locals.

### Indian XV Corps in Kashmir

*The Monsoon War: Young Officers Reminisce*, a combined effort by Amarinder Singh and Lieutenant General Tajinder Shergill on 1965 India-Pakistan war, is a monumentous effort at par with Lieutenant General Mahmud's magnum opus from this side of the divide. It gives us a broader picture of Kashmir where the first sighting of 'suspicious looking strangers' were reported to the police by locals on 5th August, a time when the only elements available in the valley were the battalions of Jammu and Kashmir Militia. In the coming days, the regular army units of 4 Sikh Light Infantry and 2/9 Gurkha Rifles would join them and the Leh Brigade would also move in to counter the insurgency.

On the morning of 5 August 1965, at a village called Darra Kassi, a young Gujjar boy, Muhammad Din, was contentedly grazing his cattle when he was approached by two armed men in green shalwar kameeze. He was offered money for information, and this, he readily accepted, giving them whatever the story his young mind could conjure up. As soon as the two men had made off, he went straight to the police station at nearby Tangmarg, below Gulmarg, to report the incident.

The foreign elements reported by the Gujjar boy of Darra Kassi was in fact Major Mansha's Salahuddin Force on its way initially to Tosa Maidan, later diverted to Gulmarg, as the former location was already occupied by an Indian unit. Now, the book tells us that a platoon of 4 Sikh Light Infantry was airlifted from Pathankot and accompanied Lieutenant General Harbakhsh Singh, Army Commander, Western Command and landed in Srinagar on 8th August, but we do not get any mention of a skirmish between infiltrators and soldiers of 4 Sikh. As per the Indian account, there was an ammunition dump at Dewa, a place between the forest of Gulmarg and a village named Khag. Brigade Headquarters was located close to the ammunition dump. Now, the Dewa ammunition dump blew up due to effective artillery fire, and with it was destroyed a part of Brigade Headquarters with command echelon including the Brigade Commander killed. But this action is attributed to an air observation post (AOP) in the area, with no involvement of ground forces. The other significant event that comes to us is the action by an infiltration force led by the legendary Major Haq Nawaz Kiyani that had attacked Naugam where Indian 8 Kumaon was based. This daring action cost Kumaon Regiment their commanding officer Lieutenant Colonel V. N. Gore. Major Kiyani wasn't linked to Salahuddin force, but was part of the border groups that assisted the infiltrators. These groups were called Nusrat Force.




The Plaque at Nisar Shaheed Park, Risalpur.

Captain Nisar Ahmed of Special Services Group, parent arm Engineers was part of Salahuddin Force operating under Major Mansha that infiltrated behind the Line of Control as part of Operation Gibraltar. Our daring captain initially secured the Salahuddin Force base camp at Gulmarg and later is reported to have died while launching raids on Indian attacking parties. Captain Nisar was buried across the Line of Control in the infiltrated territory.


Shemeem Burney Abbas mentions the field diary of Commando Alamgir on Operation Gibraltar and that she consulted the diary to read an account of her husbands' operation and subsequent death. The diary mentions that Captain Nisar Ahmed 'a masterful tarot reader' and a good singer lies buried south of Gulmarg in a village named Khag in Indian Held Kashmir. Ms. Abbas also mentions of her anger towards her husband for 'abandoning' her and their to be born daughter to fight and die behind enemy lines. Of late, having read more about the elusive Operation Gibraltar, Shemeem's anger towards Captain Nisar has transitioned into sympathy as she now believes that Nisar too was victim of a misinformed and mismanaged venture. She talks about the trauma after her husband's death, the pregnancy she had to go through alone and the hardships she had to scale in life. If these were not enough, Shemeem had to leave the country to evade blasphemy charges and is now settled in the United States in a self-imposed exile. She might never return to the country where her husband is celebrated as a national hero.


rajeshsharma1049@gmail.com




General Musa decorating Major General Akhtar Hussain Malik, GOC 12 Division.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पावटा में केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर कई वाहनों पर पलटा, कोई जनहानि नहीं

**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि टैंकर पलट जाता और केमिकल सड़क पर फैल जाता तो स्थिति भयावह हो सकती थी**





पावटा में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर तेज रफ्तार में बेकाबू हुआ टैंकर टेंपो से टकराया और फिर सड़क किनारे खड़ी कार को अपनी चपेट में ले लिया।

- **शैंपू-साबुन बनाने वाले केमिकल से भरा टैंकर टायर फटते ही अनियंत्रित होकर टेंपो व कार को रौंदता हुआ निकल गया**

**पावटा,** (निसं)। पावटा कस्बा स्थित उपजिला अस्पताल के पास सोमवार दोपहर में शैंपू और साबुन निर्माण में उपयोग होने वाले खतरनाक केमिकल से भरे एक भारी टैंकर का टायर अचानक फट गया, जिससे टैंकर अनियंत्रित हो गया।

तेज रफ्तार में बेकाबू हुआ टैंकर पहले एक टेंपो से टकराया और फिर सड़क किनारे खड़ी एक कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि टैंकर पलट जाता या केमिकल सड़क पर फैल जाता, तो स्थिति बेहद भयावह हो सकती थी। टैंकर में भरा केमिकल मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत संवेदनशील बताया जा रहा है। गनीमत रही कि किसी तरह टैंकर पलटा नहीं, जिससे एक बड़ा जनहानि का हादसा टल गया।

प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम चौधरी ने बताया कि मुंबई से नालागढ़ जा रहे टैंकर में शैंपू और साबुन बनाने वाला केमिकल भरा हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा के पास टैंकर का पिछला टायर फट जाने के कारण अनियंत्रित हो गया। केमिकल से भरा टैंकर राजमार्ग पर खड़े टेंपो और कार को चपेट में लेते हुए राजमार्ग पर बने नाले में जाकर रुक गया। हादसे में टेंपो और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि दोनों वाहनों में सवार लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, हालात को संभाला और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। यह घटना सोमवार दोपहर लगभग दो बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पावटा कस्बा स्थित उपजिला अस्पताल के पास हुई। दुर्घटना से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर लंबा जाम लग गया। खबर मिलते ही प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम सहित पुलिस की टीम व नगरपालिका फायर बिठोड की टीम मौके पर पहुंची।

इसी दौरान पुलिस ने भी जरुरी संसाधन का उपयोग करते हुए पुलिस ने एतिहात के तौर पर ट्रैफिक को रुकवा दिया, बिजली बंद करवा दी गई तथा केमिकल से भरे टैंकर पर पानी की बौछार करवाई। चार क्रेन की सहायता से टैंकर को सीधा किया व यातायात सुचारू करवाया। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि केमिकल से भरे भारी वाहनों की नियमित जांच, रफ्तार पर नियंत्रण और सख्त नियम लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े और जानलेवा हादसे से बचा जा सके।

## छात्रा से गैंगरेप के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

**बीकानेर,** (लिसं)। यहां 12वीं क्लास की छात्रा से चलती कार में गैंगरेप का मामला सामने आया है। स्कूल जाते समय छात्रा को रास्ते से दो युवक किडनैप कर ले गए। इसके बाद चलती कार में बारी-बारी से रेप किया। वहीं दुष्कर्म के आरोपियों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस के अनुसार लड़की की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे जांच होगी।

जानकारी के अनुसार एक गांव में लोगों ने कार को रुकवाया तो आरोपी छात्रा को छोड़कर फरार हो गए। घटना 6 जनवरी की नापासर थाना इलाके की है। परिजनों की रिपोर्ट पर 11 जनवरी को मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, नापासर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12वीं क्लास में पढ़ने वाली लड़की स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। स्कूल के पास कार में सवार होकर पहुंचे एक वकील समेत दो युवकों ने छात्रा को जबरन गाड़ी में डाला और अपने साथ ले गए। दोनों युवक छात्रा को घंटों तक कार में घुमाते रहे। इस दौरान उसे डरा-धमकाकर बारी-बारी से रेप किया।

इस दौरान पड़ोसी गांव के लोगों ने शक होने पर कार को रुकवा लिया। लड़की को नीचे उतारकर परिजनों को सूचना दी गई। इस दौरान आरोपी युवक वहां से फरार हो गए। लड़की के घर वाले मौके पर पहुंचे और उसे अपने साथ ले गए। अब शिकायत मिलने पर नापासर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसकी जांच गंगाशहर सीओ हिमांशु शर्मा कर रहे हैं। लड़की की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे जांच होगी। फिलहाल पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

## पॉक्सो व कार जलाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट के दर्ज प्रकरण व कार जलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 9 जनवरी को पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि दुष्यंत सिंह परमार नाम का युवक उसकी नाबालिग बेटी के पीछे पड़ा हुआ है और आये दिन धमकी देकर उससे मारपीट करता है। रिपोर्ट में कहा कि गाड़ी में बैठाकर जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया और उसे मिलने के लिये बुलाया। रिपोर्ट में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी बुलाने पर नहीं गई तो उसने उनकी कार को जला दिया और जातिसूचक शब्द से धमकी दी। शहर एसपी ने कहा कि पीड़िता की रिपोर्ट पर पॉक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट की संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने कहा कि मामले में कार्रवाई के लिये पुलिस उप अधीक्षक रूद्रप्रकाश के सुपरविजन एवं बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिश देते हुए आरोपी दुष्यंत सिंह परमार को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# राजलदेसर में ई-मित्र से लौट रहे युवक का अपहरण

- **कार सवारों ने मारपीट कर धीरदेसर डूंगरगढ़ के पास छोड़ा**

**राजलदेसर,** (निसं)। राजलदेसर में ई-मित्र से घर लौट रहे युवक का कार सवारों ने अपहरण कर लिया। बदमाशों ने युवक के साथ गाड़ी में मारपीट की और देर रात डूंगरगढ़ धीरदेसर के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई हेमराज ने बताया कि राजलदेसर वार्ड 6 निवासी संजय कुमार नाई (34) ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय ने बताया कि उनकी ई-मित्र की दुकान है और वह रात करीब आठ बजे दुकान से घर लौट रहे थे। रास्ते में पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला के घर के पास एक कार खड़ी थी, जिसके पास कुछ युवक खड़े थे और कुछ कार के अंदर बैठे थे। युवकों ने संजय को रोककर किसी का पता पूछा। इसी दौरान उन्होंने रुमाल से संजय का मुंह ढका और उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया। गाड़ी में संजय के साथ मारपीट की गई और गाली-गलौज भी की गई। बदमाशों ने संजय के पास रखे एक लाख चालीस हजार रुपए भी छीन लिए। अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में कड़ी नाकाबंदी करवाई। अपहरणकर्ता संजय को कितासर, धीरदेसर डूंगरगढ़ के पास देर रात गाड़ी से बाहर फेक कर भाग गए। पुलिस जाँच में जुट गई है तथा कारणों का पता करने में लगी हुई है कि युवक का अपहरण क्यों किया था। पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संजय ने बताया कि आरोपियों के पास देसी कट्टा सहित अन्य हथियार थे उन्हें मारने तक की भी धमकी दी गई।

# कोटा में आपसी विवाद में चौकीदार की हत्या, आरोपी डिटेन

- **निर्माणाधीन मकान में चौकीदारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था**

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके के गायत्री विहार में निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करने वाले दो चौकीदारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें एक चौकीदार पक्ष ने हमला कर साथी चौकीदार की हत्या कर दी। मृतक डाढदेवी इलाके का निवासी रामफुल है।

जानकारी के अनुसार रामफुल और रामगंजमंडी निवासी बिट्टु दोनों उद्योग नगर इलाके के गायत्री विहार में निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करते हैं। सामने आया है कि दोनों के बीच निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करने सहित अन्य बात को लेकर अलाव तापते समय विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि रामफुल व बिट्टु नें एक-दूसरे पर पत्थरों व डंडे से हमला कर दिया। उद्योग नगर थानाधिकरी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि इलाके के गायत्री विहार में बिट्टु व रामफुल दोनों निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी का काम करते हैं, इसके साथ ही मकान में अन्य काम भी ले लेते हैं। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया है कि रामफुल कोई काम ले रहा था जिसे बिट्टु ने ले लिया। दोनों के बीच निर्माणाधीन मकान में काम करने को लेकर विवाद हो गया, थानाधिकारी ने बताया कि हमले में बिट्टु के सिर में चोट आई है, वहीं दूसरे चौकीदार रामफुल की एमबीएस अस्पताल पुलिस चौकी से सूचना मिली कि रामफुल को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया और मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को डिटेन कर लिया है, मामले की जांच की जा रही है।

## अपहरण के चार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। डबोक थाना पुलिस ने अपहरण एवं मारपीट के मामले में फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित धर्मनारायण पुत्र जेतराम ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि 29 दिसंबर दोपहर में निर्भयसिंह, रूपेन्द्रसिंह, देवेन्द्र सिंह, गुलाब कुंवर निवासी मीठानीम व 10 से 12 लोग हथियार लेकर आए तथा मुझ पर हमला कर अपहरण कर ले गए। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक आशिमा वासवानी के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी हुकमसिंह मय टीम ने रूपेन्द्र सिंह पुत्र निर्भयसिंह निवासी अम्बातलाई माल की टूस मीठानीम कुराबड़, निर्भयसिंह पुत्र भंवरसिंह निवासी अम्बातलाई माल की टूस मीठानीम कुराबड़, मनोहर पुत्र भंवरसिंह निवासी बिछावेड़ा डबोक तथा विक्रम सिंह पुत्र मनोहरसिंह निवासी बिछावेड़ा डबोक को गिरफ्तार इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार व लठ्ठ बरामद किया। इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

## बिना टिकट यात्रियों से जुर्माना वसूला

**कोटा,** (निसं)। यात्रियों में अनुशासन सुनिश्चित करने तथा बिना टिकट यात्रा और अवैध वेंडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा सोमवार को कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी रेलखंड पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 158 मामलों में किराया एवं जुर्माने के रूप में 46,840 की वसूली की गई। जांच के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों तथा अवैध वेंडिंग से जुड़े मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की गई। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा निष्पक्ष यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोटा मंडल में इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

## जोधपुर में टैंकर चालक से रूपए लेने का वीडियो वायरल

- **आरोप है कि आरटीओ के कर्मचारी ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली कर रहे हैं**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के केरू रोड से गैस टैंकरों और ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि आरटीओ के कर्मचारी ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली कर रहे हैं। इसका किसी अन्य वाहन ड्राइवर ने वीडियो बना दिया। वीडियो के सामने आने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। फिलहाल इस वीडियो को लेकर कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

बताया जा रहा है कि वीडियो जोधपुर के केरू रोड का है। यहां पर परिवहन विभाग की गाड़ी के कार्मिक ट्रक चालकों से वसूली करते हुए नजर आ रहा है। इसका किसी ने वीडियो बना दिया। यह वीडियो कब का है इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है। यह वीडियो केरू रिंग रोड क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां सड़क किनारे खड़े टैंकरों के पास परिवहन विभाग की टीम को बातचीत और लेन-देन करते हुए देखा जा सकता है। वायरल फुटेज में टैंकर चालकों और विभागीय कर्मियों के बीच संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे रही हैं, जिसके बाद मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि इस वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

## चोर गैंग की चार महिलायें गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने चोरी करने वाली महिला गैंग के चार महिलाओं को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित दीपकसिंह पुत्र रतनसिंह निवासी सेट्रल एरिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 8 जनवरी रात में एवं 9 जनवरी तड़के सेक्टर 4 स्थित मेरे केबिन को तोड़ रही थी। आसपास के थेलों को भी तोड़ा तथा बीएसएनएल की डीपो से कॉपर भी चुरा ले गई। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृतव में गठित दल ने कमला कालबेलिया पत्नी गणेश कालबेलिया, नीतू कालबेलिया पत्नी विक्रम कालबेलिया, मीरा कालबेलिया पत्नी आकाश, सकीलाल उर्फ बी कालबेलिया पत्नी राहुल निवासी बुहाना हाल प्रतापनगर चौराहा डेरा को गिरफ्तार किया।

# अलवर के मायापुर स्कूल को स्थानांतरित करने का विरोध, ग्रामीण धरने पर बैठे

- **ग्रामीणों का कहना है कि इतनी दूरी पर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना संभव नहीं है**

**अलवर,** (निसं)। टपूकड़ा के मायापुर गांव स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को लादिया गांव में अस्थायी रूप से स्थानांतरित करने के शिक्षा विभाग के आदेश का ग्रामीणों और अभिभावकों ने सोमवार को विरोध किया। ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर धरना देकर स्थानांतरण प्रक्रिया रोक दी और स्कूल का कोई भी सामान बाहर नहीं निकलने दिया। यह स्कूल जर्जर घोषित किया गया है और लादिया गांव लगभग तीन किलोमीटर दूर है।

ग्रामीणों का कहना है कि इतनी दूरी पर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना संभव नहीं है, विशेषकर छोटे बच्चों के लिए। लादिया गांव में स्थानांतरण के लिए केवल एक कमरा उपलब्ध कराया गया है, जबकि मायापुर स्कूल में 300 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होने और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

ग्रामीणों ने वैकल्पिक व्यवस्था का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि यदि अस्थायी स्थानांतरण आवश्यक है, तो इसे मायापुर गांव में ही किया जाए। गांव में अटल सेवा केंद्र में छह कमरे और पंचायत भवन में तीन कमरे उपलब्ध हैं, जहां सभी बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से पढ़ाया जा सकता है।

धरने पर बैठे अभिभावकों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक शिक्षा विभाग स्थानांतरण का आदेश वापस नहीं लेता, उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल का सामान बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा और करीब 300 बच्चे मंगलवार से स्कूल नहीं जाएंगे। अभिभावकों ने बच्चों के भविष्य से जुड़े इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार की मांग की है। स्कूल के प्रधानाचार्य रामकिशन यादव ने बताया कि विभाग से प्राप्त आदेशों का पालन करते हुए स्कूल को स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, लादिया गांव में केवल एक कमरा उपलब्ध कराया गया है। स्कूल कमेटी और अधिकांश अभिभावकों ने अपने बच्चों को वहां भेजने से इनकार कर दिया है। उनके प्रयासों के बावजूद, वर्तमान में केवल 49 बच्चे ही स्कूल आ रहे हैं। आज स्कूल की आवश्यक सामग्री लाने के लिए जब स्टाफ पहुंचा, तो गांव के लोग स्कूल के सामने एकत्रित हो गए और सामान बाहर ले जाने से मना कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि बच्चों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय स्तर पर ही समाधान निकाला जाए। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और शिक्षा विभाग से जल्द हस्तक्षेप की उम्मीद की जा रही है।

# उदयपुर में हजारों अग्र बंधुओं की मौजूदगी में हुआ विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन



समारोह को के.के. गुप्ता ने संबोधित किया।

- **अग्र समाज का यह सम्मेलन संस्कार, संयुक्त परिवार की परम्परा और संस्कृति का अनुभव करायेगा : न्यायमूर्ति विनित माथुर**
- **अकेला व्यक्ति केवल चल सकता है परन्तु समाज के साथ मिलकर इतिहास रच सकता है : के.के. गुप्ता**

**उदयपुर,** (कासं)। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा विराट विवाह योग्य अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायमूर्ति विनित कुमार माथुर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व न्यायमूर्ति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के मनोज गर्ग थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सेशन न्यायाधीश उदयपुर ज्ञानप्रकाश गुप्ता उपस्थित थे। वहीं समारोह अध्यक्ष पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के.के.गुप्ता थे।

मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायमूर्ति विनित कुमार माथुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे विराट आयोजन को आयोजित करना आसान कार्य नहीं है। के.के. गुप्ताजी के नेतृत्व एवं पूरी टीम को यह श्रेय जाता है। वर्तमान समय में समाजों में लड़के-लड़कियों के रिश्तों के लिए जो उलझने आ रही है उसके लिए यह अति सार्थक प्रयास है। परिचय सम्मेलन के रूप में जो आयोजन हुआ है लगता है जैसे अग्रवाल समाज का महाकुंभ हो। उदयपुर सहित राजस्थान एवं अन्य प्रदेशों से हजारों की संख्या में अग्र बन्धुओं की उपस्थिति ही इस सम्मेलन की सफलता दर्शाती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के लिए इस प्रकार के आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है। संस्कृति और संस्कार का जीवन में महत्व बताने का कार्य करना चाहिए, जिससे समाज को आने वाली पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो सके।

मुख्य वक्ता पूर्व न्यायमूर्ति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के मनोज गर्ग ने कहा कि उदयपुर अग्रवाल समाज द्वारा के.के. गुप्ता नेतृत्व में आयोजित यह विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन मील का पत्थर बनेगा। आज के समय में सुयोग्य वर-वधु का चयन करना बड़ा ही मुश्किल कार्य हो रहा है जिसमें सहजता और सरलता प्राप्त होगी जो भी रिश्ते बनेंगे परिवार, समाज एवं देश के लिए उपयोगी होंगे। आज का यह दिन अग्रवाल समाज के लिए पर्व के रूप में सुखद अनुभूति देगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के.के. गुप्ता ने इस परिचय सम्मेलन में पधारे उदयपुर सहित राजस्थान एवं समस्त पड़ौसी प्रदेशों के सैंकड़ों प्रतिभागियों सहित हजारों अभिभावकों एवं समाजजनों का स्वागत करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में अधिक से अधिक विवाह योग्य जोड़े बनें और उनका सामुहिक विवाह में पुनः एक विशाल कार्यक्रम का महाआयोजन किया जाए, इसका लक्ष्य समाज ने लिया है। समाज को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज धीरे-धीरे उन्नति और तरक्की की और अग्रसर है। गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला और सबसे ज्यादा आर्थिक क्षमता तथा ज्यादा रोजगार देने वाला समाज है जो देश का नेतृत्व कर सकता है परन्तु हमारी एकजुटता की कमी से हम राजनीतिक रूप से पिछड़े हुए हैं। सबसे ज्यादा आर्थिक सहयोग करने वाले इस समाज को राजनीतिक दल क्षमता के अनुरूप स्थान नहीं मिल रहा है। बात सभी समाज के बन्धुओं विशेषकर युवाओं को समझनी होगी और राजनीति से विरक्तता के भाव से हटकर राजनीति में प्रत्यक्ष से अपनी सहभागिता के लिए ताल ठोंकनी होगी जब तक सामाजिक रूप से हम संगठित नहीं होंगे हमारा शोषण होता रहेगा।

परिचय सम्मेलन के मंच पर अग्रवाल समाज की उन विभुतियों एवं प्रतिभावों का सम्मान किया गया जिन्होने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया, जिसमें नारायण सेवा संस्थान की निदेशक वंदना अग्रवाल, तारा वृद्धाश्रम के निदेशक दिपेश मित्तल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. अग्रवाल, साईकिलिंग में कीर्तिमान स्थापित करने वाले ओर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मनीष अग्रवाल, राजकीय चिकित्सालय में हर पल हर रोगी और उसके परिजन को सेवा देने वाले राजेश अग्रवाल, भजन गायिका इशिता गोयल, गरबा रास में कौशल दिखाने वाली पूजा अग्रवाल एवं मेहन्दी में सिद्धहस्त रेखा अग्रवाल को मंचासीन अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में पैंथर और मवेशी का संघर्ष, गाय ने पैंथर को शिकस्त दी

- **घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है**

**कोटा,** (निसं)। मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में एक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि रिजर्व के कोलीपुरा रेंज में एक पैंथर (तेंदुआ) शिकार के लिए एक मवेशी पर हमला करता है। लगभग एक मिनट तक चली इस जोरदार लड़ाई में पैंथर पूरी ताकत लगा देता है, लेकिन मवेशी अपनी मजबूती और साहस से पैंथर को कड़ी टक्कर देता है। आखिरकार पैंथर को हार माननी पड़ती है और वह जंगल की ओर भाग जाता है। इस संघर्ष में गाय अपनी जान सफलतापूर्वक बचा लेती है।

यह वीडियो राजस्थान राज्य राजमार्ग (स्टेट हाईवे) के रास्ते का बताया जा रहा है जो रिजर्व क्षेत्र से होकर गुजरता है। वन विभाग की जांच में पुष्टि हुई है कि घटना मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के ही इलाके में हुई जो चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा क्षेत्र में आता है। यह वीडियो रविवार को ही बनाया गया था। वीडियो किसने बनाया यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन मवेशी स्थानीय निवासी का था। मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के उपवन संरक्षक (डीसीएफ) मुथु सोमासुंदरम ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि यह वीडियो मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व का ही है। उन्होंने बताया कि रिजर्व में फिलहाल केवल 6 बाघ हैं। वहीं रिजर्व की पेरीफेरी यानी बाहरी सीमा और आसपास के इलाकों में करीब 100 पैंथर मौजूद हैं। पैंथरों की संख्या लगातार बढ़ रही है क्योंकि जंगल में उन्हें पर्याप्त शिकार आसानी से मिल रहा है। कई बार ये पैंथर स्टेट हाईवे के किनारे भी दिखाई दे चुके हैं। चंबल नदी के सफारी के दौरान भी पैंथरों की अच्छी साइटिंग होती रहती है। डीसीएफ मुथु सोमासुंदरम ने कहा कि मुकुंदरा हिल्स पैंथरों के लिए बेहद उपयुक्त आवास साबित हो रहा है लेकिन कोर और बफर क्षेत्र में जहां बाघ रहते हैं, वहां पैंथर बाघों से दूरी बनाकर रहते हैं। जिससे दोनों प्रजातियों के बीच टकराव कम रहता है।

## फैक्टरी में बने कमरे में सो रहे मजदूर की मौत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर में निर्माणाधीन फैक्टरी परिसर में बने कमरे में सो रहे मजदूर की बीड़ी की चिंगारी से लगी आग में जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना का खुलासा रविवार सुबह तब हुआ, जब काम पर पहुंचे साथी मजदूर उसे बुलाने कमरे तक पहुंचे। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जवाहिर अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। सोमवार को परिजनों के आने के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया।

पुलिस कोतवाल सुरजाराम जाखड़ ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि शनिवार रात दीवानाराम (46) निवासी आगरा बीड़ी पीते हुए सो गया था। बीड़ी की चिंगारी से रजाई में आग फैलती चली गई। कमरे में धीरे-धीरे धुआं भर गया। नींद में होने के कारण दीवानाराम को संभलने का मौका नहीं मिला। आग में झुलसने और धुएं में दम घुटने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह जब दीवानाराम काफी देर तक काम पर नहीं पहुंचा, तो उसके साथी मजदूर उसे बुलाने कमरे पर पहुंचे। दरवाजा खोलते ही अंदर धुएं का गुबार और जले हुए सामान की बदबू फैली हुई थी। कमरे के अंदर दीवानाराम का शव झुलसी अवस्था में पड़ा था। इसके बाद तुरंत ठेकेदार और पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी सुरजाराम जाखड़ ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

## संक्षिप्त

### भूपेन्द्र यादव आज खैरथल में

**खैरथल ।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव व राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के कैबिनेट मत्री कन्हैयालाल मंगलवार को खैरथल में विशाल जनसभा को संबोधित करने के साथ 161 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य एवं किशनगढ़ बास पूर्व विधायक रामहेत यादव भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय वन मंत्री दोपहर 12 बजे भिवाडी मोड सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात वह दोपहर 1 बजे गांव गहनकर स्थित बाबा कमल नाथ आश्रम पहुंचेंगे, दोपहर 2 बजे मारुत नंदन फैक्ट्री के पास, खैरथल में बाबा बंदा सिंह बहादुर बाइपास का शिलान्यास करेंगे

### दुर्घटना में शिक्षिका की मौत

**दूदू ।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर थार गाड़ी में सवार चालक द्वारा तेज गति से वाहन चलाने के दौरान टक्कर मार देने पर एक शिक्षिका की मौत हो गई । चौराहे पर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज गति से आ रही थार गाड़ी जिसमें युवक सवार थे पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी । इस दौरान मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने तत्काल थार गाडी की चाबी निकाल कर युवक को थाने भिजवा दिया । घायल अवस्था में महिला को राजकीय उप जिला चिकित्सालय दूदू में ले जाएगा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतका के बैग में मिले आईडी कार्ड के आधार पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो पाया गया कि शिक्षिका दीपा शिवगण 59 साल जसुपुरा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थी । शव को मोर्चरी में रखवाया जाकर परिजनों को सूचित कर दिया गया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि आगामी अप्रैल 2026 को शिक्षिका की सेवानिवृत्ति होने वाली थी । इस घटना को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारीयों एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

### पांचू लाल अध्यक्ष बने

**देवली ।** यहां अम्बेडकर विचार मंच समिति के चुनाव.सर्वसम्मति से संपन्न हुए अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में पांचू लाल मीणा को सर्व समिति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया.।. इस मौके निववर्तमान अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा ने शहर के डाक बंगले में चल रही बैठक में माला पहनाकर पंचू लाल मीणा को मंच की जिम्मेदारी सोपी । और कार्यभार सभलाया हो। इस मौके पर अध्यक्ष पंचू लाल ने अंबेडकर मंच. के अन्य पदों की नवनियुक्त जल्द. ही करने की घोषणा. की है। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष पांचू लाल मीणा को अम्बेडकर विचार मंच सदस्यों ने बधाई भी प्रेषित की.। इस बैठक में चुनाव अधिकारी बन्ना लाल, राजबहादुर, प्रकाश चंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

# देवली में राष्ट्रीय ध्वज प्रिंट युक्त झंडियों को कूड़े कचरे में फेंका

**देवली ।** जी हां ऐसा ही एक मामला रविवार की रात को नगर पालिका परिसर के कूड़ेदान में देखने को मिला । मामला यह सामने आया की रविवार की रात को देवली नगर पालिका मे आयोजित बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम और रात्रि चौपाल में प्रदेश के ऊर्जा एवं जिला प्रभारी हीरालाल नागर शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री के आने से पहले कार्यक्रम में पहुंचे कार्यकर्ता और लोग नगर पालिका परिसर में घूम रहे थे। तभी कुछ लोगों को नगर पालिका परिसर के कूड़ेदान में राष्ट्रीय ध्वज प्रिंट झंडिया पड़ी हुई दिखाई दी। राष्ट्रीय ध्वज के हुए इस अपमान की जानकारी लोगों ने मीडिया को दी और बताया कि देवली नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज प्रिंट तिरंगा झंडियों को कुडेदान में फेक कर निस्तारण कर दिया



देवली नगर पालिका प्रशासन ने राष्ट्रीय ध्वज की झंडियों को दफनाये या जलाए बिना कूड़ेदान में फेंक दिया।

है.। लोगों से मिली जानकारी के बाद मीडिया ने मौके पर जाकर देखा की देवली पालिका प्रशासन ने तिरंगे की सैकडो झंडियों को कचरा स्थल कूडेदान में फेंक कर राष्ट्रीय ध्वज संहिता के नियमों का उल्लंघन करते

▪ जबकि भारतीय ध्वज संहिता के अनुसार, इन्हें सम्मानपूर्वक जलाया या दफनाया जाता है

हुए तिरंगे का अपमान किया हुआ था। इस दौरान देवली नगर पालिका प्रशासन की उक्त हरकत पर लोगों में आक्रोश बना हुआ था। सोमवार को यह मामला शहर भर में चर्चाओं का विषय बन गया। तो वही उक्त मामला सोशल मीडिया पर छाया रहा। और तो और देवली पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की ऐसी कृत घटना पर कई सवाल उठने लगे। और इसे राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला माना जाता रहा ।

## ब्राह्मण समाज की 200 प्रतिभाएं सम्मानित

**टोंक ।** च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह मुख्यालय स्थित सेंट जोसफ स्कूल के सामने समाज के छात्रावास स्थल पर आयोजित किया गया । इस समारोह में समाज की शिक्षा, खेल, राजनैतिक, सामाजिक, सरकारी नियुक्ति क्षेत्र की 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में सन्त गोपालाचार्य महाराज मुख्य अतिथि एवं श्रवण लाल शर्मा ने अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेन्द्र तिवाडी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह सम्मिलित रहे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तिवाडी ने समाज को बेटी बियाओ, बहु पढ़ाओ पर जोर दिया, वही शालिनी शर्मा ने कहा की प्रत्येक सास ससुर को अपनी बहु की हर प्रकार से सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि ब्राह्मण सदैव पूजनीय रहे है।

# चाइनीज़ मांझे की चपेट में आने से बालिका गंभीर रूप से घायल

▪ कलेक्टर के रोक के आदेश के बाद भी देवली शहर में धड़ल्ले से बिक रहा है चाइनीस मांझा

**देवली ।** चाइनीस मांजे की चपेट में आने से एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। चाइनीस मांजे से बालिका का चेहरा इस कदर जख्मी हो गया की बालिका के चेहरे पर आए जख्मों को भरने में कई महीने लग सकते हैं। तो वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसका जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को ठहराया है। वह इसलिए की केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निर्देश पर टोंक जिला कलेक्टर ने जिले भर में चाइनीस मांजे की बिक्री पर रोक लगाई हुई है। लेकिन इसके बावजूद देवली शहर में चाइनीस मांझा बे रोकटोक धड़ल्ले से बिक रहा है। इस पर मामला यह है सामने आया कि टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अभी हाल ही में मकर संक्रांति त्योहार को देखते हुए पहले से चाइनीस मांजे की बिक्री को रोकने के लिए आदेश जारी किए हुऐ है। इसकी पालना यहां उपखंड अधिकारी और पालिका के अधिशासी अधिकारी और थाना प्रभारी.को करवानी थी। इस पर कार्रवाई करने के निर्देश उपखंड अधिकारी रूबी अंसार और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को प्राप्त है।

इसके बावजूद यहां चाइनीस मांझा शहर भर में धड़ल्ले से बिक रहा है। इसका मुख्य कारण है कि जिला कलेक्टर के आदेशों की पालना यहां नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले पालिका के कर्मचारियों ने चाइनीस माजे के विरुद्ध महज खानापूर्ति भरी कार्रवाई जरूर की थी। इस पर यहां लोगों का मानना है कि अगर नगर पालिका की ओर से या पुलिस प्रशासन की ओर से शहर में बिक रहे चाइनीस मांजे के विरुद्ध अगर कोई ठोस कार्रवाई की गई होती तो आज देवली शहर की बालिका का चेहरा गंभीर रूप से घायल नहीं होता। मामला यह है कि विवेकानंद कॉलोनी रामदेव बाबा मंदिर के पास रहने वाली एक बालिका जो कि कोटा रोड से होते हुए अपने घर को आ रही थी। इस दौरान रास्ते में ही चाइनीज़ मांझे की धारदार डोर की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। चाइनीस मांजे की चपेट में आने से बालिका के गाल व नाक बुरी तरह कट गया। इस दौरान लोगों ने बालिका को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया ।

# महाराव शेखाजी की मूर्ति से छेड़छाड़ की धमकी देने वालों पर कार्यवाही की मांग

**कोटपूतली ।** सामी (धोद) में स्थापित महाराव शेखाजी की मूर्ति से छेड़छाड़ की धमकी देने वालों पर कार्यवाही करने एवं युग पुरुष की मूर्ति का धूमधाम से उद्घाटन करवाने की मांग को लेकर सोमवार को राजपूत समाज के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम एडीएम ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि महाराव शेखाजी महा योद्धा, सामाजिक समरसता के प्रतीक थे, जिन्होंने अपना जीवन नारी के सम्मान के लिये न्यौछावर कर दिया, उन महापुरूष के नाम पर सम्पूर्ण शेखावाटी क्षेत्र के सभी लोगों व हमारे लिये पूजनीय हैं। ऐसे युग पुरुष की मूर्ति स्थापना सामी गांव में की गई है, कतिपय तुच्छ मानसिकता से भटके हुये लोगों द्वारा इसको विवाद में डालने की कोशिश की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। महापुरूषों को अपमानित करने का



राजपूत समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

यह कृत्य सहन करने योग्य नहीं है, इससे लोगों में क्षोभ है। अतः सामी गांव में स्थापित शेखाजी की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ करने की धमकी देने वाले समाज के कंटकों के विरूद्ध कार्यवाही करवाकर मूर्ति का धूमधाम से उद्घाटन करवाये जाने की मांग की गई हैं। इस दौरान तोरावाटी अध्यक्ष विक्रम सिंह बनेठी, सत्ताईसा अध्यक्ष दशरथ सिंह भौनावास, महामंत्री जगजीत सिंह कारौली, दातार सिंह बागावास, करण सिंह भौनावास, रुड़सिंह सुदरपुरा, रूपसिंह टसकोला, रविंद्र सिंह शेखावत, भीम सिंह बनेठी, महावीर सिंह सरूण्ड, कंवरपाल सिंह भौनावास, छाजु सिंह नारहेड़ा, मंगतू सिंह रायकरणपुरा, विजय सिंह रायकरणपुरा, नरेंद्र सिंह देवता समेत अन्य मौजूद रहे।

▪ महाराव शेखाजी महा योद्धा, सामाजिक समरसता के प्रतीक थे, जिन्होंने अपना जीवन नारी के सम्मान के लिये न्यौछावर कर दिया, उन महापुरूष से सम्पूर्ण शेखावाटी क्षेत्र, सभी लोग गौरान्वित है

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया



पावटा नीझर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का सामाजिक कार्यकर्ता आशीष धनकड ने औचक निरीक्षण किया।

**पावटा।** नीझर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का सामाजिक कार्यकर्ता आशीष धनकड द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिणक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था तथा आधारभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण में कक्षाओं की नियमितता, अध्यापकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की पढाई का स्तर, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान शिक्षकों को समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्ण करने, विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ नैतिक मूल्यों से जोड़ने और खेलकूद व सह-शैक्षिणक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

▪ नीझर उच्च माध्यमिक स्कूल का औचक निरीक्षण, शैक्षिणक गुणवत्ता व व्यवस्थाओं की समीक्षा


## नाम परिवर्तन


मैंने मेरा नाम चौथ मल से बदलकर चौथ मल सैनी पुत्र नारायण सैनी रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जावे पता-747/74 मालियों का मौहल्ला, दुर्गा माता मंदिर के पीछे, जयपुर-302018

I army no. 2704900A Rank NK Name Rangaswamy GK in my service document my Mother Name Padamamma is wrongly as per civil document my Mother name is PADAMA

I army no. 2704900A Rank NK Name Rangaswamy GK in my service document my Father Name Kempe Gowda is wrongly as per civil document my Father name is KEMPEGOWDA

I Ex Navy no. 93945N dalip singh rajput S/o Jai Singh resident of polot no. B-17 gordhan bari goodluck Marg Khatipura road jhotwara jaipur that I want to change my name is naval record From DALIP SINGH RAJPUT TO DILIP SINGH RAJPUT vide affidavit dated 8 Jan 2026 before district notary jaipur.

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर
आवश्यक सूचना

आवास संख्या 3/123. एन.ई.बी.82 योजना, अलवर जो कि मूलतः श्री कपूर चन्द गुप्ता पुत्र श्री प्रभुदयाल गुप्ता को आवंटन पत्रांक 10201 दिनांक 06.01.1984 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा श्री कपूर चन्द गुप्ता को आवास का कब्जा दिनांक 09.05.1984 को संभलवाया जा चुका था। श्री कपूर चन्द गुप्ता की मृत्यु दिनांक 27.09.1989 एवं स्व. श्री कपूर चन्द गुप्ता के एक अन्य श्री राकेश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 13.01.2025 को हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत नोटेरी तस्दीक हकत्याग घोषणा शपथपत्र व अन्य शपथपत्रों एवं प्रपत्रों के आधार पर उक्त आवास का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तांतरण किये जाने हेतु शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 3/123, एन.ई.बी.82 योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एंव आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री कपूर चन्द गुप्ता के पक्ष में आवास का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

## नाम परिवर्तन

मै रोहिताश्व सैनी पुत्र सीताराम सैनी, नि. कलवानियों का बास नायन तह. शाहपुरा, जिला जयपुर राज. का हूँ। मेरी पुत्री की 5वीं, 8वीं एवं अन्य शैक्षणिक कक्षाओं की अंकतालिकाओं में मेरा नाम रोहितास्व सैनी (ROHITASWA SAINI) अंकित हो गया है। वास्तव में मेरा सही नाम रोहिताश्व सैनी (ROHITASHWA SAINI) है। मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक अभिलेखों, दस्तावेजों एवं भविष्य के सभी रिकार्ड में मेरा सही नाम रोहिताश्व सैनी (ROHITASHWA SAINI) माना जाए तथा उसी के अनुसार सुधार किया जाए।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग
सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षैत्राधिकार में जिला टोंक की तहसील मालपुरा में निकट ग्राम पीपल्या खननपट्टा 94/2020 वास्ते खनिज ग्रेनाईट क्षैत्र 1.1728 हैक्टर दिनांक 09.12.2021 से 50 वर्ष तक के लिए श्री श्रवणा जाट पुत्र श्री घासीलाल जाट निवासी जाटो का मौहल्ला पीपलिया, तहसील मालहपुरा जिला टोंक के नाम से प्रभावशील है। दिनांक 05.01.2023 को उक्त खननपट्टाधारी की मृत्यु हो जाने के कारण राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के नियम 76 के अन्तर्गत उनके पुत्र श्री धन्ना लाल जाट पुत्र स्व. श्री श्रवणा जाट निवासी जाटो का मौहल्ला, पीपलिया, तहसील मालपुरा जिला टोंक के पक्ष में उक्त खननपट्टा का नामान्तरण किया जाने हेतु आनलाईन आवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में अगर किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथी से 15 दिवस में कायार्यलय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा श्री धन्ना लाल जाट पुत्र स्व. श्री श्रवणा जाट निवासी जाटो का मौहल्ला, पीपलिया, तहसील मालपुरा जिला टोंक के नामान्तरण की अग्रीम कार्यवाही की जावेगी। सो सूचित रहे।

(सोहनलाल सुथार) सहायक खनि अभियन्ता, टोंक

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय राजस्थान
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 40/2025
भवानी शंकर शर्मा बनाम मुकंद कुमार शर्मा व अन्य
पेशी दिनांक : 07.03.2026

विषय : उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।

प्रार्थी - नाम भवानी शंकर शर्मा पुत्र स्व. श्री प्रभु दयाल तिवाडी, आयु 51 वर्ष, जाति ब्राह्मण, निवासी- 84/104, धवलगिरी मार्ग, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान 302020 मृतक श्रीमती रुपवती तिवाडी धर्म पत्नि श्री प्रभु दयाल तिवाडी की सम्पत्ति के विषय में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी / प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी मृतक नाम श्रीमती रुपवती तिवाडी धर्म पत्नि स्व. श्री प्रभु दयाल तिवाडी, जाति ब्राह्मण निवासी- 84/104, धवलगिरी मार्ग, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान 302020 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे। अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07.03.2026 को समय 10:00 बजे न्यायालय में प्रस्तुत उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 02 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा न्यायालय से जारी किया गया।

मुद्रा

आज्ञा से
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम संख्या 10 (सांगानेर)
जयपुर महानगर प्रथम

संख्यांक 2
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट (पश्चिम) जयपुर द्वितीय
ममता कुमारी विरूद्ध कमिश्नर नगर निगम जयपुर व अन्य
वाद बाबत ...
वाद सं. 458सन् 2025

नाम हर आम खास पुत्र...जाति...स्थान... ने आपके विरूद्ध ....के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 16 माह 02 सन् 2026 को दिन में....बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 12 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, पश्चिम
जयपुर महानगर द्वितीय

## खोया पाया

मेरा मकान सं. 80/45 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र, व नियमितिकरण फार्म जमा रसीद कहीं गुम हो गयी है। मिलने पर सम्पर्क करें-9352004000

मेरा मकान सं. 80/46 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र, व नियमितिकरण फार्म जमा रसीद कहीं गुम हो गयी है। मिलने पर सम्पर्क करें-7737131373

मेरे भूखण्ड संख्या बी-368 रोहिणी एनक्लेव योजना का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सम्पर्क करें-रामदेवी-फोन नंबर-9928474625

मेरे भूखण्ड संख्या जी-749 रोहिणी एनक्लेव योजना का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सम्पर्क करें-संदीप-फोन नंबर-9636034549

मेरे भूखण्ड संख्या बी-439 पार्थ नगर योजना का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सम्पर्क करें। सचिन जैन फोन नंबर-9309002525

कार्यालय नगर पालिका निवाई, टोंक
E-mail : npniwai@gmail,com PH. NO. ________

क्रमांक :– न.पा.नि / 2025–26 / 14295 दिनांक : 07.01.2026

-: बिड सूचना :-

नगर पालिका निवाई क्षेत्र में नगर पालिका निवाई द्वारा 1 कार्य की बिड दिनांक 08.01.2026 समय 17:20 से दिनांक 19.01.2026 समय 15:00 तक आमंत्रित की जाती है। जिसमे इच्छुक संवेदक द्वारा वर्णित जेम – बिड में भाग ले सकते हैं । उपरोक्त जेम बोली की जानकारी एवं शर्तें विभागीय वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर तथा www.gem.gov.in एवं कार्यालय समय में देखी / प्राप्त की जा सकती है।

NIB :- DLB2526B0076
UBN :- DLB2526GSGB29899

राज.संवाद / सी / 25 / 17475

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)
क्रमांक-न.प.कोट/भूमि/2026/5547 प्रारूप-10 (नियम 6(7)) दिनांक-05.01.2026
लोक सूचना

आवेदनकर्ता श्रीमती माया देवी पत्नी श्री महिपाल जाति गुर्जर निवासी पनियाला, तहसील कोटपूतली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (व्यवसायिक) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली | पनियाला (कोटपूतली) | 2975/2813 | 0.0436 है. | व्यवसायिक |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन ..... को जारी की गयी।

आयुक्त, प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद, कोटपूतली

उत्तर पश्चिम रेलवे

पतंग उड़ाते समय रहे ध्यान

रेलवे लाइन पास हुई तो जा सकती है जान




कृपया ध्यान दें

- रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हो जाने से धातु निर्मित मांझे के तारों के साथ सम्पर्क में आने के कारण करंट लग सकता है।
- रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण होने से दोनों दिशाओं से ट्रेन आ सकती है जिससे दुर्घटना की आशंका हो सकती है।
- बच्चों को रेलवे ट्रैक के बीच में आसपास पतंग ना उड़ाने दें।
- आपकी सावधानी ही आपका बचाव है।

64-PS/26

रेलवे लाईन (ट्रैक) को निर्धारित स्थान के अलावा पार करना रेलवे अधिनियम की धारा 1989 के तहत दण्डनीय अपराध है। ऐसा करने पर रेलवे अधिनियम की धारा 147 के प्रावधानों के तहत 6 माह का कारावास या 1000 रु. का जुर्माना अथवा दोनों दण्ड का प्रावधान है ।

कार्यालय नगरपरिषद् कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)
Email :eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in munibkcity@gmail.com
फोन नं. 01586-220022 01586-221526

क्रमांक :– न.प.कु. / 2025–26 / 6462 आपत्ति आमन्त्रण सूचना दिनांक :–12.01.2026

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदको द्वारा पालिका में निम्न रूप से उल्लेखित प्रयोजनार्थ के लिये आवेदक प्रस्तुत किया है। पालिका द्वारा आवेदित प्रयोजनार्थ के तहत प्रकरण का निस्तारण किया जाना है। निम्न प्रकरणों में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिंनाक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां / कारण / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पट्टा / जारी कर दिया जावेगा।


| क्र. स. | पत्रावली सं. | प्रयोजन | आवेदक का नाम / पिता का नाम व पता | क्षैत्रफल वर्गगज में | खसरा नं., कॉलोनी / मौहल्ला का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 258/2025-26 | नामान्तरण | श्री रामदेव थालोड़ पुत्र ओमप्रकाश जाट | 222.22 | मदनमोहन नगर |
| 2. | 275/2025-26 | नामान्तरण | श्री चेनाराम पुत्र ईश्वरराम, श्री सोहनराम पुत्र रूपाराम जाट | 416.66 | शान्ति नगर, पनवाड़ी |
| 3. | 276/2025-26 | नामान्तरण | श्री मुकेश कुमावत पुत्र किशनलाल | 102.66 | भोपा का बास |
| 4. | 279/2025-26 | नामान्तरण | श्रीमती सरोज कवंर पत्नी नरेन्द्र सिंह | 144.09 | बी.एस.एन.एल. ऑफिस के पिछे |
| 5. | 124/2025-26 | निर्माण ईजाजत | श्री मुजीबुर्रहमान पुत्र अब्दुल वहाब | 181.22 | कनोई पार्क के पास |
| 6. | 125/2025-26 | निर्माण ईजाजत | श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र रणवीर सिंह | 142.22 | प्रेम नगर, झालरा रोड़ |
| 7. | 108/2025-26 | 69–क | श्री गिरवर गोपाल पुत्र मदनमोहन स्वामी | 218.66 | 2000, खातियो का बास |
| 8. | 110/2025-26 | 69–क | श्री राजेश पुत्र इन्दरचन्द माहेश्वरी | 90.74 | 758, मंगली देवी स्कुल के पिछे |
| 9. | 111/2025-26 | 69–क | श्री महेश कुमार लढा पुत्र रामस्वरूप माहेश्वरी | 108.11 | 758, न्यू कॉलोनी |
| 10. | 538/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्री गिरधारी राम पुत्र भंवरलाल जांगिड़ | 398.45 | 977, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के पास |
| 11. | 539/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्री खेमाराम प्रजापत पुत्र हनुमानराम | 210.88 | 2970 / 340,2971 / 399, जुसरी चौराहा |
| 12. | 540/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्री सुमित मनोज पुत्र मनोज भंवरलाल | 351.39 | 2698 / 152, अशोक वाटिका |
| 13. | 541/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्री हरीसिंह पुत्र हनुमानसिंह | 133.33 | 233, महादेव नगर, पनवाड़ी |
| 14. | 542/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्रीमती रतन देवी पत्नी हरीलाल | 133.33 | 191, श्रीराम नगर, झालरा रोड़ |
| 15. | 543/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्रीमती रतन देवी पत्नी हरीलाल | 244.44 | 01, 04, श्रीराम नगर, झालरा रोड़ |
| 16. | 544/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्री सलीम कारीगर, मोहम्मद फरदीन पुत्रान अब्दुल हमीद | 151.47 | 2623 / 1728, दीपपुरा रोड़ |
| 17. | 550/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्री भीम सिंह पुत्र रामलाल | 183.88 | 2516 / 2389, करणी विहार–2 |
| 18. | 551/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्रीमती यास्मीन बानो पत्नी शमशेर खान | 188.89 | 2632 / 985, मोतीराम जी की कोठी के पास |
| 19. | 552/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्रीमती आशा कंवर पत्नी महेन्द्र सिंह | 133.33 | 1582, सीकर रोड़ |
| 20. | 559/2025-26 | कृषि भूमि नियमन | श्रीमती नेना देवी पत्नी कैलाशचन्द सोनी | 139.22 | 2828 / 1902, बालाजी विहार –2 |

आयुक्त
नगरपरिषद् कुचामन सिटी

# युवा दिवस पर युवाओं ने देखी विधानसभा

## विधान सभा में लगाये गये रक्तदान शिविर में 81 लोगों ने रक्तदान किया और 155 लोगों ने नि:शुल्क मेडिकल जांच कराई

**जयपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के युवाओं ने राजस्थान विधानसभा के सदन, भवन और संग्रहालय को देखा। देवनानी ने युवाओं का आव्हान किया कि वे निरन्तर मेहनत करें, आगे बढ़े और राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदार बने। देवनानी ने युवाओं को युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं को नशे की लत से दूर रहने और ओवर स्पीड से वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिये कहा। युवाओं ने विधान सभा को देखने का अवसर प्रदान करने के लिए स्पीकर देवनानी का आभार जताया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर शुरू किये गये जनदर्शन अभियान के तहत सोमवार को युवा दिवस पर महाविद्यालय शिक्षा के तीन सौ युवाओं ने विधान सभा देखी।



युवाओं ने विधान सभा को देखने का अवसर प्रदान करने के लिए स्पीकर देवनानी का आभार जताया।

राजस्थान विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक अन्तिम वर्ष के युवाओं ने विधान सभा के गुलाबी सदन और ऐतिहासिक भवन को देखकर गौरव का अनुभव किया। युवाओं ने विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को भी देखा। युवाओं ने राज्य के गौरवशाली इतिहास को जाना। स्पीकर देवनानी को युवाओं ने अपने हाथों से बनाए स्वामी विवेकानन्द के चित्र भेंट किये। युवाओं ने देवनानी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं भी दी।

इस मौके पर दी अर्थ ऐसोसिएश्न की डॉ. हेमलता शर्मा, भावना बंसल, नीतू कुशवाह और रिया हिम्मतरामका भी मौजूद थीदेवनानी के जन्मदिवस पर विधानसभा सचिवालय कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति के तत्वावधान में सोमवार को यहां विधान सभा में राजस्थान हॉस्पिटल व स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक द्वारा मानव कल्याण हेतु लगाये गये रक्तदान एवं नि:शुल्क मेडिकल चेकअप शिविर में 81 लोगों ने रक्तदान किया और 155 लोगों ने नि:शुल्क मेडिकल जांच कराई। शिविर में सोमवार को प्रात: 10 बजे से राजस्थान विधानसभा सचिवालय में विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदाताओं को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को राज्य मंत्री मण्डल के सदस्य सहकारिता मंत्री गौतम कुमार

- **स्पीकर देवनानी ने युवाओं को दी शुभकामनाएं और कहा मेहनत करो और आगे बढ़ो**

दक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर देवनानी को जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

देवनानी को विधायकगण रविन्द्र सिंह भाटी, रोहित बोहरा, जसंवत सिंह पूर्व विधायक जीतराम, रामकिशोर मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण ने जन्म दिवस की बधाई दी। स्पीकर देवनानी को राजस्थान विधान सभा पहुँचने पर प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा व विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा के साथ विधान सभा के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने जन्मदिवस पर अभिवादन करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी से जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रो. वाईस चांसलर सुधीर भण्डारी, अक्षय पात्र के प्रतिनिधिगण और पत्रकारगण ने जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



रामकृष्ण मिशन, जयपुर ने कई दिलचस्प कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। युवा भाषण प्रतियोगिता में 18-25 साल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता 6 दिसंबर 2024 को आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी अनुपमा जोरवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा उपस्थित रही।

# कांग्रेसियों का सिर्फ जनता को भ्रमित करने का प्रयास : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के वीबी जी राम जी योजना को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर पलटवार किया। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को मनरेगा में सुधार से क्या परेशानी है। मनरेगा का नाम "विकसित भारत गारंटी- रोजगार और आजीविका मिशन करने पर वीबी जी राम जी बना है, इसमें गलत क्या है, कांग्रेसी नेताओं को राम नाम से आपत्ति क्या है। कांग्रेसियों का प्रदर्शन, आंदोलन मुद्दा विहीन मुद्दा है। यह सिर्फ देश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। कांग्रेस सिर्फ हंगामा करने के लिए मुद्दा विहीन विषय को मुद्दा बना रही है। ऐसे में कांग्रेसी नेताओं को संभलने की, सुधार करने की बेहद जरूरत है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनरेगा में विकसित भारत जोड़ने का काम किया तो क्या गलत किया ?, भ्रष्टाचार समाप्त किया तो क्या गलत किया?, रोजगार दिवस बढाने का काम

- **कांग्रेस कर रही हल्की राजनीति, बिना सोच वाली राजनीतिक पार्टी कांग्रेस दे रही है भ्रष्टाचारियों का साथ : मदन राठौड़**

किया तो क्या गलत किया?। इतना ही नहीं, मोदी ने मजदूरी का भुगतान 15 दिवस में करने का काम किया तो क्या गलत किया? राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता जहां विरोध करना चाहिए, वहां विरोध नहीं जता रहे।

पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाले मामले में ईडी की कार्रवाई को वहां की मुख्यमंत्री द्वारा प्रभावित किया जाता है, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पनपने तक नहीं दिया जा रहा, इसके बावजूद कांग्रेस वहां विरोध नहीं जता रही है। कांग्रेसी नेता बिल्कुल हलके स्तर की राजनीति पर उतर आए है। बिना सोच वाली राजनीतिक पार्टी कांग्रेस एक ओर भ्रष्टाचारियों का साथ दे रही है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र प्रथम की भावना और विकसित भारत के सपने को पुरा करने की दिशा में कार्य करने वालों का विरोध कर रही है, यह समझ से परे है। कांग्रेसियों का विरोध भी दिखावा मात्र है, कहने को तो वे मौन अनशन पर थे, लेकिन उनके नेता मोबाइल पर बात कर रहे थे, मीडिया को बाइट दे रहे है, फिर कैसा मौन अनशन?भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वीबी जी राम जी में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को अब प्रति वर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। मजदूरी का भुगतान कार्य समाप्ति के अधिकतम 15 दिनों के भीतर करना अनिवार्य किया गया, देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान किया गया।

ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं को योजना बनाने और कार्यान्वयन में मुख्य जिम्मेदारी दी गई है। केवल शारीरिक श्रम ही नहीं, बल्कि कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यिमता पर भी विशेष जोर दिया गया है।

# जयपुर डिस्कॉम ने की पतंग उड़ाते समय सावधानी बरतने की अपील

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम ने मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने के दौरान बिजली की लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाये रखने के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखने की अपील की है। यदि आवश्यक सतर्कता बरती जाए तो किसी भी संभावित विद्युत दुर्घटना से बचा जा सकता है एवं विद्युत आपूर्ति में व्यवधान को भी रोका जा सकता है।

मकानों के पास से गुजर रही बिजली की लाइनों के आस-पास पतंग उड़ाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। यदि बिजली के तारों अथवा उपकरणों में पतंग या डोर फंस जाए तो लोहे अथवा एल्यूमिनियम के पाइप, सरिए या गीली लकड़ी से पतंग हटाने का प्रयास नही करना चाहिए। एल्यूमिनियम फॉयल (धातु) से बनी हुई पतंग एवं मेटल पाउडर कोटेड मांझे का उपयोग नहीं करना चाहिए।

# पुस्तक 'सूर्य नमस्कार' का विमोचन

**जयपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विश्व चैंपियन संदीप आर्य द्वारा लिखित पुस्तक 'सूर्य नमस्कार' का विमोचन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा किया गया। राठौड़ ने संदीप आर्य की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संदीप आर्य देश और विदेश में सूर्य नमस्कार की अलख जगा रहे हैं, जो भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का

- **प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विश्व चैंपियन संदीप आर्य द्वारा लिखित पुस्तक 'सूर्य नमस्कार' का विमोचन किया**

महत्वपूर्ण कार्य है। राठौड़ ने संदीप के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए युवाओं से इस महाभियान से जुड़ने का आ ान किया। संदीप अब 'सूर्य नमस्कार महाभियान' की शुरुआत कर रहा है। इसमें देशभर के 10 करोड़ युवाओं को सूर्य नमस्कार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि संदीप आर्य ने सूर्य नमस्कार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए लगातार 37 घंटे बिना रुके 20 हजार बार सूर्य नमस्कार कर अब तक 6 बार विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

# 'एपीओ भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों सहित असफल हुए दस अभ्यर्थियों की कॉपी करें पेश'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती-2024 में सिर्फ चार अभ्यर्थियों के पास होने के मामले में आरपीएससी को निर्देश दिए हैं कि वह इन चयनित अभ्यर्थियों सहित परीक्षा में असफल रहे किन्हीं 10 अन्य अभ्यर्थियों की कॉपी अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश करे।

- **याचिका में कहा गया कि आयोग की ओर से जारी यह परिणाम मनमाना, अव्यावहारिक और संविधान के मूल अधिकारों के खिलाफ है।**
- **अदालत ने मामले की सुनवाई टालते हुए अभ्यर्थियों की कॉपियां पेश करने के आदेश देते हुए अधिकारी को तलब किया है**

वहीं अदालत ने याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की ओर से परीक्षा में प्राप्त किए गए कुल अंकों की जानकारी भी सारणीबद्ध तरीके से देने को कहा है। अदालत ने कहा है कि 15 जनवरी को आरपीएससी सचिव या उनकी ओर से मामले को जानने वाला अधिकृत सक्षम अधिकारी अदालत में हाजिर हो। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सृष्टि सिंघल व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान आरपीएससी के सचिव वीसी के जरिए अदालत से जुडे। तकनीकी बाधा के चलते उनकी ओर से अदालत में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई टालते हुए अभ्यर्थियों की कॉपियां पेश करने के आदेश देते हुए अधिकारी को तलब किया है।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने सहायक अभियोजन अधिकारी के 180 पदों भर्ती निकाली थी। जिसमें मुख्य परीक्षा में करीब तीन हजार अभ्यर्थी शामिल हुए।

परीक्षा में एक प्रश्न पत्र विधि और एक प्रश्न पत्र हिंदी व अंग्रेजी भाषा का रखा गया था। लिखित परीक्षा के बाद आयोग ने सिर्फ 4 अभ्यर्थियों को ही सफल घोषित किया और आयोग के परिणाम के अनुसार अन्य सभी अभ्यर्थी न्यूनतम अनिवार्य चालीस फीसदी अंक भी नहीं ला सके। याचिका में कहा गया कि भर्ती परीक्षा में शामिल कई अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जिन्होंने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में चालीस फीसदी से अधिक अंक हासिल किये थे। आरजेएस परीक्षा सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती परीक्षा से कहीं अधिक कठिन परीक्षा मानी जाती है।

इसके बावजूद ऐसे अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में असफल कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि आयोग की ओर से जारी यह परिणाम मनमाना, अव्यावहारिक और संविधान के मूल अधिकारों के खिलाफ है।

याचिका में आशंका जताई गई है कि परीक्षा के मूल्यांकन में त्रुटिपूर्ण मॉडल उत्तर और अत्यधिक कठोर अंकन कर मषीनी अंदाज में कॉपियां जांची गई है। ऐसे में परीक्षा परिणाम को रद्द कर नए सिरे उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर संशोधित परिणाम जारी किया जाए।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर मानसरोवर जिला का घोष संचलन

**जयपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर मानसरोवर जिला द्वारा वैशाली नगर में घोष का संचलन एवं प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में 95 स्वयंसेवकों ने घोष वादन किया, जिसे सुनकर बड़ी संख्या

- **कार्यक्रम में 95 स्वयंसेवकों ने घोष वादन किया, जिसे सुनकर बड़ी संख्या में उपस्थित समाजबंधु मंत्रमुग्ध हो गए**

में उपस्थित समाजबंधु मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख जगदीश रहे। उन्होंने युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ अनेक उतार-चढ़ाव, प्रतिबंध और दमन का सामना करते हुए आज इस स्थिति तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि बस्ती और गांव तक संचलन से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हुआ,



युवा दिवस के अवसर पर मानसरोवर जिला द्वारा वैशाली नगर में घोष का संचलन एवं प्रदर्शन किया।

जिसके बाद व्यापक गृह संपर्क अभियान चलाया गया।

इसका उद्देश्य समाज जागरण के लिए भारत के प्रत्येक घर तक पहुंचना रहा। इसी क्रम में देशभर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का केंद्र 'पंच परिवर्तन' हैं सामाजिक समरसता, स्व के भाव का जागरण, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार और कुटुम्ब प्रबोधन। उन्होंने कहा कि केवल सत्ता से नहीं, बल्कि समाज के जागरण से ही परिवर्तन संभव है और इसका आधार परिवार है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गीतकार राजेंद्र गुप्ता रहे।

उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर महानगर संघचालक चैन सिंह तथा जिला संघचालक मान सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

## सार-समाचार

### पचासवीं वर्षगांठ मनाई




**जयपुर।** पचास वर्ष पहले महाराजा के स्नातकों के स्वर्ण जयंती समारोह का प्रारंभ हुआ। जयसिंह हाइवे बनिपार्क स्थित गुलाबी नगरी में ये स्वर्ण जयंती समारोह का जश्न मनाया गया।

### बेयर फुट कॉलेज में सोलर दीदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर।** ग्रामीण महिलाओं की तकनीकी क्षमता निर्माण और विकेन्द्रीकृत व सतत् सौर ऊर्जा समाधानों को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेयर फुट कॉलेज में सोमवार को सोलर दीदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा आधारित आजीविका सृजन एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिल्होरा ब्लॉक की 30 स्वयं सहायता समूह महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। सभी प्रतिभागी महिलाओं का चयन निर्धारित मानकों के अनुसार एसएचजी नेटवर्क से किया गया है तथा उन्हें आवासीय प्रशिक्षण हेतु बेयर फुट कॉलेज में नामांकित किया गया है। सोलर दीदी प्रशिक्षण कार्यक्रम को 40 दिवसीय संरचित मॉड्यूल के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जिसमें सौर ऊर्जा के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पहलुओं पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सौर ऊर्जा की मूलभूत अवधारणाओं, अनुप्रयोगों, सोलर पैनल असेंबली एवं इंस्टॉलेशन, सौर उपकरणों के अनुरक्षण एवं लघु मरम्मत, फील्ड स्तर पर ट्रबलशूटिंग तथा समुदाय-स्तरीय सौर प्रणालियों के प्रबंधन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल प्रदान किया जाएगा।

### मनीष केडिया शहर मीडिया प्रभारी मनोनीत



जयपुर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, राजस्थान के जयपुर जिला अध्यक्ष सुधीर नाटाणी एवं जयपुर शहर महामंत्री विष्णु बियानी की संस्तुति पर संजय कॉलोनी शिवपथ जयपुर निवासी मनीष केडिया को शहर मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया केडिया की नियुक्ति पर श्रीराम अग्रवाल, सुनील अग्रवाल सहित अन्य बंधुओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### पौष बड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन

**जयपुर ।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा, जयपुर युवा संघ के तत्वावधान में जयपुर स्थित हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास पर नववर्ष स्नेह मिलन समारोह, पौष बड़ा महोत्सव एवं सुंदरकांड पाठ का भव्य एवं यादगार आयोजन हुआ।कार्यक्रम में भक्ति, प्रेम, का अद्भुत संगम देखने को मिला सभी समाज बंधुओं ने मिलजुलकर राम भक्ति में डूबकर सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिकता से ओतप्रोत हो गया।युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील टीलावाला ने बताया कि छात्रावास का वातावरण पूरी तरह भक्ति एवं स्नेह से भर गया था नववर्ष के स्वागत में हर्षोल्लास के साथ स्नेह मिलन हुआ।

# जेडीए और नगर निगम मिलकर तैयार करेंगे मेजर कॉम्प्रिहेंसिव प्लान

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान और ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण ने एक बड़ी पहल की है।

सोमवार को जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता

- **सांगानेर और पृथ्वीराज नगर दक्षिण के लिए 250 करोड़ की कार्ययोजना की जायेगी तैयार**

में जेडीए के चिंतन सभागार में डिजास्टर मैनेजमेंट को लेकर बैठक संपन्न हुई।




जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में जेडीए के चिंतन सभागार में डिजास्टर मैनेजमेंट को लेकर बैठक संपन्न हुई।

बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि अब जयपुर शहर के ड्रेनेज तंत्र को मजबूत करने के लिए जेडीए, नगर निगम और राज्य का आपदा प्रबंधन विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

बैठक में जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने निर्देश दिए कि तीनों विभाग आपसी समन्वय के साथ जयपुर शहर के लिए एक मेजर कॉम्प्रिहेंसिव प्लान तैयार करें। इस योजना के क्रियान्वयन और वित्तीय प्रबंधन के लिए एक विशेष फंड भी बनाया जाएगा।

इस फंड में एसडीएमएफ के निर्धारित फंड के अलावा जेडीए और नगर निगम द्वारा भी राशि का योगदान दिया जाएगा।

योजना के सफल संचालन और तकनीकी निगरानी के लिए जेडीए, नगर निगम और आपदा प्रबंधन विभाग के अभियंताओं की एक संयुक्त कमेटी गठित की जाएगी, जो इस संपूर्ण कार्ययोजना का प्रबंधन संभालेगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि जेडीए द्वारा वर्तमान में प्राथमिकता के आधार पर सांगानेर और पृथ्वीराज नगर योजना दक्षिण क्षेत्र में ड्रेनेज और आपदा प्रबंधन के लिए 250 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। यह कार्ययोजना नेबकॉन (नाबार्ड कंसल्टिंग सर्विसेज) के माध्यम से बनाई गई है।

# कृषि भूमि पर स्टांप ड्यूटी विवाद पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहरी क्षेत्र में स्थित कृषि भूमि पर आवासीय दर से स्टांप ड्यूटी वसूलने से जुडे मामले में प्रमुख वित्त सचिव और आईजी स्टांप व कोटा उप-पंजीयक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश दुर्गा शंकर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सिद्धार्थ बापना ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की कोटा में कृषि भूमि है। जिसे राजस्व रिकॉर्ड में कृषि भूमि ही दर्शाया गया है और सरकार की ओर से इस पर कृषि दर से ही राजस्व वसूला जाता है। याचिकाकर्ता ने गत एक सितंबर को इसे बेचने के लिए इकरारनामा किया था। इसके तहत भूमि को कृषि भूमि मानकर कीमत तय की गई और एक नवंबर, 2025 तक पूरी रकम अदा होने पर रजिस्ट्री कराने का निर्णय लिया गया। याचिका में कहा गया कि इस बीच 1 अक्टूबर को राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर कृषि भूमि की सीमा एक हजार वर्ग मीटर से बढ़ाकर दो हजार वर्ग मीटर कर दी। वहीं इसे स्टांप ड्यूटी के लिए आवासीय भूमि के समान मान लिया। याचिका में कहा गया कि यह फैसला

- **अधिवक्ता सिद्धार्थ बापना ने बताया कि याचिकाकर्ता की कोटा में कृषि भूमि है। जिसे राजस्व रिकॉर्ड में कृषि भूमि ही दर्शाया गया है और सरकार की ओर से इस पर कृषि दर से ही राजस्व वसूला जाता है**

संविधान के प्रावधानों के खिलाफ है। वहीं संबंधित भूमि कृषि भूमि ही है और उसका न तो रूपान्तरण हुआ है और ना ही भू उपयोग बदला गया है। इसके बावजूद उसे आवासीय मानकर अतिरिक्त स्टांप ड्यूटी वसूलना गलत है। इसके अलावा राज्य सरकार ने यह अधिसूचना जारी करने से पहले इस पर आपत्तियां नहीं मानी। ऐसे में पूर्व में किए गए समझौते इस अधिसूचना से प्रभावित हो रहे हैं। याचिका में गुहार की गई है कि इस अधिसूचना के संबंधित प्रावधान को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।



मैं वहीं हूं, जहां मुझे होना है। मेरी तकदीर में जो लिखा है उसे कोई मुझसे नहीं छीन सकता। एक खिलाड़ी हमेशा यह मानता है कि वह देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देगा। चयनकर्ताओं ने अपना निर्णय लिया है। - शुभमन गिल

भारतीय बल्लेबाज, टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना पाने पर बोलते हुए।

# खेल जगत


## आज का खिलाड़ी — नीरज चोपड़ा



दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपने कोच और दिग्गज जान जेलेजनी के साथ करार खत्म कर लिया है। नीरज चोपड़ा का यह फैसला वर्ल्ड चैंपियनशिप में उनके खराब प्रदर्शन के कुछ महीनों बाद आया है। जेलेजनी की कोचिंग में चोपड़ा के लिए यह साल मुश्किल रहा। हालांकि उन्होंने सीजन की अपनी पहली ही प्रतियोगिता में पहली बार 90 मीटर का मार्क पार किया था। चोपड़ा ने करार खत्म करने की वजह नहीं बताई, लेकिन उन्होंने कहा कि यह सफर प्रगति, सम्मान और खेल के प्रति साझा लगाव से भरा रहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** रोहित शर्मा के नाम वनडे इंटरनेशनल में सबसे बड़ी पारी खेलने का विश्व कीर्तिमान दर्ज है। हिटमैन ने साल 2014 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच में अकेले रिकॉर्ड 264 रन बनाए थे।

# राजस्थान बी डिवीजन फुटबॉल लीग, जयपुर सिटी एफसी ने लीग में दूसरी जीत दर्ज की



जयपुर, 12 जनवरी। राजधानी के विद्याधर नगर स्थित फुटबॉल एस्ट्रो टर्फ मैदान पर राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राजस्थान बी डिवीजन सीनियर पुरुष फुटबॉल लीग के तीसरे दिन दो लीग मुकाबले खेले गए। यह जानकारी राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने दी।

दिन का पहला मुकाबला सुबह 10 बजे जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब एवं राजस्थान फुटबॉल स्कूल के मध्य खेला गया। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया, किंतु सुदृढ़ रक्षा पंक्ति के चलते गोल के अवसर साकार नहीं हो सके।

मैच के 27वें मिनट में राजस्थान फुटबॉल स्कूल के खिलाड़ी राणु सिंह राजावत द्वारा पेनल्टी एरिया के बाहर से लगाए गए शॉट को रोकने के प्रयास में जयपुर सिटी के खिलाड़ी सचिन से आत्मघाती गोल हो गया, जिससे राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने 1-0 की बढ़त बना ली। यह बढ़त मध्यांतर तक बनी रही। मध्यांतर के पश्चात जयपुर सिटी एफसी ने खेल में बढ़त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए और मैच के 71वें मिनट में अनुज शर्मा ने शानदार गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुकाबला बराबरी की ओर बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम (90 4 मिनट) में जयपुर सिटी को मिले कॉर्नर पर सचिन ने निर्णायक गोल कर टीम को 2-1 से जीत दिलाई। इस मुकाबले में जयपुर सिटी एफसी के सचिन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दिन का दूसरा मुकाबला दोपहर 12:30 बजे रेड स्टोन सिटी एफसी एवं जेरठी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जो रोमांचक संघर्ष के बाद 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मुकाबले की शुरुआत से ही जेरठी फुटबॉल क्लब ने आक्रामक दबाव बनाया, किंतु पहला गोल रेड स्टोन सिटी एफसी की ओर से विशाल डागर ने 24वें मिनट में कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके पश्चात जेरठी एफसी ने आक्रमण तेज किया और 41वें मिनट में विजयपाल जाखड़ के शानदार गोल से मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया, जो मध्यांतर तक कायम रहा।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने संतुलित एवं आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। रेड स्टोन सिटी की ओर से राकेश ने 75वें मिनट में गोल कर टीम को पुन: 2-1 की बढ़त दिलाई, लेकिन चार मिनट बाद ही जेरठी एफसी के अभिषेक काजला ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद कोई भी टीम निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सकी और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस मैच में जेरठी एफसी के विजयपाल जाखड़ को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इन मुकाबलों में भैरूरतन ओझा ने मैच कमिश्नर की भूमिका निभाई, जबकि अवकाश दायमा, जावेद खान, रजत काजला एवं विपिन कुमार ने निर्णायक के रूप में सेवाएं दीं। साथ ही सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि इस लीग में कुल पाँच क्लब भाग ले रहे हैं। 2 जनवरी से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता में कुल दस मैच खेले जाएंगे, जिनमें शीर्ष पर रह ने वाले दो क्लब आगामी माह में आयोजित होने वाली ए डिवीजन लीग 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से की सगाई

नई दिल्ली 12 जनवरी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से सगाई करने की घोषणा की। धवन के फॉलोअर्स ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया है, कई लोगों ने खुशी जताई और कहा कि इस साल कपल की शादी को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। शिखर धवन ने आज इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ''एक जैसी मुस्कान से लेकर एक जैसे सपने। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर शुभकामना के लिए शुक्रगुजार हूं, क्योंकि हमने हमेशा साथ रहने का फैसला किया है।'' 35 साल की सोफी शाइन आयरिश नागरिक हैं।

## कर्नाटक वीजेडी पद्धति से मुंबई को 54 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

बेंगलुरु, 12 जनवरी। देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 81) और करुण नायर (नाबाद 74) रनों की शानदार पारियों के दम पर कर्नाटक ने सोमवार को वर्षा प्रभावित पहले क्वार्टर फाइनल में मुम्बई को वीजेडी पद्धित से 54 रनों से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

255 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक कप्तान मयंक अग्रवाल और देवदत्त पड़िक्कल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहित अवस्थी ने मयंक अग्रवाल (12) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये करुण नायर ने देवदत्त पड़िक्कल के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 33 ओवर के बाद बारिश होने के कारण आगे खेले नहीं हो पाया। उस समय तक कर्नाटक ने एक विकेट पर 187 रन बना लिये थे। देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 81) और करुण नायर (नाबाद 74) क्रीज पर मौजूद थे। देवदत्त पड़िक्कल और करुण नायर ने अपनी-अपनी पारियों में 11-11 चौके लगाये। बारिश के कारण कर्नाटक को मुम्बई पर वीजेडी पद्धित से 54 रनों से जीत मिली।

आज यहां इससे पहले शम्स मुलानी (86) और कप्तान सिद्धेश लाड (38) की जूझारू पारियों के दम पर मुम्बई ने कर्नाटक को जीत के लिए 255 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 60 के स्कोर तक नियमित अंतराल पर चार विकेट गंवा दिये। इशान मुलचंदानी (20), मुशीर खान (नौ) को विद्याधर पाटिल ने आउट किया। अंगकृष रघुवंशी (27) और हार्दिक तामोरे (एक) रन बनाकर आउट हुये।

इसके बाद कप्तान सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 76 रन जोड़े। 34वें ओवर में अभिलाष शेट्टी ने सिद्धेश लाड को आउटकर मुम्बई को पांचवां झटका दिया। सिद्धेश लाड ने 58 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 38 रन बनाये। इसके बाद सूर्यांश शेडगे (16) और तनुष कोटियान (छह) जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गये। अखिरी ओवर में अभिलाष शेट्टी ने शम्स मुलानी को पगबाधा आउट कर दिया। शम्स मुलानी ने 91 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 86 रनों की पारी खेली।

## नवीं मुंबई चुनाव के कारण बिना दर्शकों के होगा डब्ल्यूपीएल मैच

नवीं मुम्बई 12 जनवरी। नवी मुंबई में नगर निगम के चुनाव के कारण गुरुवार को होने वाला वूमेंस प्रीमियर लीग 2026 का कम से कम एक मैच बिना दर्शकों के खेला जायेगा। मुंबई पुलिस ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया है कि चुनाव और डब्ल्यूपीएल के मैच एक ही दिन होने के कारण, वे उस दिन मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि चुनाव से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी (14 और 16 जनवरी) बिना दर्शकों के मैच होगा। आधिकारिक डब्ल्यूपीएल ऑनलाइन टिकट प्लेटफॉर्म पर 14, 15 और 16 जनवरी के मैचों की टिकट की बिक्री नहीं हो रही है।



## मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के कार्यकारिणी गठन के चुनाव सम्पन्न

जयपुर, 12 जनवरी। मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के कार्यकारिणी गठन के चुनाव सम्पन्न हुये । चुनाव द माय विलेज गार्डन, विधानसभा नगर मानसरोवर जयपुर में चुनाव अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने सम्पन्न करवाये। चुनाव में ''मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया'' बैंगलौर के सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी बी. एन. पाठक पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान'' की निर्वाचित कार्यकारिणी निम्न प्रकार है- डॉ. जी.एल शर्मा, श्रीमती जगदीश कौर, अभिषेक स्वामी गोपाल लाल चौधरी, सीताराम शेरावत, श्रीमती लक्ष्मी स्वामी, अधिप, जगदीश नारायण शर्मा, गिरीश सैनी, दिनेश, राजेश कुमार, सदस्य, अशोक धाकड़, सदस्य, नवनीत माथुर, सदस्य, गोविन्द नारायण गुर्जर, रामफूल मीणा।

## एलेक्जेंड्रोवा एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में हारी

कैनबरा, 12 जनवरी। विश्व की 11 नंबर टेनिस खिलाड़ी रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा सोमवार को जैकलिन क्रिस्टियन से हार के बाद एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में बाहर हो गईं, जबकि 14वें नंबर की क्लारा टौसन ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले चोट के कारण अपने मैच से रिटायर हो गईं।

चौथी सीड एलेक्जेंड्रोवा को रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन ने एक घंटे 50 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया। रोमानिया की क्रिस्टियन ने पूरे मैच के दौरान रूस की एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पांच बार तोड़ी। मैच के बाद कोर्ट पर क्रिस्टियन कहा, मैं अपने लेवल से बहुत खुश हूं। मुझे खुद पर पूरा भरोसा था, मैं लय में थी, इसलिए मैं यहां आई और खुद पर ध्यान केंद्रित किया। क्रिस्टियन, जो क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जीतकर एडिलेड में मुख्य एकल ड्रॉ में पहुंची हैं।

## सौराष्ट्र वीजेडी पद्धति से उत्तर प्रदेश को 17 रनों से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

बेंगलुरु, 12 जनवरी। सौराष्ट्र ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के वर्षा प्रभावित दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को वीजेडी पद्धित से 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कप्तान हार्विक देसाई (नाबाद 100) प्रेरक मांकड़ (67) और चिराग जानी (नाबाद 40) शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी।

311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ही ओवर में विश्वराज जडेजा (नौ) का विकेट गंवा दिया। उन्हें करन चौधरी ने आउट किया। इसके बाद प्रेरक मांकड़ ने हार्विक देसाई के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। 27वें ओवर में प्रशांत वीर ने प्रेरक मांकड़ को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। प्रेरक मांकड़ ने 66 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 67 रन बनाये। समर गज्जर 14 रन बनाकर तीसरे विकेट के रुप में आउट हुये। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बना लिये थे। हार्विक देसाई 116 गेंदों में 100 रन बनाकर और चिराग जानी 31 गेंदों में 40 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। हार्विक देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाये। चिराग जानी ने भी दो चौके और दो छक्के उड़ाये।

इससे हपले समीर रिजवी (नाबाद 88) और अभिषेक गोस्वामी (88) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को जीत के लिए 311 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश ने शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिये। आर्यन जुयाल (शून्य) और ऋतुराज शर्मा (12) को चेतन साकरिया ने अपना शिकार बनाया। प्रियम गर्ग ने 39 गेंदों में 35 रन बनाये।

# इंडिया ओपन में भारतीयों पर रहेगी निगाहें

*नई दिल्ली, 12 जनवरी। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी चिराग शेट्टी व सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी का कहना है कि घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने का अहसास हमेशा खास होता है। इन सबके मुताबिक इस बार योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि अगस्त में इसी वेन्यू पर बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट, योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 का आयोजन 13 से 18 जनवरी 2026 तक होगा। यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए एक ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा। इस बार मुकाबले इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बड़े मल्टी-पर्पज़ हॉल में होंगे, जिससे दर्शकों को पहले की तुलना में कहीं बड़ा और बेहतर टूर्नामेंट देखने का अनुभव मिलेगा। हर साल की तरह इस संस्करण में भी दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें चीन के विश्व चैंपियन शी यू ची, महिला विश्व नंबर-1 आन से यंग और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स चैंपियन क्रिस्टो पोपोव शामिल हैं। अगले पांच दिनों में 20 देशों के कुल 256 खिलाड़ी एक्शन में होंगे, जिनमें चीनी ताइपे 36 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेज रहा है। प्री-इवेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमवार को पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने कहा, हर साल जनवरी की शुरुआत में दिल्ली में इंडिया ओपन खेलना हमेशा अच्छा लगता है। घरेलू मैदान पर खेलकर बहुत खुशी होती है। इससे बेहतर और क्या हो सकता है? प्रशंसक और फेडरेशन हमेशा हमारा पूरा समर्थन करते हैं। हम अपनी पूरी कोशिश करेंगे, 100 प्रतिशत देंगे और उम्मीद है कि यहां अच्छे नतीजे हासिल करेंगे। सात्विक और चिराग ने भी खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए स्टेडियम पहुंचने वाले प्रशंसकों की जमकर सराहना की और भरोसा जताया कि स्टेडियम की क्षमता बढ़ने से हर दिन दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिलेगी। चिराग शेट्टी ने कहा, यहां आकर बहुत खुशी हो रही है। हमने पहली बार 2017 में इंडिया ओपन खेला था और तब से यह टूर्नामेंट हर साल और बड़ा होता गया है। हमने कई टूर्नामेंट जीते हैं, लेकिन 2022 में इंडिया ओपन जीतने से हमें पूरे साल शानदार प्रदर्शन के लिए जबरदस्त आत्मविश्वास मिला। इस बार भी हम टूर्नामेंट में जितना आगे जा सकते हैं, उतना जाना चाहेंगे। उम्मीद है कि बड़ी संख्या में प्रशंसक हमें समर्थन देने आएंगे, क्योंकि स्टेडियम का माहौल हमें और बेहतर खेलने के लिए प्रेरित करता है। उनके जोड़ीदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने कहा, गुवाहाटी में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन बहुत सफल रहा था। हर साल यह टूर्नामेंट और बड़ा होता जा रहा है और इस बार हमें और बड़ा स्टेडियम मिला है। अगस्त में इसी वेन्यू पर विश्व चैंपियनशिप खेली जानी है। पिछले साल पहले दौर से ही स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और इस साल भी हमें पूरी उम्मीद है कि दर्शक बड़ी संख्या में आएंगे। यह देखकर खुशी होती है कि हर साल समर्थन बढ़ता जा रहा है। 9,50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट खिलाड़ियों को साल की शुरुआत में महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक अर्जित करने का अवसर देगा, जिससे वे अगस्त 2026 में इसी वेन्यू पर होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर सकें। इसके साथ ही खिलाड़ियों को यहां की परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने का भी मौका मिलेगा। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बाई) के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का एक अहम पड़ाव बन चुका है और खिलाड़ी हमेशा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने को उत्सुक रहते हैं। इस साल खिलाड़ियों के पास टूर्नामेंट में आगे तक जाने और नए वेन्यू की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का अतिरिक्त प्रोत्साहन है, क्योंकि यही वेन्यू बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा, जिसकी मेजबानी भारत 17 वर्षों बाद करने जा रहा है। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, जिन्होंने 2009 की बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप अपने गृहनगर हैदराबाद में दर्शक दीर्घा से देखी थी, अब अपने देश में विश्व चैंपियनशिप खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि इंडिया ओपन 2026 इसके लिए एक आदर्श तैयारी साबित होगा। सनराइज़ स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विक्रमादित्य धर ने कहा, योनेक्स-सनराइज भारत में जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक बैडमिंटन को बढ़ावा देने में हमेशा अग्रणी रहा है। पिछले एक दशक में इस खेल के विकास और विस्तार पर हमें गर्व है। योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन देश में बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने, खिलाड़ियों को प्रेरित करने और पूरे बैडमिंटन समुदाय को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाता है। हमें विश्वास है कि इस सप्ताह के प्रदर्शन कई बच्चों को बैडमिंटन अपनाने और भविष्य में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे। एचएसबीसी इंडिया में इंटरनेशनल वेल्थ एंड प्रीमियर बैंकिंग के प्रमुख संदीप बत्रा ने कहा, हमें बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के साथ लगातार आठवें वर्ष अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस खेल में भागीदारी और दर्शकों की सहभागिता अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच रही है। हमारा साझा लक्ष्य हर स्तर पर बैडमिंटन का विकास करना, आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करना और खेल को अधिक सुलभ बनाना है।*

## इंडिया ओपन में शत-प्रतिशत प्रदर्शन करूंगी : सिंधु

नई दिल्ली, 12 जनवरी। मलेशियन ओपन की सेमीफाइनलिस्ट पीवी सिंधु ने कहा है कि वह मंगलवार से होने वाले इंडिया ओपन में अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन देंगी। प्री-इवेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोमवार को पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने कहा, हर साल जनवरी की शुरुआत में दिल्ली में इंडिया ओपन खेलना हमेशा अच्छा लगता है। घरेलू मैदान पर खेलकर बहुत खुशी होती है। इससे बेहतर और क्या हो सकता है? प्रशंसक और फेडरेशन हमेशा हमारा पूरा समर्थन करते हैं। हम अपनी पूरी कोशिश करेंगे, 100 प्रतिशत देंगे और उम्मीद है कि यहां अच्छे नतीजे हासिल करेंगे। इंडिया ओपन 2026 का आयोजन 13 से 18 जनवरी 2026 तक होगा। इस बार मुकाबले इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बड़े मल्टी-पर्पज़ हॉल में होंगे, जिससे दर्शकों को पहले की तुलना में कहीं बड़ा और बेहतर टूर्नामेंट देखने का अनुभव मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, जिन्होंने 2009 की बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप अपने गृहनगर हैदराबाद में दर्शक दीर्घा से देखी थी, अब अपने देश में विश्व चैंपियनशिप खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि इंडिया ओपन 2026 इसके लिए एक आदर्श तैयारी साबित होगा।

## तन्वी शर्मा, एम. तरुण इंडिया ओपन के मेन ड्रॉ में प्रमोट हुए

नई दिल्ली, 12 जनवरी। वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, महिला डबल्स नेशनल चैंपियन अश्विनी भट के और शिखा गौतम और तरुण मन्नेपल्ली को टूर्नामेंट से ठीक पहले कुछ टॉप खिलाड़ियों के हटने के बाद योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के मेन ड्रॉ में प्रमोट किया गया। वर्ल्ड चैंपियन और पुरुष सिंगल्स वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी शी यू क्यूई रविवार को कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ मलेशिया ओपन 2026 के फाइनल में रिटायर होने के बाद टूर्नामेंट से हट गए। महिला सिंगल्स में, तीसरी सीड और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची, जो मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पीवी सिंधु के खिलाफ रिटायर हो गई थीं, वह भी टूर्नामेंट से हट गईं, जिससे तन्वी को इंडिया ओपन में डेब्यू करने का मौका मिला। तन्वी पहले राउंड में चीन की दूसरी सीड वांग झी यी का सामना करेंगी और अगर वह उलटफेर कर पाती हैं, तो 16 साल की यह खिलाड़ी दूसरे राउंड में पीवी सिंधु से भिड़ सकती हैं। तरुण के रिजर्व कैटेगरी से ऊपर आने का मतलब है कि पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड में दो ऑल-इंडिया मुकाबले होंगे। जहां लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी एक-दूसरे के खिलाफ होंगे, वहीं तरुण पहले राउंड में किदांबी श्रीकांत का सामना करेंगे। महिला डबल्स में, अश्विनी और शिखा पहले राउंड में फ्रांस की मार्गोट लैम्बर्ट और कैमिला पोग्नांटे का सामना करेंगी।

## 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता 19 जनवरी से

जयपुर , 12 जनवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19 जनवरी 2026 से किया जा रहा है। जिसमें जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा पंजीकृत सभी प्रमुख भाग लेंगी। पिछली विजेता टीम जयपुर ब्लूज़, उपविजेता अरावली क्रिकेट एकेडमी सेमिफाईनलिस्ट राजस्थान यूथ व एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी, चम्बल स्पोर्ट्स, नीरजा मोदी सहित जयपुर की ए व बी डिवीजन सहित सभी प्रमुख टीमें व एकेडमियां भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त राजस्थान के अन्य जिलों की टीम या क्लब भी पूर्व की तरह भाग लेंगे। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच 40-40 ओवर के खेले जायेंगे। इसमें विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरुस्कार तथा प्रत्येक मैच का मैन ऑफ दी मैच दिया जायेगा। इच्छुक टीमें अपनी प्रविष्टियां 16 जनवरी 2026 को या इससे पूर्व सचिव एस.एम. माथुर मो. 9829012955 या प्रतियोगिता सचिव सलीम खान मो. 9829244509 को दी जा सकती है।

## भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को दिया 296 रनों का लक्ष्य

बुलावायो, 12 जनवरी। अभिज्ञान कुंडु (82), कप्तान आयुष म्हात्रे (49), अमब्रिश (48) और कनिष्क चौहान (नाबाद 45) की जूझारू पारियों के दम पर भारत ने सोमवार को अंडर-19 विश्व कप अभ्यास मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 296 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां भारतीय अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (एक) का विकेट गंवा दिया। इसे बाद वेदांत त्रिवेदी (14), विहान मल्होत्रा (10) रन बनाकर आउट हुये। आयुष म्हात्रे ने 40 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 49 रनों की पारी खेली। एक समय भारत ने 79 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय अभिज्ञान कुंडु और अमब्रिश ने शानदार जूझारू बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए पांचवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े। 33वें ओवर में जेम्स मिंटो ने अमब्रिश को आउट किया। अमब्रिश ने 61 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 48 रन बनाये। हरवंश पंगालिया (19) और अभिज्ञान कुंडु भी मिंटो का शिकार बने। अभिज्ञान कुंडु ने 99 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 88 रनों की पारी खेली। मोहम्मद एनान (एक) का भी मिंटो ने शिकार किया। कनिष्क चौहान में 36 गेंदों में छह चौकों की मदद से नाबाद 45 रन बनाये। खिलन पटेल 11 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड अंडर-19 के लिए जेम्स मिंटो ने पांच विकेट लिये। सेबेस्तियन मॉर्गन को दो विकेट मिले। मैनी लुम्सडेन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मेरठ 1857 योद्धाज, यूपीकेएल सीजन 3 में उतरेंगे

नोएडा, 12 जनवरी। एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) में एक नई फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। नई टीम का नाम मेरठ 1857 योद्धाज रखा गया है, जो लीग के तीसरे संस्करण में प्रतिस्पर्धा करती नजर आएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और सीईओ गजेंद्र शर्मा, श्रीमती अनीता शर्मा तथा एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी की सीओओ सुश्री ऐश्वर्या भार्गव सहित यूपीकेएल सीजन 2 फिनाले के दौरान कई प्रमुख गणमान्य अतिथि और हितधारक मौजूदगी में टीम के लोगो का अनावरण हुआ। लोगो में मौजूद ढाल रक्षात्मक मजबूती और एकजुटता का प्रतीक है, जो एक मजबूत कबड्डी टीम की आधारशिला है, जबकि क्रॉस किए गए हथियार आक्रमण, रणनीति और रेड व डिफेंस के बीच संतुलन को दर्शाते हैं। केंद्र में स्थित ज्वाला निरंतर ऊर्जा, जुनून और अंतिम सीटी तक लड़ने की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। ये सभी तत्व मिलकर उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में रची-बसी, निडर और तेज़ रफ्तार कबड्डी की भावना को दर्शाते हैं। मेरठ 1857 योद्धाज फ्रेंचाइजी की नींव मेरठ के ऐतिहासिक 1857 के विद्रोह की प्रेरणा से रखी गई है। मेरठ केवल एक शहर नहीं, बल्कि साहस, नेतृत्व और प्रतिरोध का प्रतीक है। वीरता और संघर्ष की यही विरासत टीम की मूल पहचान है, जिसे आधुनिक, हाई-इंटेंसिटी कबड्डी के माध्यम से मैट पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है।

## श्रीलंका ने पाक को 14 रनों से हराया

दांबुला (श्रीलंका), 12 जनवरी। बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बाद वानिंदु हसरंगा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 14 रनों शिकस्त देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश के कारण रविवार को इस मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में श्रीलंका ने वानिंदु हसरंगा की 4-35 की शानदार गेंदबाज़ी की बदौलत 160 रन का अपना स्कोर सफलतापूर्वक बचा लिया। बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की पारी की कामिल मिशारा ने शानदार शुरुआत की, तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन दूसरे ओवर में वह आउट हो गए। तब तक पथुम निसांका दो गेंदों पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट चुके थे। कुसल मेंडिस (30), धनंजय डी सिल्वा (22) और चरित असलंका (21) सभी ने अच्छी शुरुआत की और आउट होने से पहले 20 रन का आंकड़ा पार किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने एक लाख पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया

## उन्होंने नवीन युवा नीति-2026 एवं राजस्थान रोजगार नीति-2026 जारी की

जयपुर, 12 जनवरी। सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि युवा शक्ति को नमन करने का दिवस है, जिसने हर युग में राष्ट्र की दिशा बदली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास में युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए पहली बार युवाओं को प्रदेश के बजट निर्माण में सहभागी बनाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं को गत सरकार के समय होने वाले पेपरलीक से मुक्ति दिलवाकर दोषियों को पकड़ा है। साथ ही, परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए 351 परीक्षाएं बिना किसी गड़बड़ी के पूरी करवाई हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं को सौगात देते हुए भर्ती परीक्षा कैलेण्डर 2026 जारी किया। इस कैलेण्डर में लगभग 1 लाख पदों पर भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं का प्रस्तावित शेड्यूल दिया गया है, जिसके अनुसार युवा परीक्षा की



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित किया।*

तैयारी कर सकेंगे। शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने राजस्थान युवा नीति-

> ■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए पहली बार युवाओं को प्रदेश के बजट निर्माण में सहभागी बनाने का काम किया गया है।

2026 भी जारी की। इस नीति के तहत शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए उभरते क्षेत्रों में अवसरों का विस्तार किया जाएगा।

शर्मा ने कार्यक्रम में राजस्थान रोजगार नीति-2026 भी जारी की। इस नीति के तहत रोजगार और उद्यमशीलता पर केन्द्रित बहुआयामी रणनीति के माध्यम से मार्च 2029 तक 15 लाख रोजगार के अवसरों को सुलभ बनाया जाएगा।

# संसद : 29 को आर्थिक सर्वेक्षण, 1 फरवरी को बजट

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो चरणों में दो अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कुल 30 बैठकें होंगी। राज्यसभा सचिवालय ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 जनवरी से संसद का बजट सत्र बुलाया है। सत्र के पहले दिन 28 फरवरी को मुर्मू संयुक्त सदन को संबोधित करेंगी, 29 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण लोकसभा में रखा जायेगा और रविवार, एक फरवरी को वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया जाएगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार, सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी चलेगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा की 13-13 बैठकें होंगी।

# जोर पकड़ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

योजना "शक्ति का केन्द्रीकरण करती है, लेकिन जिम्मेदारी राज्यों पर डाल देती है।" ड्रेज़ ने कहा, "नए कानून के तहत केन्द्र सरकार को यह तय करने का अधिकार मिल जाता है कि योजना कब और कहां लागू हो, फंडिंग की सीमा क्या रहे तथा वित्तीय जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर डाल दी जाये। इसके अलावा, यदि योजना बंद कर दी जाती है, तो काम न देना गैरकानूनी नहीं माना जायेगा।

# प्रधानमंत्री ने जर्मन चांसलर के साथ पतंग उड़ाई

अहमदाबाद, 12 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने सोमवार को गुजरात के साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 में साथ मिलकर पतंग उड़ाईं। यह नजारा भारत-जर्मनी के मजबूत होते रिश्तों का प्रतीक बन गया। फ्रेडरिक मर्ज़ प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है, जिसका उद्देश्य

> ■ मोदी और फ्रैडरिक मर्ज़ ने साबरमती रिवर फ्रंट पर अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लिया।

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

दोनों नेता सबसे पहले साबरमती आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों ने अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में हिस्सा लिया। पीएम मोदी और चांसलर मर्ज़ के पतंग उड़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से बातचीत की और भारत-जर्मनी की साझेदारी को लेकर सकारात्मक संकेत दिए।

# 'परीक्षा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अदालत को बताया कि एसआईटी की पहली रिपोर्ट के आधार पर एकलपीठ ने भर्ती रद्द करने के संबंध में आदेश दिया था, क्योंकि एसआईटी ने परीक्षा रद्द करने के टास्क के आधार पर ही अपनी रिपोर्ट दी थी। बाद में एसआईटी ने मामले में पुनर्विचार कर अपनी दूसरी रिपोर्ट दी, जिसमें माना गया कि दोषियों की छंटनी संभव होने के कारण पूरी भर्ती को रद्द नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट भी तय कर चुका है कि यदि परीक्षा में गड़बड़ी अधिक नहीं है तो परीक्षा को रद्द करना उचित नहीं है। इसके अलावा यह मामला व्यापक स्तर पर नकल का नहीं है। भर्ती में 421 अभ्यर्थियों का आरएएस भर्ती में भी चयन हुआ है। खंडपीठ को यह भी बताया गया कि पकड़े गए अभ्यर्थियों में से कई डमी अभ्यर्थी हैं। ऐसे में यह मामला न तो व्यापक स्तर पर नकल का बनता है और न ही पेपर लीक का। इसके अलावा तत्कालीन आयोग सदस्य बाबूलाल कटारा ने भी किसी गैंग को पेपर देने के बजाए, व्यक्तिगत स्तर पर ही पेपर दिया था। इसलिए एकलपीठ का आदेश रद्द किया जाए।

# एसआई भर्ती पेपर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर रिहा करना उचित है।

जमानत याचिकाओं में अधिवक्ता प्रिंस पाल सिंह व अन्य वकीलों ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं को मामले में फंसाया गया है। विनोद कुमार गत 28 अगस्त, कैलाश कुमार गत 19 सितंबर, परमेश चौधरी 23 सितंबर और मंगलाराम गत 27 सितंबर से जेल में बंद है। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने मामले में अनुसंधान पूरा कर अदालत में आरोप पत्र पेश कर दिया है। इसके अलावा सह आरोपियों को पूर्व में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जमानत दी जा चुकी है। याचिकाओं में कहा गया कि अभियोजन पक्ष ने कैलाश कुमार और परमेश चौधरी के खिलाफ पेपर खरीदने, मंगलाराम पर अपनी जगह अन्य को परीक्षा में बैठाने और विनोद पर पेपर खरीदने व बेचने के आरोप लगाए हैं, लेकिन अभियोजन पक्ष के पास इस संबंध में कोई भी कड़ीबद्ध साक्ष्य नहीं है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जमानत का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी विनोद लंबे समय से फरार रहा है। वहीं कैलाश व मंगलराम ने पेपर खरीदे हैं। इसलिए उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज किया जाए। मामले की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# 'प्र.मंत्री मोदी व ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सबसे बड़े लोकतंत्र के बीच का मेल है। पिछली बार डिनर के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत की अपनी पिछली यात्रा और भारत के महान प्रधानमंत्री के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया। मुझे उम्मीद है कि राष्ट्रपति जल्द ही, शायद अगले एक-दो साल में, भारत आएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप को सुबह दो बजे फोन करने की आदत है और नई दिल्ली के समय अंतर को देखते हुए यह ठीक भी बैठ सकता है।"

गोर ने भारत के साथ रणनीतिक रिश्तों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि उनका इरादा एक महत्वाकांक्षी एजेंडा को आगे बढ़ाने का है।

उन्होंने कहा, "भारत से ज्यादा जरूरी कोई और पार्टनर नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में, एक राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक बहुत महत्वाकांक्षी एजेंडा को आगे बढ़ाना है। हम इसे सच्चे रणनीतिक साझेदार के रूप में करेंगे, जहां दोनों देश मेज पर अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व लेकर आएंगे।" भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत को लेकर गोर ने माना कि यह एक मुश्किल काम है, लेकिन वे इसे अंतिम रूप देने के लिए पूरी तरह दृढ़ हैं।

गोर ने यह भी घोषणा की कि भारत पैक्स सिलिका गठबंधन का सदस्य होगा। उन्होंने कहा, "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अगले महीने भारत को इस समूह में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने का न्योता दिया जाएगा।"

पैक्स सिलिका गठबंधन अमेरिका के नेतृत्व में शुरू की गई एक रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित, मजबूत और इनोवेशन पर आधारित सिलिकॉन सप्लाई चेन बनाना है।

# ट्रंप बने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अपहरण किया गया है। चीन, रूस, कोलंबिया और यहां तक कि स्पेन ने भी अमेरिकी कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया है।

ऑपरेशन के कुछ ही घंटों बाद, ट्रंप ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं और नियंत्रित बदलाव की जरूरत के चलते अमेरिका अस्थाई रुप वेनेज़ुएला को "चलाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि इस अंतरिम अवधि में अमेरिका वेनेज़ुएला के तेल की निगरानी करेगा और उसे वैश्विक बाजारों में बेचेगा।

वेनेज़ुएला के भीतर, मादुरो की दूसरे नम्बर की अधिकारी डेल्सी रोड्रिगेज़ ने अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। रोड्रिगेज़ ने अमेरिका के अधिकार के दावों को खारिज किया, मादुरो की रिहाई की मांग की और उन्हें देश का असली नेता बताया।

# ममता बनर्जी गिरफ्तार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वालों की गिरफ्तारी का प्रावधान है। राज्य की मुख्यमंत्री न केवल आई-पैक के कार्यालय और प्रतीक जैन के आवास में दाखिल हुईं, बल्कि उन्होंने कैमरे के सामने वह सामग्री भी दिखाईं, जिसे वे वहां से ले गई थीं। कानून के अनुसार, कोई भी व्यक्ति छापेमारी वाले स्थल में प्रवेश तक नहीं कर सकता, सामग्री ले जाना तो दूर की बात है। राज्य पुलिस अधिकारियों ने भी छापेमारी वाले परिसरों में प्रवेश किया और ईडी अधिकारियों द्वारा सामग्री जब्त किए जाने की प्रक्रिया में बाधा डाली, जबकि ईडी ने उन्हें तलाशी और जब्ती के वारंट तथा अपनी पहचान दिखा दी थी। इसके अलावा, सत्तारूढ़ दल के कथित गुंडों ने ईडी अधिकारियों और उनके वकीलों को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस कक्ष में प्रवेश नहीं करने दिया, जहां ईडी ने राज्य सरकार के अधिकारियों और मुख्यमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से राहत की मांग की और मुख्यमंत्री के खिलाफ मामले दायर किए। हालांकि, ईडी की ओर से मुख्यमंत्री के खिलाफ इन शिकायतों के बावजूद कुछ राजनीतिक हलकों का कहना है कि केन्द्रीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री के प्रति नरम रुख अपनाया और उन्हें छापेमारी वाले परिसरों में प्रवेश करने तथा महत्वपूर्ण सबूत अपने साथ ले जाने की अनुमति दी।

# मुख्यमंत्री ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का प्रतीक है। शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आ ान किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ कर्मशील होने तथा जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लें, ताकि देश और प्रदेश उन्नति के नए शिखर को छू सके।

# पूर्व उपराष्ट्रपति ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कार्यक्रमों के दौरान धनखड़ कई बार बेहोश हो चुके हैं, जिनमें कच्छ का रण, उत्तराखंड, केरल और राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कार्यक्रम शामिल हैं। धनखड़ या उनके परिवार की ओर से उनकी वर्तमान स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।

# 'जीवनपर्यंत मुख्य ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

से मिलकर बनी एक उच्च स्तरीय समिति के जरिए होनी चाहिए। यह समिति राष्ट्रपति को नाम सुझाएगी और राष्ट्रपति उन नियुक्तियों की मंजूरी देंगे। अदालत ने यह भी कहा था कि संसद जब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर कानून नहीं बनाती, तब तक यह अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।

21 दिसंबर 2023 को केन्द्र सरकार ने सीईसी और ईसी की नियुक्ति प्रक्रिया, सेवा शर्तों और कार्यकाल से जुड़ा नया कानून बनाया। इस कानून में तीन सदस्यीय चयन समिति बनाई गई, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। गौरतलब है कि इसमें मुख्य

> ■ पर इस नई व्यवस्था का भारी विरोध किया था विपक्ष ने और सरकार की नीयत पर कई आरोप लगाये थे।

न्यायाधीश को समिति से हटा दिया गया, जिस पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। विपक्षी दलों का कहना है कि यह नया कानून सुप्रीम कोर्ट के 2023 के उस फैसले को कमज़ोर करता है, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और नेता प्रतिपक्ष वाली समिति के आदेश दिए गए थे।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908